सुप्रभात
रांची, रविवार
27.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावश्या, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 282



12 रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक बने अनंत

### आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' से जुड़े झारखंड के तार

# एटीएस ने छापामारी कर धनबाद से चार को दबोचा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। आतंकियों के जारी स्केच से मिलते-जुलते दो लोगों को शुक्रवार की देर रात पटना में देखा गया। इस बीच एटीएस की जांच अब धनबाद और कोडरमा तक भी पहुंच गयी है। कोडरमा से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। एटीएस ने शनिवार को धनबाद के बासेपुर से एक बड़े आतंकी संगठन के झारखंड विंग का खुलासा करते हुए एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस का कहना है कि ये चारों प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआइएस) और आइएसआइएस जैसे अन्य कई आतंकी संगठनों से जुड़े हुए थे। इस बारे में एक प्रेस विज्ञप्ति में एटीएस ने बताया कि आंतंकी संगठनों से जुड़े ये चारों आरोपी अवैध हथियारों के कारोबार और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल थे।

**युवाओं को करता है गुमराह :** झारखंड एटीएस ने जानकारी में बताया कि कूटना मिली थी कि एचयूटी, अलकायदा ,आईएसआईएस और कुछ अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े कुछ व्यक्ति युवकों को अपने नेटवर्क से जोड़ता है। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के उन्हें गुमराह कर रहा हैं। साथ ही साथ धार्मिक कप्तरता को बढ़ावा देते हुए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन कर रहा है। यह बात भी प्रकाश में आयी कि इन संगठनों से जुड़े व्यक्ति अवैध आर्म्स के व्यापार के साथ साथ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन में लगा है।

**जिन्हें दबोचा गया :** गुलफाम हसन (21) अलीनगर, बैंकमोड़ थाना, धनबाद। आयान जावेद, (21) अमन सोसाईटी भूली ओपी धनबाद। मो० शहजाद आलम (20) अमन सोसाईटी भूली बाईपास, धनबाद। शबनम परवीन, (20) पति-आयान जावेद, धनबाद। (शेष पेज 11 पर)

#### प्रतिबंध के बाद पहला मामला

प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा किया गया है। झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले में छापेमारी कर इस मॉड्यूल का खुलासा किया है। एटीएस ने बताया गया है कि एचयूटी को यूएपीए अधिनियम-1967 के तहत 2024 में केंद्र भारत सरकार ने प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित होने के बाद यह देश का पहला मामला सामने आया।

#### हथियार व डिजिटल एविडेंस मिले

गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों के पास से दो पिस्टल, 12 कारतूस, कई इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, लेपटॉप के साथ साथ भारी मात्रा में प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित दस्तावेज और पुस्तक मिले हैं। इस संबंध में एटीएस, रांची में आपराधिक कांड दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

## न्यूज डायरी

#### प्रचंड गर्मी में बिजली कटने से लोग बेहाल

**रांची।** राजधानी में प्रचंड गर्मी में बिजली कटने से शनिवार को दिनभर लोग बेहाल नजर आये। वही शहर के विभिन्न इलाकों में सुबह से ही बिजली की आंखमिचौली जारी रही। बिजली विभाग ने नामकुम स्थित सब स्टेशन की मरम्मत के चलते सुबह आठ से सुबह 11 बजे तक बिजली कटे जानी की सूचना दी थी। इससे इस सब स्टेशन के दायरे में आनेवाले मेन रोड, कोकर के शहरी और ग्रामीण, नामकुम, खेलगांव, टाटीसिलवे सहित अन्य इलाकों में बिजली कटी रही। बावजूद इसके इन इलाकों में 11 बजे तक बिजली की आपूर्ति नही की गयी।

#### ईरान के बंदरगाह में भीषण विस्फोट

**तेहरान (ईरान)।** दक्षिणी ईरान के एक बंदरगाह में शनिवार को आग लगने और भीषण विस्फोट होने से कम से कम 516 लोग घायल हो गये। हादसे में कई लोगों की मौत की भी खबर है। सरकारी टेलीविजन के अनसार यह विस्फोट राजई बंदरगाह पर हुआ, जो कि इस्लामिक गणराज्य के लिए कंटेनर शिपमेंट की एक प्रमुख सुविधा है। अधिकारियों ने अभी तक विस्फोट का कोई कारण नहीं बताया है।

#### लाहौर हवाई अड्डे में भीषण आग, अफरा-तफरी मची

**लाहौर।** पाकिस्तान में लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी और सभी उड़ानें रद्द कर दी गयी। घटना में किसी के हताहत या घायल होने की रिपोर्टें नहीं है। आग लगने से हवाई अड्डे पर मौजूद नागरिकों में अफरा-तफरी मच गयी, जिसके कारण निकासी और अन्य कर्मचारियों के संचालन में बाधा उत्पन्न हुई। आग लगने का कारणों का अभी पता नहीं चला है।

#### पाक की फायरिंग का मिला तगड़ा जवाब

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कठोर निर्णयों से बौखलाये पाकिस्तान की सेना ने शुक्रवार पूरी रात कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर फायरिंग की। भारतीय सेना ने इसका जोरदार जवाब दिया। फायरिंग के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

#### झुका पाकिस्तान निष्पक्ष जांच को तैयार

कराची। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल मुनीर ने पहलगाम में हमले से कुछ दिन पहले ही एक बेहद भड़काऊ भाषण दिया था। भारत का कहना है कि मनीर के बयान से ही पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या हुई। वही शनिवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले की किसी भी 'तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय' जांच में भाग लेने के लिए तैयार है। सेनाध्यक्ष की भी किसी भूमिका की वह जांच कराने को तैयार हैं।

## स्वीडन में हेमंत ने वोल्वो ट्रक प्लांट का दौरा किया

### झारखंड में निर्माण इकाई स्थापित करने पर चर्चा

**खबर मन्त्र टीम**



रांची। अपने विदेश दौरे के क्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को स्वीडन के दूसरे प्रमुख शहर गोथेनबर्ग में वोल्वो ट्रक प्लांट का दौरा किया और प्लांट के अधिकारियों से बातचीत की। उनके साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी था। प्लांट अधिकारियों के साथ सीएम हेमंत ने झारखंड में वोल्वो द्वारा ट्रक निर्माण इकाई स्थापित करने की संभावना पर चर्चा की। खनन कार्यों के लिए ट्रकों और डंपरों में राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने वोल्वो ट्रक एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया। सेंटर में फर्म ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पैसेंजर और रोड सेफ्टी और अन्य उत्पादों जैसे मिरर-लेस कैमरा इनेबल्ड ट्रक कैब, ट्रकों के लिए 3-पॉइंट सस्पेंशन आदि में अपने नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित किया। मुख्यमंत्री ने प्लांट में किये जा रहे अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास की सराहना की और वोल्वो के इलेक्ट्रिक ट्रकों को चलाने वाले 440 किलोवाट के मोटर्स की स्थायित्व और मजबूती के बारे में जानकारी ली।

गोथनबर्ग स्वीडन का प्रथम बंदरगाह तथा दूसरा प्रधान नगर है। वोल्वो, जादुई द्वीपसमूह द्वीपों और विश्व स्तरीय समुद्री भोजन के लिए प्रसिद्ध, गोथेनबर्ग नॉर्डिक्स में सबसे बड़ी गैर-राजधानी है और स्वीडन के खूबसूरत पश्चिमी तट पर स्थित है। यह शहर चट्टानी तटरेखा, गहरे जंगलों, शांत झीलों और पश्चिम में बढ़ते समुद्र से घिरा हुआ है। यहां पानी का जहाज बनाने का बहुत बड़ा केंद्र है। सूती मिलें, रसायनक कागज, चमड़े, शराब तथा लकड़ी के बहुत से कारखाने हैं। (शेष पेज 11 पर)

### पहलगाम में पाकिस्तान का सीधा हाथ, भारत ने दिये पक्के सबूत

# सैन्य अभियान के लाइव मीडिया कवरेज पर रोक

#### कुछ बड़ा करने की आशंका से पाक के हाथ-पांव फूले

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में गम और गुस्सा का माहौल है। भारत सरकार ताबड़तोड़ कार्रवाई भी कर रही है। इस बीच सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मीडिया चैनलों के लिए सरकार ने एडवाइजरी जारी कर दी है, जिसमें सैन्य अभियान के लाइव कवरेज पर रोक लगा दी गयी है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इससे इस बात को बल मिलता है कि भारत शीघ्र ही कुछ बड़ा करने जा रहा है। इससे पाकिस्तानी हुक्मरानों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत ने इस बत के ठोस सबूत जुटा लिये हैं कि पर्यटकों पर हमले के पीछे पाकिस्तान का सीधा हाथ है। भारत ने पाकिस्तान की भूमिका को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरा विश्व खड़ा साथ खड़ा है। सुंक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है।

**मीडिया चैनलों के लिए एडवाइजरी जारी :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय शनिवार को सभी मीडिया चैनलों, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सावधानी बरतने और मौजूदा कानूनों तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है। एडवाइजरी में साफ कहा गया है कि रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार की रियल टाइम कवरेज, दृश्य प्रसारण या स्रोत आधारित जानकारी का प्रसारण नहीं किया जाना चाहिए। समय से पहले संवेदनशील जानकारी का खुलासा करने से शत्रुतापूर्ण तत्वों को लाभ मिल सकता है और हमारे सुरक्षा बलों की कार्यकुशलता तथा उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

मंत्रालय ने अतीत के उदाहरण भी याद दिलाये हैं। करगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमला और कंधार अपहरण की घटनाएं, जहां अनियंत्रित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था। इसलिए मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और आम नागरिकों से यह अपेक्षा की गयी है कि वे न केवल कानूनी दायित्वों का पालन करें बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति नैतिक जिम्मेदारी भी निभाएं।



साभार

#### 175 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों के द्वारा अनंतनाग जिले में व्यापक तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है. इसमें जम्मू कश्मीर पुलिस के अलावा सेना, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बल शामिल हैं। वहीं 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही कुपवाड़ा ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया है।

मीडिया को केवल सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी की समय-समय पर ब्रीफिंग तक सीमित रहना होगा। (शेष पेज 11 पर)

#### झारखंड में दस पाकिस्तानी भारत छोड़ने के आदेश से खलबली

**रांची।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने वीजा लेकर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को अब भारत छोड़ने का सख्त निर्देश जारी किया है। झारखंड में भी पाकिस्तान के 10 नागरिक अभी रहे हैं, केंद्र के आदेश के बाद उनमें हलचल मची हुई है। इनमें तीन नाबालिग हैं। ऐसे में कौन-कौन और कब झारखंड छोड़कर पाकिस्तान जायेगा इस पर फैसला लिया जा रहा है। झारखंड के अलग-अलग शहरों से ये 10 पाकिस्तानी नागरिक निवास कर रहे हैं। उनमें रांची के डोरंडा में तीन, हिंदपीढ़ी में एक, जमशेदपुर के मानगो व धातकीडीह में तीन तथा अन्य धनबाद व हजारीबाग में हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सात पाकिस्तानी नागरिकों को लॉन्ग टर्म वीजा प्राप्त है। वहीं तीन पाकिस्तानी नागरिक नाबालिक बच्चे हैं। तीनों फिलहाल वीजा पर अपने ननिहाल में रह रहे हैं।

**तीन बच्चों पर मामला लटका :** तीनों बच्चे हाल में ही कराची से रांची आये हैं। अभी भारत और पाक के बीच चल रही तनातनी के बीच भारत में रह रहीं तीनों बच्चों की मां को फिलहाल पाकिस्तान जाने का वीजा नहीं मिलेगा।

## नववधु समेत तीन की सड़क हादसे में मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौके पर ही तीन महिलाओं की मौत हो गयी। दो बच्चों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा राजपुर थाना अंतर्गत गंधरिया गांव के पास हुई। सभी भद्रकाली मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे। उनका स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। हादसे के शिकार लोगों की पहचान लावालौंग थाना क्षेत्र के रखेद गांव के रहने वालों के रूप में हुई है। मृतकों और घायलों में एक ही परिवार के लोग शामिल हैं। हादसे का कारण चालक को नींद आना बताया जा रहा है। गाड़ी चला रहे चालक ओडिशा पुलिस में होमगार्ड जवान हैं। हादसे में उनकी पत्नी की मौत हो गयी है। जवान की शादी चार दिन पहले ही हुई थी। ससुराल वालों के साथ वह भद्रकाली मंदिर दर्शन को गये थे। घायलों में सभी की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। ओडिशा के राउरकेला क्षेत्र का रहने वाले यह जवान अब इस हादसे के बाद सदमे में हैं। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कॉर्पियो की रफ्तार तेज थी. संभावना जताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर टकराई होगी।

SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E (10+2), New Delhi

ADMISSION OPEN FOR STD. XI
Session: 2025-2026


We believe in quality not in quantity

| Science | Commerce | Humanities |
|---|---|---|
| English, Physics, Chemistry, Maths /Bio (any one) IP/PHE/ Economics (any one) | English, Accountancy, Business Studies, Economics/ Entrepreneurship (any one) IP/PHE/ Applied Maths (any one) | English, History, Sociology, Pol. Science, IP/PHE/Economics (any one) |

Additional Subject - PHE/Painting (any one) in all the Stream

- 2nd State Topper CBSE SSE
- The highlight of SSE & AISSE results: 100% First Classes.
- Students Qualified in Mathematics (IOQM 2024) and Qualified for RMO
- Affordable Fee Structure
- Early Dispersal
- Age appropriate, NEP alligned curriculum

Alumni of Sharda Global School are currently studying in IIT Roorki, BITS Pilani Hyderabad, Medical Science RIMS Ranchi, Indian Maritime University. Many more got into different Prestigious Colleges and Universities all over India.

Provisional Admission will be done on the basis of Pre-Board Result

Admission will be confirmed once Board Results are declared.

Add: Bukru, Kanke, Ranchi | Website: shardaglobalschool.com
Contact: 7542983222, 9771435100| E-mail:shardaglobalschool@gmail.com

### 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे गये नियुक्ति पत्र

# आपके हाथों में देश का भविष्य : मोदी

**एजेंसी**





**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने 'रोजगार मेला' के तहत शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए युवा शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। अपना दायित्व सही से निभायें------अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं ने आज से अपने दायित्वों की शुरूआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्कर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है।

**सरकार आपके साथ :** भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें। आज का यह समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। आईएमएफ ने हाल ही में कहा है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्करिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रोडक्ट बनाने का मौका देना। इससे न केवल देश की लाखों एमएसएमई को, हमारे लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। (शेष पेज 11 पर)

**आरोप : झारखंड में विकराल रूप ले रहा विदेशी घुसपैठ**

# कांग्रेस-झामुमो ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि विदेशी घुसपैठ की समस्या झारखंड में विकराल रूप लेती जा रही है। बांग्लादेशी घुसपैठिए संथाल परगना से बाहर अब कोल्हान में भी तेजी से बसते जा रहे हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित गांव में जहां कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता, वहां 3 हजार मुस्लिम बच्चों का आधार कार्ड बन जाना झारखंड की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। मस्जिद मदरसों में घुसपैठिए को शरण देकर उनका अवैध दस्तावेज तैयार किए जाने की सूचना कई बार सामने आ चुकी है, इसके बावजूद हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच रुकवाने सुप्रीम कोर्ट तक चली जाती है। वोट बैंक और सत्ता के लालच में झामुमो कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। भाजपा झारखंड की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ अपनी निर्णायक लड़ाई जारी रखेगी, ताकि मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे हालातों से झारखंड को बचाया जा सके।

## राज्य के पावर प्लांट को बंद करने की कोशिश कर रहा झामुमो : बाबूलाल

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि वर्तमान समय में उद्योग, व्यापार और कारखाने पूरी तरह से बिजली पर निर्भर हैं। लेकिन झारखंड में सरकार की विफल नीतियों और राजनीतिक स्वार्थों के कारण उपभोक्ताओं को आवश्यक बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। राज्य में जो बिजली उत्पादन संयन्त्र स्थापित हैं, उसे भी झामुमो-कांग्रेस बंद कराने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री निवेश के नाम पर विदेश यात्राएं कर रहे हैं, जबकि प्रदेश की बिजली व्यवस्था इतनी चरमरा गई है कि विदेशी निवेशकों का आना तो दूर की बात है, यहां काम कर रहे स्थानीय उद्यमी भी जल्द पलायन करने को विवश हो सकते हैं।

**झामुमो ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला**

# देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है भाजपा,बताये : विनोद कुमार पांडेय

- झारखंड में घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा द्वारा मचाए जा रहे शोर को पांडेय ने चुनावी प्रोपेगेंडा करार दिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के आरोपों का पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को किस दिशा में ले जाना चाहती है। पांडेय ने भाजपा पर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की जनता अब समझने लगी है कि भाजपा किस प्रकार चुनावी लाभ के लिए समाज में विभाजन करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार और बंगाल में आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा एक बार फिर अपनी घृणित साम्प्रदायिक राजनीति को हवा देने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता ने झारखंड में हाल ही में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि साम्प्रदायिकता की राजनीति का कोई स्थान नहीं है।

झारखंड में घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा द्वारा मचाए जा रहे शोर को पांडेय ने चुनावी प्रोपेगेंडा करार दिया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में भाजपा की सरकार पिछले दस-ग्यारह वर्षों से है, तो अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। इसके बावजूद अगर घुसपैठ की घटनाएं हो रही हैं, तो इसका जवाब केंद्रीय गृह मंत्रालय को देना चाहिए।

पांडेय ने पहलगाम आतंकी हमला का हवाला देते हुए कहा कि सुरक्षा में हुई चूक की जिम्मेदारी तय करने के बजाय भाजपा धर्म की आड़ लेकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस प्रपंच को समझें और संविधान की मूल भावना को बनाए रखने के लिए एकजुट रहें।

## आइएएस अमित कुमार जनजातीय कार्य मंत्री के निजी सचिव बने

- केंद्र ने राज्य को भेजा पत्र, अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर नया कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश देने को कहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड कैडर के 2010 बैच के आईएएस अमित कुमार को जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में झारखंड सरकार को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि अमित कुमार को जनजातीय कार्य मंत्री के निजी सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को पांच वर्ष की अवधि के लिए या सह-अवधि के आधार पर, अथवा अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) स्वीकृति प्रदान की गयी है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया जाए और उन्हें नया कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया जाये।

# प्रधानमंत्री युवा 3.0 योजना में देश के युवा दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

### चयनित लेखकों को छह माह तक हर महीने मिलेंगे 50 हजार रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रधानमंत्री युवा 3.0 योजना शुरू की है। इसमें 30 वर्ष तक के युवा लेखकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। इस योजना के तहत, चयनित लेखकों को प्रति माह 50,000 रुपये की छात्रवृत्ति छह महीने तक प्रदान की जाएगी।

**योजना की मुख्य बातें**

इस योजना के तहत तीन विषयों पर लिखने की आजादी है। इनमें राज्य निर्माण में प्रवासी भारतीयों का योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निमार्ता (1950-2025)। लेख की अधिकतम सीमा 10,000 शब्द है। साथ में 200 शब्दों का सारांश हिंदी या अंग्रेजी में देना होगा।

**योजना के फैक्ट फाइल**

22 आधिकारिक भारतीय भाषाएं और अंग्रेजी
चयनित लेखकों की संख्या : 50
कितनी मिलेगी राशि : 6 महीने तक हर माह 50,000 रुपये की छात्रवृत्ति
पुस्तक प्रकाशन और जीवन भर किताब की बिक्री पर 10% रॉयल्टी
क्या है आवेदन की प्रक्रिया
आवेदन की अंतिम तिथि : 10 जून 2025
प्रविष्टियों का मूल्यांकन : 11 जून से 10 जुलाई 2025 तक
राष्ट्रीय जूरी की बैठक : 21 से 25 जुलाई 2025
परिणाम घोषित : 31 जुलाई 2025
पुस्तक का प्रकाशन : 31 मई 2026 तक

## राज्य सेवा के एक अधिकारी को निंदन की सजा, दूसरा दोषमुक्त

- राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आरके राम को मिली निंदन की सजा जबकि शिवाजी भगतो को किया गया दोषमुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने राप्रसे के दो अधिकारियों में एक को निंदन की सजा दी है। वहीं, दूसरे अफसर को आरोप मुक्त कर दिया है। खलारी के पूर्व सीओ रवि किशोर राम को निंदन की सजा दी गई है। उन पर आरोप था कि उन्होंने बुकबुका ग्राम में 1.59 एकड़ जमीन का फर्जी तरीके से बलदेव महतो के नाम रसीद काटने में मदद की थी। जांच में पाया गया कि यह जमीन बिहार सरकार के नाम दर्ज है और राम ने 1990 से 2020 तक का लगान रसीद काटने में मदद की थी।

वहीं, ठेठईटांगर सिमडेगा के पूर्व बीडीओ शिवाजी भगत को दोष मुक्त करार दिया गया है। उन पर आरोप था कि उन्होंने बिना प्रभार सौंपे और बिना अनुमति के प्रखंड मुख्यालय से बाहर रहे और रोकड़ पंजी का अद्यतन संधारण नहीं किया। हालांकि, विभागीय कार्यवाही में उनके जवाबों से संतुष्ट होते हुए आरोप मुक्त करने की अनुशंसा की गई थी।

**झारखंड में बढ़ी बादलों की आवाजाही, गर्मी से मिलेगी निजात**

# अगले चार दिनों तक राज्यभर में वज्रपात और ओलावृष्टि का अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गर्मी से बेहाल झारखंड वासियों के लिए अच्छी खबर है। अगले कुछ दिनों तक बादलों की आवाजाही गर्मी से राहत दिलाएगी। हालांकि, इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ-साथ ओलावृष्टि का खतरा बना रहेगा। कहीं-कहीं तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी होगी।

मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की वजह से मौसम में बदलाव आएगा। लिहाजा, 30 अप्रैल तक झारखंड वासियों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। वहीं 27 अप्रैल से पूरे झारखंड के मौसम में बदलाव की संभावना है। सबसे खास बात है कि अगले चार दिनों में पारा में 3 से 5 डिग्री की कमी आने की संभावना है।

**अगले चार दिनों तक येलो और ऑरेंज अलर्ट** : मौसम केंद्र, रांची ने अगले चार दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। 27 और 28 अप्रैल को ओलावृष्टि और तेज हवा की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 29 अप्रैल और 30 अप्रैल के लिए येलो अलर्ट रहेगा। साथ ही चेतावनी जारी की गयी है कि मेघगर्जन के वक्त पेड़ के नीचे नहीं रुकना है। किसानों को भी खेत में काम करते वक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

इधर कुछ दिनों से राज्यभर में लू चल रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बिजली की आंख मिचौनी से परेशान लोग गर्मी की मार झेलने के लिए विवश हैं। राजधानी रांची में नामकुम, मोरहाबादी, कोकर, रातू रोड, हरमू, डोरंडा समेत कई इलाकों में बिजली कटती रही। शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 38.6, जमशेदपुर का 42.5, डाल्टेनगंज का 44.1, बोकारो का 38.5 और चाईबासा का 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कई जिलों का पारा 40 डिग्री पार पहुंचा

इधर, मौसम में बदलाव की संभावना के बीच पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा गर्मी डाल्टनगंज के लोगों ने झेला। वहां का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। वहीं जमशेदपुर में 42.9 डिग्री सेल्सियस, चाईबासा में 42.4 डिग्री, बोकारो में 42.1 डिग्री, गोड्डा में 42.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। इसके अलावा देवघर, गढ़वा, जामताड़ा, पाकुड़ का पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा।

## जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने बाल सुधार गृह का किया निरीक्षण

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने शनिवार को सिमडेगा सिविल कोर्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक उद्यान सह ओपन जिम का उद्घाटन किया। इसके बाद बाल सुधार गृह तथा मंडलकारा का निरीक्षण किया।

जस्टिस चौधरी ने बाल सुधार गृह में बच्चों के रहने, खाने, खेलने और पढ़ने की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बेहतर तरीके से विकसित करने का निर्देश दिया। जस्टिस चौधरी ने हाल ही में बाल सुधार गृह में एक बच्चे की मौत मामले में जानकारी ली। उन्होंने इस मामले की जांच चलने की बात कही और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कई निर्देश दिए। उन्होंने मंडलकारा में जेल की सुरक्षा और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि बंदियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। जस्टिस चौधरी ने बताया कि बाल सुधार गृह में बच्चे की मौत मामले की जांच चल रही है और उन्होंने ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कई निर्देश दिए हैं।

**झारखंड सरकार ने नया नियम लागू कर बढ़ायी शिक्षकों की टेंशन**

# तीन दिन देर से हाजिरी बनाने पर शिक्षकों का कटेगा सीएल

- नये नियम में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 आदर्श विद्यालयों के शिक्षक फंसे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षकों द्वारा ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर लगातार तीन दिन देर से उपस्थिति बनाने पर इसे एक आकस्मिक अवकाश (सीएल) के रूप में गिना जाएगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस व्यवस्था को 80 उत्कृष्ट विद्यालयों (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) तथा प्रखंड स्तरीय 325 आदर्श विद्यालयों में लागू की है। विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने इन विद्यालयों के सुचारू रूप से संचालन के लिए शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें यह व्यवस्था लागू किए जाने की बात कही गई है।

**बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य** : शिक्षा सचिव ने इन विद्यालयों में सीबीएसई तथा झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के मानक के अनुरूप बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर उन्होंने प्रत्येक माह 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले बच्चों की पहचान कर प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति बढ़ाने को लेकर बच्चों के अभिभावकों को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिए हैं। सचिव ने पहले एवं दूसरे शनिवार को क्विज, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि अतिरिक्त गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं।

### जैक लेगा 8वीं से 12वीं की एसए-1 तथा एसए-2 परीक्षा

उत्कृष्ट एवं आदर्श विद्यालयों में आठवीं से 12वीं तक समेटिव असेसमेट-1 परीक्षा सितंबर तथा समेटिव असेसमेंट-2 परीक्षा मार्च माह में लिया जाएगा। वहीं, पहले से सातवीं कक्षाओं के लिए ये परीक्षाएं जेसीईआरटी द्वारा संबंधित स्कूल में ही ली जाएगी। हालांकि, मूल्यांकन दूसरे स्कूलों के शिक्षक करेंगे। 10वीं एवं 12वीं प्री बोर्ड-1 परीक्षा दिसंबर तथा प्री बोर्ड-2 परीक्षा जनवरी माह में होगी।

### फेल होने पर नपेंगे हेडमास्टर और शिक्षक

सचिव ने बच्चों के बेहतर परिणाम को लेकर भी कई निर्देश दिए हैं। किसी स्कूल में 20 प्रतिशत से अधिक बच्चे असफल हुए तो उसके प्रधानाध्यापक और संबंधित विषय शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

### चार माह पर जारी होगा बच्चों का रिपोर्ट कार्ड

इन स्कूलों के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्रत्येक चार माह पर ऑनलाइन जारी होगा। उसे संबंधित छात्र-छात्रा के अलावा उनके अभिभावक भी देख सकेंगे।

## मंत्री हफीजुल हसन और आतंकवादियों की सोच में अंतर नहीं : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार फिर मंत्री हफीजुल हसन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मंत्री ने विगत दिनों ये कहा था कि वे संविधान से ऊपर शरिया कानून को मानते हैं। शरिया उनके दिल में बसता है। मंत्री जी यहीं नहीं रुके बल्कि चार कदम आगे बढ़कर यह भी कहा था कि मुसलमान सब्र में है कब्र में नहीं। सड़क पर उतरेगा तो मार काट होगा। उन्होंने कहा कि यही भाषा तो पिछले दिनों पहलगाम में आतंकवादियों ने कही। परिवार के साथ खुशियां मनाते पर्यटकों से हिन्दू मुसलमान को अलग अलग खड़ा किया, उनके धर्म पूछे, उनके कपड़े उतरवाए, कलमा पढ़ने को कहा और फिर जो हिंदू थे, उन्हें उनके परिवार के सामने गोलियों से भून डाला। आतंकवादियों ने तो संविधान की शपथ नहीं ली थी लेकिन यहां तो संविधान की शपथ लेकर मंत्री शरिया की बात कर रहे हैं। ऐसी बयानबाजी के बाद भी सीएम की चुप्पी समझ से परे है। स्पष्ट है कि इंडी गठबंधन सत्ता के लिए तुष्टीकरण राजनीति में डूबा है। श्री मरांडी ने हफीजूल हसन को मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की।

**पांच से कम ग्रेडिंग को खराब और 8-10 ग्रेडिंग वाले अधिकारी माने जायेंगे आउटस्टैंडिंग**

# निबंधन सेवा के अधिकारियों को देना होगा वर्क परफॉरमेंस का विस्तृत ब्योरा

**1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च तक का परफॉरमेंस मूल्यांकन जमा करना है**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के निबंधन सेवा के अधिकारियों को भी अपना गोपनीय अभ्युक्ति ऑनलाइन समर्पित करना होगा। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने गाइडलाइन जारी करते हुए करते हुए दिशा-निर्देश दिया है। इसी, आलोक में ऑनलाइन गोपनीय अभ्युक्तियों जमा करने का निर्देश राज्य सचिववालय से लेकर जिला स्तर के निबंधन सेवा के अधिकारियों को दिया गया है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 वर्ष का दिनांक 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च तक परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन पीएआर जमा करने को कहा गया है। एचआरएमस के माध्यम से इसे ऑनलाइन समर्पित करने को कहा गया है। पीएआर संबंधित पदाधिकारियों के उचित माध्यम से समर्पित किए जाने के बाद उसका प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा।

सभी निबंधन पदाधिकारियों का ग्रेडिंग जारी होगा। ग्रेडिंग देने वाले पदाधिकारी से निष्पक्षता की उम्मीद की गयी है। व्यर्थ की निंदा, आवांछित जानकारी विहित प्रपत्र नहीं देना है। यदि प्रतिवेदक पदाधिकारी द्वारा निर्धारित अवधि तक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट जमा नहीं किया जायेगा तो विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे पदाधिकारी के प्रमोशन्न, वृति उन्नयन के दुष्प्रभाव के लिए स्वंय जिम्मेदार होंगे। वहीं, प्रतिवेदक पदाधिकारी समय पर अपना कार्य नहीं करते तो उनपर अनुशासात्मक कार्रवाई की जायेगी।

वहीं, ऐसे पदाधिकारी जिनको अनुसूचित जाति, जनजाति के कल्याण से संबंधित कार्य देखने हो तो उनके वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन में यह देखा जायेगा की उन्हें एसटी, एससी के कल्याण के लिए कुछ कार्य किया है की नहीं।

### क्या है दिशा निर्देश

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन (पीएआर) जमा करना अनिवार्य है।

पीएआर ऑनलाइन जमा करना होगा, जिसके बाद प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

सभी निबंधन पदाधिकारियों का ग्रेडिंग किया जाएगा, जो उनके प्रमोशन और वृति उन्नयन पर प्रभाव डालेगा।

**ग्रेडिंग और मूल्यांकन**

पीएआर पांच भागों में होगा, जिसमें कार्य निष्पादन, गुणों और क्षमता, और कार्यालय क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा।

ग्रेडिंग के आधार पर पदाधिकारियों को प्रतिकुल, अच्छा, बहुत अच्छा, या उत्कृष्ट माना जाएगा।

**समय सीमा और परिणाम**

पीएआर जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है, और इसके बाद समीक्षी पदाधिकारी और स्वीकरण पदाधिकारी अपनी अभ्युक्तियों को लिखेंगे।

समय पर पीएआर जमा नहीं करने वाले पदाधिकारियों के प्रमोशन और वृति उन्नयन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**निष्पक्षता और जवाबदेही भी तय**

ग्रेडिंग देने वाले पदाधिकारियों से निष्पक्षता की उम्मीद की गई है, और उन्हें व्यर्थ की निंदा या आवांछित जानकारी नहीं देनी है।

प्रतिवेदक पदाधिकारी समय पर अपना कार्य नहीं करते हैं तो उन पर अनुशासात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## आतंकवादी संगठन से जुड़े लोगों की पैरवी न करें अधिवक्ता

**झारखंड पुलिस को सदन विकास परिषद ने दी बधाई**

**रांची।** सदन विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रो पांडे हिमांशु नाथ राय एवं डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा ने कहा है कि झारखंड के पुलिस पदाधिकारी भी काफी सक्रिय हैं। राज्य के कई जिलों में एटीएस के द्वारा छापेमारी में आतंकवादी संगठनों से जुड़े कई लोगों को रांची और धनबाद सहित कई जिलों से गिरफ्तार किया गया है। झारखंड पुलिस पदाधिकारी को परिषद ने बधाई देते हुए देश हित में सभी अधिवक्ताओं से अपील की है ऐसे अपराधी जिनकी साठ-गांठ पाकिस्तान आतंकवादी या अन्य आतंकवादी संगठन से है ऐसे अपराधियों को किसी भी न्यायालय में इनकी पैरवी कोई अधिवक्ता ना करें। देश हित में झारखंड के साथ-साथ देश के सभी अधिवक्ताओं से अपील है कि आतंकवादी संगठन से जुड़े लोगों का कोई भी मुकदमा में कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में पैरवी ना करें ना करें

# रांची स्टेशन पर टिकट काउंटर बढ़ाने की मांग

- लोहरदगा रूट पर दिन में नयी ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल की सलाहकार समिति के सदस्य अजय राय ने ईस्टर्न रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में यात्रियों की समस्याओं, सुझावों एवं शिकायतों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने रेलवे प्रशासन से आम यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सेवा में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। श्री राय ने रांची स्टेशन पर टिकट काउंटर की संख्या में वृद्धि करने का आग्रह किया। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नामकुम स्टेशन पर कम-से-कम दो टिकट काउंटर स्थापित करने की मांग की। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा को लेकर लोहरदगा-रांची मार्ग पर दिन के समय ट्रेन सेवा शुरू करने का सुझाव दिया। वहीं स्टेशन पर अव्यवस्थित दुकानों के बीच यात्रियों को बैठने की समुचित व्यवस्था करने की आवश्यकता भी जोर दिया गया। वहीं जयनगर एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने की मांग रखी गयी। चर्चा रही कि जनशताब्दी एक्सप्रेस को लोहरदगा तक बढ़ाने से यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

सभी स्टेशनों पर साफ-सफाई की नियमित निगरानी और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कही गई। अजय राय ने कहा कि ये सभी मांगें आम जनता की आवाज है। रेलवे प्रशासन को इन पर शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे यात्रियों को बेहतर सेवा और सुविधाएं मिल सके।

# निर्माणाधीन मानगो फ्लाईओवर के डिजाइन में महत्वपूर्ण परिवर्तन पर सहमति

>> यहां के व्यवसायियों और निवासियों को नहीं होगी कठिनाई

## मानगो चौक से पायल सिनेमा तक जाने वाला फ्लाईओवर अब टू लेन का होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो फ्लाईओवर के डिजाइन में परिवर्तन करने पर सहमति बन गई है। डिजाइन में परिवर्तन करने से मानगो चौक से पायल सिनेमा तक फ्लाईओवर के भाग को उपयोगी बनाया जा सकेगा। यहां के निवासियों-व्यवसायियों को भी कठिनाई नहीं होगी। यह सहमति विधायक सरयू राय, फ्लाईओवर निर्माता कंपनी के मुख्य डिजाइन प्रभारी संजय भार्गव और पथ निर्णाण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय के बीच हुई बैठक में बनी। बैठक शुक्रवार की रात विधायक सरयू राय के आवासीय कार्यालय पर हुई और शनिवार की सुबह इन सभी ने क्षेत्र का भ्रमण किया। निर्माता कंपनी के मुख्य डिजाइनर संजय भार्गव इस हेतु विशेष रुप से अहमदाबाद से जमशेदपुर शुक्रवार की शाम आये, पूर्व में बने डिजाइन पर पुनर्विचार किया और शनिवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण कर फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति और इसके डिजाइन में प्रस्तावित परिवर्तन का जायजा लिया।

विधायक सरयू राय ने बताया कि मानगो चौक से पायल सिनेमा की ओर जाने वाला फ्लाईओवर पूर्व की डिजाइन में प्रावधान था कि फ्लाईओवर का यह भाग एकतरफा (वन लेन का) होगा। अर्थात, साकची की ओर से आने वाला यातायात फ्लाईओवर के इस भाग से पायल सिनेमा की ओर केवल उतरेगा। शनिवार की बैठक में निर्णय हुआ कि फ्लाईओवर के इस भाग को भी दोतरफा (टू लेन) बनाया जाए ताकि इस पर से होकर यातायात पायल सिनेमा तक आए और पायल सिनेमा से इससे होकर यातायात आगे जाये भी। इसके लिए सड़क किनारे वन विभाग की जमीन लेने का प्रस्ताव रखा गया।


फ्लाई ओवर के प्रस्तावित साइट का निरीक्षण करते विधायक सरयू राय व संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण।

- श्री राय ने बताया कि पायल सिनेमा के पास, जहां फ्लाईओवर खत्म होगा, वहां एक गोल चक्कर बनाया जाएगा ताकि फ्लाईओवर के इस भाग से होकर आने-जाने वाले यातायात को मुड़ कर यू टर्न लेने की सुविधा हो। टू लेन फ्लाईओवर के दोनों तरफ सर्विस रोड बनाई जाएगी। पुल के नीचे के भाग को वाहन पड़ाव के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।
- विधायक सरयू राय ने मानगो चौक से पायल सिनेमा के बीच के व्यवसायियों और निवासियों से मिले सुझाव के आधार पर यह परिवर्तन फ्लाईओवर के डिजाइन में कराया। उन्होंने इसकी सूचना व्यवसायियों और निवासियों को दे दी कि उनकी मांग मान ली गई है। इसके बाद दो दिन से रुका हुआ फ्लाईओवर पायलिंग का काम शुरु होने का रास्ता खुल गया। फ्लाईओवर के इस भाग के निर्माण में दो दिन से चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया और फ्लाईओवर की पायलिंग का रुका हुआ काम फिर से आरंभ करने का निर्देश दे दिया गया।
- श्री राय ने फ्लाईओवर निर्माता कंपनी के मुख्य डिजाइनर संजय भार्गव और पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय के साथ हाथी घोड़ा मंदिर, साकची से लेकर शमशान घाट, भुईयाडीह तक का दौरा किया। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि एक फ्लाईओवर टिमकेन गोल चक्कर के ऊपर से इस रास्ते पर भी बनाया जाए ताकि रांची से डोबो होकर और अन्य स्थानों से सरायकेला होकर टाटा स्टील फैक्ट्री में जाने वाले और फैक्ट्री से निकलने वाले भारी वाहनों को इस फ्लाईओवर से होकर गुजारा जाए ताकि टिमकेन गोलचक्कर के पास यातायात की समस्या नहीं हो और इसके कारण मानगो पुल के जाम होने की स्थिति न पैदा हो। मुख्य डिजाइनर संजय भार्गव इस पर सहमत हुए और हाथी-घोड़ा चौक, साकची से श्मशान घाट, भुईयाडीह तक एक फ्लाईओवर बनाने के लिए डिजाइन तैयार करने का निर्देश अपने अधीनस्थ अभियंताओं को दिया।
- श्री राय ने कहा कि मानगो फ्लाईओवर को अधिक उपयोगी बनाने के लिए आज लिया गया यह निर्णय यातायात जाम को दूर करने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। मानगो चौक-पायल सिनेमा फ्लाईओवर को दोतरफा (टू लेन) बनाना और टिमकेन गोल चक्कर के ऊपर से एक अतिरिक्त फ्लाईओवर का निर्माण करने पर बनी सहमति निर्माणाधीन मानगो फ्लाईओवर को उपयोगी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

स्पीड न्यूज

### पहलगाम के मृत लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि




**जमशेदपुर।** पहलगाम में मानवता की त्रासदी घटना को लेकर बाराद्वारी मुरारी चौक में सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा शोक तथा दीपक जलाकर भारी संख्या में सदस्यों ने श्रद्धांजलि एवं दो मिनट का मौन रखा। मुरारी अग्रवाल ने कहा कि यह पहलगाम घटना में जिस प्रकार धर्म का नाम लेकर लोगों की हत्या की गई इससे देश के हर व्यक्ति को झकझोर कर रख दिया है। आतंकवादियों ने अत्याचार का सारा पराकाष्ठा पार करते हुए निहत्थे सिविलियनस को मार कर यह नपुंसक काम किया है। कार्यक्रम में सुमित अग्रवाल मनीष अग्रवाल मिनी महेश राव सुमित जी अनिल प्रसाद प्रदीप जी पटना संजय दास दर्शन वासुदेव प्रसाद और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 72 घंटे का अखंड हरि नाम संकीर्तन की शुरू



**जमशेदपुर।** पूरे विधि विधान के साथ संकोसाई हरि मंदिर में 72 घंटे का हरि नाम अखंड संकीर्तन की शुरुआत हुई। पंडित शंभूनाथ महापात्र ने मंत्रच्चारण विधि विधान के साथ तीन दिवसीय अखंड हरी नाम संकीर्तन शुरू करवाया जो मंगलवार दिन के 11 बजे तक चलेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन सार्वजनिक हरि मंदिर कमेटी संकोसाई रोड नंबर 1 की तरफ से किया जा रहा है। कमेटी के उपाध्यक्ष विजय गोराई ने बताया कि झारखंड और बंगाल की कुल 6 टीम हरि नाम संकीर्तन में आई हुई है जिसमें तीन टीम महिलाओं की है। बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं का इस धार्मिक आयोजन में शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के लिए हरि मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। शाम के वक्त गणमान्य अतिथि मंच पर विराजमान रहेंगे। इनका कमेटी की ओर से स्वागत किया जायेगा।

### ढाई वर्षीय अरशान की बिस्मिल्लाह ख्वानी हुई



**जमशेदपुर।** जाकिरनगर शाल बगान निवासी ढाई वर्षीय मो अरशान अली की बिस्मिल्लाह ख्वानी स्थानीय मस्जिद सिबतैन के नायब इमाम कारी गुलाम सरवर ने कराया। इस के पूर्व फातिहाख्वानी की गयी। नन्हा अरशान अली की मां इरम सलीम ने बताया कि इतनी छोटी सी उम्र मे सर्वप्रथम अरबी की शिक्षा से इसकी शैक्षाणिक जीवन का आगाज किया जा रहा है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ ज्योति हत्याकांड में पति गिरफ्तार, जेल

- अनजान व्यक्ति से फोन पर लंबी बातचीत करती थी ज्योति, शक में पति ने कर दी हत्या

खबर मन्त्र ब्यूरो


गिरफ्तार डा विजय मोहन सिंह को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते रुरल एसपी ऋषभ गर्ग।

**जमशेदपुर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर, रुहीडीह की सीएचओ ज्योति महतो हत्याकांड में जमशेदपुर पुलिस ने मृतका के पति विजय मोहन सिंह को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है। ज्योति महतो गत 18 अप्रैल को अस्पताल परिसर में बेहद गंभीर रुप से घायल पायी गईं थीं। बाद में उन्हें टीएमएच से बेहतर इलाज के लिए मेडिका,रांची ले जाया गया जहां उन्होंने इलाज के दौरान गत 23 अप्रैल को अंतिम सांस ली थीं।

जमशेदपुर के रुरल एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में अप्राथमिकी अभियुक्त विजय मोहन सिंह उम्र-43 वर्ष पिता-शिव शंकर प्रसाद सिर-की-11. डिमना रेसिडेंसी डिमना चौक मानगो, थाना ओलीडीह, जिला-पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को राँची से बुलाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के क्रम में इन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया किया उन्होंने ही अपनी पत्नी की हत्या की है। विजय मोहन सिंह ने यह भी ब ताया कि उनकी पहली पत्नी की मृत्यु ब्लड कैंसर से वर्ष 2012 में हो गई थी। वर्ष 2019 में विजय मोहन की मुलाकात ज्योति से हुई और ज्योति ने भी बताया कि उसके पहले पति सुरेश महली की मृत्यु हो गई है। उसके बाद से दोनों के बीच मेल-जोल बढ़ा और मंदिर में शादी कर एक साथ रहने लगे। शादी के संबंध में कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य नहीं होने की बात उन्होंने कही।

विजय मोहन सिंह ने यह भी बताया कि ज्योति महतो कुछ दिनों से किसी दूसरे व्यक्ति से मोबाईल पर काफी लबे समय तक बात करते रहती थी तथा इन्हें इग्नोर भी करने लगी थी जो इन्हें नागवार लगता था। इसी बात को लेकर विजय मोहन एवं ज्योति के बीच गत 18 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे वैक्सिनेशन रूम में नोंक-झोंक एवं झगड़ा हुआ जिस पर विजय मोहन सिंह ने बागवानी करने वाला घर में पड़ा गैइता के नुकिला भाग से तीन-चार बार सर पर प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

## आतंकी हमले में मृत पर्यटकों को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने दी श्रद्धांजलि




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने और आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में शनिवार को जुबली पार्क स्थित पत्रकार चौक पर कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। कैंडल मार्च के दौरान प्रेस क्लब के सदस्यों ने आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए हमले की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को इस कायराना हरकत का करारा जवाब दिया जाए। साथ ही मांग की गई कि सरकार इस जघन्य हमले में शामिल आतंकियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## सांसद जोबा ने आनंदपुर में किया चार विकास योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**आनंदपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिले के आनंदपुर प्रखंड के सुदूर इलाकों में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से पुल और पीसीसी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। योजनाओं का शिलान्यास शनिवार को सांसद जोबा माझी और विधायक जगत माझी ने संयुक्त रूप से किया। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें आनन्दपुर के हारता पंचायत अंतर्गत ग्राम कान्डी मुण्डा टोला से रोमा स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण,ओनोर कोचा में जोसेफ घर से कोयल नदी किनारे तक पीसीसी रोड, हारता पंचायत के ग्राम मेरमेन्डा में ओसंगी एवं मेरमेन्डा के सीमा वाला नाला में पुलिया निर्माण एवं हारता पंचायत के रांगामाटी-गुंडरी जाने वाले रास्ते पर पीसीसी सड़क का निर्माण शामिल हैं। शिलान्यास के मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे सिंहभूम का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। इस दिशा में विकास के कई कार्य किये जा रहे हैं। जहां भी सड़क या पुल-पुलिया के निर्माण की आवश्यकता है वहां योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। वहीं विधायक जगत माझी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानना और उसका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वह साप्ताहिक हाट के दिन मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार आयोजित करते हैं।

## जनहित पर काम करें जद यू कार्यकर्ता : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जनता दल (यू) के प्रदेश, जिला, महानगर और थानाध्यक्षों की एक संयुक्त बैठक 42, बिष्टुपुर स्थित विधायक कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जद (यू) के पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने की। विधायक सरयू राय मुख्य अतिथि थे। इस बैठक में संगठन को और मजबूत करने, जनहित के मुद्दों को और प्रभावी तरीके से उठाने के संबंध में विशद चर्चा हुई। बैठक में पहली मई को कार्यकर्ता सम्मेलन सह मजदूर सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। बैठक में विधायक सरयू राय ने कहा कि जद (यू) पूर्वी सिंहभूम में विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात जनहित में मुखर तरीके से रख रहा है। इससे जनमानस में जद (यू) के प्रति सकारात्मक संदेश जा रहा है। लोगों को लग रहा है कि यह पार्टी आम जन की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी जनहित के मुद्दे दिखें, आगे बढ़ कर पदाधिकारियों को पहल करनी चाहिए। श्री राय ने असंगठित मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा हेतु सरकार के द्वारा किये जा रहे विभिन्न उपायों पर बल देते हुए कहा कि ईएसआई कार्ड के साथ-साथ ई-श्रम कार्ड भी बनाया जाना चाहिए। बैठक में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव व महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मजदूर दिवस के दिन मिलानी हल में मजदूर सम्मान समारोह में मजदूरों का सम्मान प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो और विधायक सरयू राय करेंगे।

## ओड़िशा की बच्ची बिमला सोरेन को राजेश मार्डी ने लिया गोद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** ओड़िशा जामदा प्रखंड के रुगड़ीडीह निवासी जगन्नाथ सोरेन की सात वर्षीय छोटी बच्ची बिमला सोरेन को जमशेदपुर निवासी ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से चर्चित राजेश मार्डी ने गोद लिया है। बच्ची को हर महीने ब्लड की जरूरत होती है और इनका ब्लड ग्रुप बी पजिटिव हैं। वह संभवतः थैलेसीमिया रोग से पीड़ित है और इनके शरीर में ब्लड नहीं बनता। अपने जीवन में कुल 77 बार रक्तदान कर चुके आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी कल इस बच्ची को देखने खासमहल के सदर अस्पताल पहुंचे थे और उनकी माता से बच्ची का कुशलक्षेम पूछा। बच्ची की माता लालमुनि सोरेन ने बताया कि वे बहुत गरीब परिवार से हैं।

## एनटीटीएफ के छात्रों ने विकसित की ई -बाईक और ई-फोर व्हीलर

खबर मन्त्र ब्यूरो



इलेक्ट्रिक बाइक और इलेक्ट्रिक फोर व्हीलर।

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ आर डी एजुकेशन टाटा टेक्निकल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट कोटा के अंतिम वर्ष के मेकाट्रनिक्स छात्रों ने पर्यावरण स्नेही इलेक्ट्रिक बाईक और ई-फोर व्हीलर विकसित करने में सफलता हासिल की है। इस टीम ने इस प्रोजेक्ट में प्रधानाचार्य प्रीता जॉन, सीपी15 विभागाध्यक्ष एवं परियोजना समन्वयक अजीत कुमार, सेक्शन इंचार्ज मनीष कुमार तथा परियोजना मार्गदर्शक ज्योति कुमारी ठाकुर का उनके अमूल्य सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किश्स है।

इलेक्ट्रिक बाइक, या ई-बाइक्स, तेजी से एक लोकप्रिय और टिकाऊ परिवहन साधन के रूप में उभर रही हैं। पारंपरिक साइकिलिंग के लाभों को इलेक्ट्रिक सहायता के साथ मिलाकर, ई-बाइक्स दैनिक यात्रियों और शौकीन सवारों दोनों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनती जा रही हैं। ई-बाइक्स में एक बैटरी चालित मोटर लगी होती है, जो पैडलिंग में सहायता प्रदान करती है, जिससे चढ़ाई वाले रास्तों और लंबी दूरी की सवारी को आसान बनाया जाता है। यह सुविधा उन लोगों के लिए भी साइकिल चलाने को आकर्षक बनाती है, जो पारंपरिक साइकिलिंग को शारीरिक रूप से कठिन मानते हैं।

व्यक्तिगत सुविधा के अतिरिक्त, ई-बाइक्स महत्वपूर्ण पर्यावरणीय लाभ भी प्रदान करती हैं। ये शून्य टेलपाइप उत्सर्जन उत्पन्न करती हैं, जिससे शहरी इलाकों में वायु गुणवत्ता में सुधार होता है और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम होती है। जैसे-जैसे बैटरी तकनीक में प्रगति हो रही है और लागत में गिरावट आ रही है, ई-बाइक्स आम जनता के लिए और अधिक सुलभ होती जा रही हैं।

हालांकि प्रारंभिक लागत थोड़ी अधिक हो सकती है, लेकिन लंबी अवधि में ईंधन और रखरखाव पर होने वाली बचत, स्वास्थ्य लाभ और पर्यावरणीय लाभों के साथ मिलकर, ई-बाइक्स को एक हरित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक आशाजनक कदम बनाती हैं।

**इलेक्ट्रिक फोर व्हीलर :** पर्यावरण के प्रति जागरूकता और नवाचार का परिचय देते हुए सीपी15 विभाग के चार अंतिम वर्ष के छात्रों की एक टीम ने एक इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर डिजाइन और विकसित किया है।

एक नजर में

### वीर कुंवर सिंह अमर रहे से गूंजा साकची



**जमशेदपुर।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर नमन परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर वीर शहीद को नमन किया। मौके पर मुख्य अतिथि शंभूनाथ सिंह ने कहा वीर कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उस सूर्य थे, जिनकी ज्योति आज भी हमें राह दिखाती है। उनका अदम्य साहस, देशप्रेम और बलिदान हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र सेवा सर्वोच्च धर्म है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि वीर कुंवर सिंह हमारे स्वाधीनता संग्राम के ऐसे नायक हैं, जिनकी वीरता से आज भी आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेती हैं। वीर कुंवर सिंह का जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और संघर्ष का अद्वितीय उदाहरण है। आज आवश्यकता है कि हम उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर देश सेवा एवं सामाजिक उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करें। वीर कुंवर सिंह जैसे महापुरुषों की गाथा हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग बनाती है और आत्मबल बढ़ाती है।

### फर्नीचर दुकान में गोली चलाने वाले गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** विगत 18 अप्रैल की रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा सीतारामडेरा थाना अंतर्गत न्यू बाराद्वारी में व्यवसायी विनोद अग्रवाल के फर्नीचर दुकान में गोली बारी की घटना हुई थी, जिसमें उक्त दुकान का शटर एवं सीसा का गिलास क्षतिग्रसत हो गया था। पुलिस ने इस मामले में पिंटु साव और ओमप्रकाश गुप्ता को गिरफ्तार किया है। उनके पास से देशी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर देवनगर साव लाइन निवासी पिंटू साव से घटना के सम्बन्ध में गहन पूछताछ की गई तो उसके द्वारा बताया गया कि गत 18 –19 अप्रैल की रात्रि उनके पड़ोसी भोला ठाकुर के शादी हेतु बारात निकल रहा था जिसमे उनके साथी विपुल सिंह, अभिषेक पाण्डेय, मन्टू साव शामिल थे। बारात प्रस्थान से पूर्व न्यू बाराद्वारी गरीबो पान दुकान के पास जब वे लोग अन्य बारातियों के साथ डांस कर रहे थे तो उनके साथी विपुल सिंह का दिया हुआ है एक देशी पिस्तौल जिसमे छः राउड गोली लोड किया हुआ दिया था और वे उसे अपने कमर में खोंस रखे थे। डांस के ही क्रम में विपुल सिंह ने उनसे उक्त पिस्तौल मांग ली और पीछे जाकर अपनी गाड़ी के पास से हाथ उपर करके फायर कर दिया। फायर करने के बाद उन्होंने पुनः विपुल सिंह से उक्त पिस्तौल एवं गोली वापस ले लिया था। अगले दिन बारात से वापस आने के बाद पुलिस की सक्रियता के कारण डर से उन्होंने उक्त पिस्तौल एवं पांच जिन्दा गोली अपने अधीन काम करने वाले ओमप्रकाश साव को बारीडीह बाजार स्थित सरकारी शराब दुकान में रखने को दे दिया गया था जो पुलिस द्वारा बारामद कर लिया गया है। इस काम में संलिप्त सभी लोग शराब के धंधे से जुड़े है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सघन छापामारी की जा रही है।

### पोटका में एक माह में दूसरी बार चला बुलडोजर



**पोटका।** पोटका प्रखंड के कुलडीहा पंचायत के मौजा कुलडीहा में सीओ निकिता बाला ने शनिवार को खाता संख्या 395, प्लट संख्या 436 पर शिशिर पात्र द्वारा अतिक्रमण कर सरकारी जमीन पर बनाए गए घर को जेसीबी का प्रयोग कर जमींदोज किया गया। इसमें पूर्व से बने 20 गुना 14 वर्ग फीट में बने एस्बेस्टस ईट तथा पुआल से बने घर को पूर्ण रूप से तोड़ दिया गया। मौके पर मजिस्ट्रेट दुर्गा चरण पांरेया, जादूगोड़ा के पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद, थाना प्रभारी आर के मंडल, सी आई शांति राम सारंगी, कर्मचारी संजय कुमार महतो, अमीन देवराज कईवर्त के अलावा सशस्त्र बल, लाठी बल तथा महिला बल उपस्थित थे। सीओ निकिता बाला के कथनानुसार शिशिर पात्र ने विधान सभा चुनाव के समय लगे आचार संहिता में ही ईट जोड़कर घर बना लिया। उस समय भी उसे घर न बनाने का निर्देश दी थी। लेकिन शिशिर ने एक न सुना। शिशिर पर जे पी एल ई भी दायर किया गया। जिसमें उन्होंने जमीन का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। अंततः घर को तोड़ना पड़ा। ज्ञात हो कि विगत 24 मार्च को भी आसन बनी पंचायत के घोटी डूबा में सीओ निकिता बाला ने खाता संख्या 157, प्लट संख्या 574 पर अजीत सिंह द्वारा अतिक्रमण कर बनाए गए चाहर दिवारी तथा लोहे के गेट को तोड़वा दिया गया था। इस तरह एक माह के अंदर दूसरी बार जेसीबी का प्रयोग कर सरकारी जमीन को मुक्त किया गया। इस संबंध में शिशिर पात्र का कहना है कि मेरा डीसी साहब के कोर्ट में मामला चल रहा है।

### कदमा में डिज्नीलैंड का समापन 29 को

**जमशेदपुर।** कदमा गणेश पूजा मैदान स्थित क्राफ्ट इंडिया शपिंग एक्सपो सह डिज़्नीलैंड द्वारा आयोजित डिज़्नीलैंड फेयर मेले के समापन मे अंतिम तीन दिन ही बचे हैं अथार्त मेला 29 अप्रेल को समापन हो रहा है अतः लोगों से यह अपील की जाती है कि मेले मे आकर इसका आनंद उठायें। मेले मे और भी अधिक डिस्काउंट दी जा रही है मेले मे स्थित कई तरह के झूले बच्चों को पसंद आ रहे है। कुल मिलाकर इस मेले मे परिवार सभी सदस्यों के लिए कुछ न कुछ है। मेले के संचालक संदीप कुमार श्रीवास्तव ने शहर वाशियों से आग्रह करते हुए कहा कि मेले मे 29 अप्रैल से पहले आकर यहाँ का लुप्त जरूर उठाये एवं यह मेला दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक गणेश पूजा मैदान कदमा मे सुचारु रूप से जारी रहेगा।

## स्पीड न्यूज

### गुरुकुलम में हुई खेल प्रतियोगिता



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम आवासीय विद्यालय, गुरहा में क्रिकेट खेल सह सम्मान समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय प्रबंधक जफर ने किया। विजेता टीम के कैप्टन इमाम हुसैन व उपविजेता टीम के कैप्टन साने अली व आयुष कुमार को 177 रन की पारी के दौरान सिरिज देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधके जफ्फर ने कहा कि छात्र व छात्राओं के बिच शारीरिक बिकास के लिए खेल आवश्यक है। मौके पर प्राचार्य मोबिनुद्दिन कुरैशी, निर्देशक जफर, बिकास बर्मा, रानी कुमारी, अनुराधा कुमारी, संतोषी तिवारी, जेबा बसर थे।

### पाकिस्तान का हश्र दुनिया देखेगी



**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर कहा कि आतंकवादियों का यह कृत्य माफ करने लायक नहीं है। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि इस घटना ने देश के 140 करोड़ लोगों को झकझोर दिया है। इसका करारा जवाब पाकिस्तान को मिलेगा। पाकिस्तान को सबक सिखाने की तैयारी देश ने कर ली है। पहलाम हमले की मानसिकता वाले लोग झारखंड में भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जांबाज सैनिक इस बार पाकिस्तान का वह हश्र करेंगे कि आने वाले समय में भारत की ओर आंख उठा कर देखने की भी कोई देश हिम्मत नहीं करेगा।

### हमेशा आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें : डॉ अनुपमा गुप्ता



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में सत्र 2022-24 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद छात्राओं ने सामूहिक रूप से केक काटकर खुशी का इजहार किया। डॉ गुप्ता ने कहा कि हमेशा आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। कठिनाइयां आयेंगी, लेकिन धैर्य और परिश्रम से हर चुनौती को पार करें। मौके पर शिक्षकों में अविनाश सिन्हा, सुजीत कुमार, माया त्रिपाठी, अंजना दुबे, सुशील उपाध्याय, कुलदीप पांडेय, पवन कुमार शर्मा, सौरभ सिंह एवं राकेश दुबे शामिल थे।

### समता स्कूल परिसर में शोक सभा



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत के अमन चैन मोहल्ला स्थित एवं नहर मोड़ समता स्कूल परिसर में कशमीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर शोक सभा की गयी। निर्देशक सह प्रधानाचार्य अक्षय चौहान ने कहा कि मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा नागरिकों पर की गई गोलीबारी में 28 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से ज्यादातर लोग पर्यटक थे और 20 से अधिक घायल हो गये। मौके पर विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु सिंह, अनुज सिंह, विनोद सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी ,प्रियंका देवी, सानिया खातून भी थे।

### पहलगाम कांड देश की संप्रभुता पर हमला



**मेदिनीनगर।** पहलगाम में हिंदू पर्यटकों के सामूहिक नरसंहार के विरोध में शनिवार की शाम डॉ राजेंद्र चौक पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू के नेतृत्व में एक विरोध प्रदर्शन और श्रद्धांजलि सभा की गयी। सभा में जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने इसे एक सोची समझी साजिश बताया। कहा कि यह घटना मात्र हिंदू पर्यटकों का टारगेट किलिंग नहीं, यह भारत के संप्रभुता पर हमला है। कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने का उचित समय आ गया है।

### लोक अदालत में 32 मामले निस्तारित

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शनिवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव के निर्देश पर मासिक लोक अदालत लगायी गयी। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 32 मामलों का निस्तारण किया गया। सात लाख 39 हजार 50 रुपये का मामला सेटल हुआ। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था।

### कार्य में तेजी लायें अधिकारी : विधायक

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव व संचालन एसडीओ गौरांग महतो ने किया। बैठक में सीओ रणवीर कुमार, प्रमुख अर्चना देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में पीएम आवास, मनरेगा, म्यूटेशन, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, जलमीनार निर्माण और खराब चापानल की मरम्मत के कार्यों की समीक्षा की गयी। विधायक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यों में शिथिलता और भ्रष्टाचार पर कड़ी फटकार लगायी। हिदायत दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### पहलगाम कांड से देश भर में आक्रोश

**हुसैनाबाद पलामू।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के बैनर तले शुक्रवार जपला में आक्रोश मार्च और पाकिस्तान पीएम का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के महावीर जी स्थान से हजारों की संख्या में हाथ में तख्तियां लिये हुए लोगों ने बाजार भ्रमण किया व पाकिस्तान पीएम होश में आओ, जेहाद के नाम पर इस्लामिक आतंकवाद बन्द करो के नारे लगाये।

# धार्मिक स्थलों का विकास और चेगौना धाम परिसर में लगेगा आरओ प्लांट: स्मिता आनंद

- भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने किया छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण
- कार्यकर्ताओं के साथ श्रीराधे कृष्ण मंदिर व राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**





पूजा-अर्चना के दौरान भाजपा नेत्री स्मिता आनंद व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर/छतरपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अतंर्गत छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ चेगौना धाम, ग्राम खोढ़ी में श्री राधे कृष्ण मंदिर, छत्तरपुर स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर एवं देवगन श्री राधे कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के उपरांत उन्होंने उक्त धार्मिक स्थलों को विकसित करने एवं विशेषकर देवगन श्री राधे कृष्ण मंदिर को पर्यटन के रूप में विकास करने की बात कही। साथ ही चेगौना धाम परिसर में पेयजल हेतु आरओ प्लांट लगाने का आश्वासन दिया। साथ ही विगत दिनों खोढ़ी निवासी नन्ददेव यादव के पुत्र मनीष यादव के सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंची तथा पीड़ित परिवार से मुलाकत कर शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने मृतक के परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर मोहन जायसवाल, ईश्वरी पांडेय, चेतन चैहान, भगवान दास, गनौरी पासवान, राजेंद्र पासवान, दीपक गुप्ता, सांसद के निजी सचिव अलख दूबे, मुखिया हरेंद्र सिंह, राजेंद्र यादव, निर्मल यादव, उदल पासवान, प्रमोद जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# क्षेत्र के विकास और सुगम आवागमन की प्रतीक है सड़कें : कालीचरण सिंह

- चतरा सांसद ने किया पीएम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास, ग्रामीणों में खुशी
- आजादी के सात दशक से पथ अभाव का दंश झेल रहे थे ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निर्माण कार्य का शिलान्यास करते चतरा सांसद व उनके समर्थक।

**मनातू (पलामू)।** लंबे समय से सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित मनातू प्रखंड के ग्रामीणों के लिए खुशखबरी है। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मनातू बाजार से मोरधोई तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़ कर किया। सांसद ने कहा कि आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी यह इलाका बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहा है। लोग सड़क अभाव का दंश झेल रहे थे। किसी भी क्षेत्र की बेहतर सड़कें विकास व सुगम आवागमन का प्रतीक होता है। कहा कि पूर्व में मुरधोई के ग्रामीणों ने कई बार अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया था कि सड़क नहीं होने से शादी-विवाह में भारी कठिनाई होती है। सड़क के अभाव में कई बार रिश्तेदार इस गांव में शादी करने से भी कतराते हैं। यदि किसी तरह से शादी तय हो भी जाती है तो रस्मों-रिवाज निभाने में काफी दिक्कत होती है। समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पहल की गयी है।

# कृषि मंत्री ने डाली मुखिया पूनम जायसवाल को किया सम्मानित

## सेवा कभी बेकार नहीं जाती मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती : पूनम

- पर्यावरण धर्म के तहत मुखिया पूनम ने कृषि मंत्री तिर्की और राज्यसभा सांसद को दिया आम का पौधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सूबे की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व राज्यसभा सांसद महुआ मांझी से अवार्ड लेते मुखिया पूनम।

**मेदिनीनगर /रांची।** रांची लालपुर चौक स्थित होटल रॉयलिसयन में आयोजित महिला सम्मान समारोह का उदघाटन सुबे के कृषि मंत्री कैबिनेट मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त समारोह में शिक्षा, चिकित्सा व पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य भर से आयी प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में पलामू के विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल को समाजसेवा व पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुबे के कृषि व कैबिनेट मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने शॉल ओढ़ाकर उन्हें प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पहले मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ मांजी को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा समर्पित कर उन्हें सम्मान दिया।

मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि सेवा कभी बेकार नहीं जाती और न ही मेहनत करने वालों की कभी हार होती। कहा कि पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट अभियान को वे अपने पति प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर के साथ नेपाल भूटान बर्मा सिंगापुर मलेशिया अजरबैजान जैसे कई देश व राज्यों में जाकर नि:शुल्क पौधा वितरित किया है।

## एसबीएस कॉलेज जपला के लेखापाल ने लगाया आरोप

# प्राचार्य और सचिव ने कर दिया ₹ 17 लाख का अवैध भुगतान

- हुसैनाबाद थाना में आवेदन दिया, पुलिस कर रही हैं जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

> मैंने जो भी भुगतान किया है वह 9 अप्रैल को शासी निकाय की बैठक के आलोक में किया गया है, जिसमें विधायक सह अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, एसडीओ गौरांग महतो, अंतरिम सचिव सुशीला मिश्रा व प्राचार्य की उपस्थिति में हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई थी एवं बड़ा बाबू अरुण सिंह पर कार्य अनुशासनहीनता का आरोप था जिसपर जांच कमेटी बनी थी और तत्काल लेखापाल का कार्य अंशुल कुमार को सौंपा गया था जिसकी बौखलाहट में अरुण बार-बार आदेश के बाद भी अनुपालन नहीं किया। जो जांच के बाद स्पष्ट हो जायेगा। - **प्रेमनाथ सिंह, प्राचार्य।**

**हुसैनाबाद पलामू।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला के लेखापाल अरुण कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर कालेज के प्राचार्य प्रेमनाथ एवं अंतरिम सचिव सुशीला मिश्रा पर 17 लाख रुपए का अवैध भुगतान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कार्यालय का भुगतान रजिस्टर एवं पंजाब नेशनल बैंक का चेक बुक उनके अलमारी में है। इसके बावजूद छह कर्मचारियों के नाम पर 25 अप्रैल को अलग अलग 441342 रुपए एवं 1193258 रुपये की निकासी की गई है। इस संबंध में उन्हें किसी तरह की जानकारी भी नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि पलामू के उपायुक्त ने कालेज में ही रही वित्तीय अनियमितता की जांच के बाद कालेज के छह कर्मचारियों का भुगतान रोक दिया गया था। उपायुक्त ने अपने पत्रक 195 दिनांक 13 मार्च 2020 के माध्यम जांच रिपोर्ट सचिव झारखंड अधिविध परिषद को भेजा था। वही इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्रांक 1401 दिनांक 5 जुलाई 2022 को प्राचार्य एवं सचिव शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला को पत्र देकर झारखंड अधिविध परिषद के आदेश का हवाला देते हुए कई दिशा निर्देश दिया था। इस मामले में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# पलामू में भव्यता के साथ मनायें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: उपायुक्त

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, तैयारी शुरू
- जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंड मुख्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं पंचायत मुख्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कराने का निर्देश
- कार्यक्रम के सफल आयोजन को ले उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है। इसके सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में उनके कार्यालय वेश्म में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जिला मुख्यालय के साथ प्रखंड व ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सुचारू और व्यवस्थित योग कार्यक्रम करने को लेकर चर्चा हुई। उपायुक्त में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता के साथ मनाने का निदेश दिया। उन्होंने योग कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी। आयुष विभाग के पदाधिकारी को योग दिवस की तैयारी को लेकर आवश्यक सामान का प्रबंध करने सहित सभी आवश्यक तैयारियां करने का निर्देश दिये।

# रेड़मा ठाकुरबाड़ी कॉम्प्लेक्स में स्टाइल कलेक्शन शॉप का हुआ भव्य उद्घाटन

- स्टाइल कलेक्शन से शहर वासियों को मिलेगी सुविधा : राजेंद्र सिन्हा
- ग्राहकों के साथ मधुर संबंध रख उनकी पसंद के अनुरूप दें बेहतर सेवा : मनोज सिंह
- स्टाइल कलेक्शन जैसे प्रतिष्ठान से थोक एवं रिटेल ग्राहकों को होगा फायदा : अभिमन्यु सिंह
- स्टाइल कलेक्शन में ब्रांडेड एवं फैंसी कपड़ा उचित मूल्य पर उपलब्ध : दीपक तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के बगल में ठाकुरबाड़ी कॉम्प्लेक्स में स्टाइल कलेक्शन ए ब्रांड हब शॉप खोला गया। शॉप का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जेएमएम नेता अविनाश देव, समाजसेवी अभिमन्यु सिंह सहित अन्य अतिथियों ने किया। मौके पर जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि स्टाइल कलेक्शन से शहर वासियों को सुविधा मिलेगी। यहां के नागरिकों को ब्रांडेड कपड़ों के लिए दूसरे स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### हम पार्टी ने पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित कार्यालय में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में पलामू जिला हम पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रख मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी घटना से पूरा देश गुस्से में है। प्रधानमंत्री को कड़ी कार्रवाई करते हुए उन आतंकवादी को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए इसके लिए तमाम भारतवासी पीएम के साथ है। मौके पर जिला सचिव भारत कुमार द्विवेदी, वारिस आलम, शाहनवाज खान, आबिद तबरेज, मलिक शुक्ला और पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### फसल में लगी आग, लाखों का नुकसान



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना के बिलासपुर ग्राम पंचायत के बनाहीं गांव के किसान नंदलाल राम की खेत में आग लगने से 5 बिगहा में तैयार गेहूं व 15 कट्ठा में तैयार चना की फसल जलकर खाक हो गयी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना से नंदलाल को करीब एक लाख का नुकसान है। खबर मिलने पर झामुमो के पूर्व मीडिया प्रभारी विवेकानंद सिंह ने पीड़ित किसान को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने तत्काल हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार से दूरभाष पर घटना की जानकारी दी। उन्होंने किसान को हर संभव मदद करने की बात कही। अंचल पदाधिकारी ने किसान को अंचल में जले हुए स्थान का फोटो के साथ आवेदन देने को कहा है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त को आवेदन अग्रसारित किया जायेगा।

### 100% पूरा करें आवास योजनाओं का लक्ष्य : डीडीसी



**मेदिनीनगर।** डीडीसी शब्बीर अहमद ने अपने कार्यालय वेश्म में सभी बीडीओ के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास (ग्रामीण) अबुआ आवास, प्रधानमंत्री जनमन आवास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास एवं मनरेगा के विभिन्न इंडिकेटरों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने का आवश्यक निर्देश दिये। समीक्षा के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-(ग्रामीण) अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के विरुद्ध 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत स्वीकृति हेतु निर्देश दिया। वहीं छूटे हुए योग्य लाभुकों का आवास से लाभान्वित करने की पहल करने का निर्देश दिया।

# अपने पशुओं का सही देखभाल करें सभी पशु प्रेमी : उपायुक्त



- विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर 52 बेजुबानों को मिला एंटी रेबीज का नि:शुल्क टीका
- पेट क्लिनिक में लगा नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर मेदिनीनगर पेट क्लिनिक में नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग के टीकाकरण शिविर में विशेष पशु चिकित्सकों ने 48 कुत्ते व चार बिल्लियों को एंटी रेबीज का नि:शुल्क टीका दिया गया है। सभी पेट लवर्स एवं पेट ऑनर्स बेजुबानों को लेकर यहां पहुंचे थे। उपायुक्त शशि रंजन ने सभी पशुपालकों को अपने पशुओं की सही देखभाल की अपील की है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो महिला सहित तीन घायल

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर रेहला मुख्य पथ पर बरवाडीह गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। घटना शनिवार देर शाम 8.30 बजे की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर से रेहला की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक कार को लेकर फरार हो गया। इधर, इस घटना में बाइक पर सवार दो महिला सहित तीन घायल हो गये।

# दुश्मनों को परास्त करना सिखाता है स्काउट गाइड का प्रशिक्षण: अविनाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के बच्चों को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चे तृतीय सोपान के सैनिक प्रशिक्षण लेकर मैदान में अपना छद्म प्रदर्शन दिखाया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव शामिल हुए। उन्होंने स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा सलामी ली और बेस कैंप का मुआयना किया। बच्चों ने बताया कि जब देश आपात स्थिति से गुजरेगा, पड़ोसी मुल्क से जब युद्ध छिड़ जाएगा, उस वक्त आज का किया प्रशिक्षण काम आएगा। जब हम अपने देश की सीमा पर या देश के अंदर दुर्गम वन इलाकों में होंगे, दूर-दूर तक कोई संसाधन नहीं होगा, तब हम भूख-प्यास को झेलते हुए शत्रुओं से कैसे मुकाबला करेंगे, तब आज का स्काउट गाइड में लिया प्रशिक्षण काम आयेगा।

# कैसे दूर होगा जलसंकट: मनातू प्रखंड के कई पंचायतों की नल जल योजना अधूरी

ग्रामीण क्षेत्रों में आज तक नहीं पहुंचा सरकार के नल जल योजना

बढ़ते तापमान में पानी नहीं मिलने से कई बीमारी ले सकती है जन्म

फोटो 26 डाल 03

**सुधीर यादव**

**मनातू (पलामू)।** जिले के मनातु प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कई पंचायतों में सरकार के महत्वकांक्षी योजना नल जल है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के हर घर में पानी देने की योजना विफल साबित हुई है। सरकार योजनाएं बनाई लेकिन न पंचायत में कहीं बोर हुआ ना कहीं नल लगा अब 45 डिग्री तापमान होने के कारण ग्रामीण इलाकों के लोगों में पानी के लिए हाहाकर मचा हुआ है। नल जल योजना सिर्फ योजना बनकर ही ग्रामीण क्षेत्रों में रह गई है। इस योजना से ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण पानी के लिए काफी मशक्कत कर रहे हैं। बुद्धिजीवियों का कहना है कि सरकार जब योजना बनाती है तो इसकी व्यवस्था पुरी सुदृढ़ तारिका से होती है लेकिन कहीं ना कहीं नल जल योजना एक बिचौलिये के हाथ में दी गई है । इसके कारण सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में आदिम जनजाति के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। मनातू में सरकार की नल जल योजना पूरी तरह फेल हो गई है। यह योजना अधूरी ही रह गयी है। बाहरी ठेकेदारों ने काम करने की जिम्मेदारी ली थी लेकिन पंचायत में कहीं कहीं बोरिंग किया गया है। लोगों का कहना है कि ड्राई में ही बोर किया गया इस कारण पानी नहीं मिल सका। पंचायत में इस योजना के अधूरे कामों पर नजर किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी तौर पर पुष्टि नहीं है। इस योजना में शामिल ठेकेदार पर कार्रवाई की जानी चाहिए। मनातु के नौडीहा, पदमा, बंशी खुर्द, चक , डुमरी, रंगीया पंचायत में नल जल योजना का काम अधूरा ही पड़ा है। प्रतिनिधि अपने अधिकारिक जन समस्याओं को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई समस्या निदान करने हेतू नजर आ रहे हैं ।प्रतिनिधि द्वारा नल जल योजना में दिलचस्पी नहीं ली जा रही है। राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मनातू प्रखंड के सभी पंचायत में नल जल योजना सिर्फ दिखावा के लिए बनाया गया है प्रखंड में एक भी जल मीनार चालू नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि मंझौली पंचायत में पूर्व में बोरिंग हुआ था उसी में अधिकतर

# ज्ञान निकेतन : विशेष कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को दी गयी संविधान की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व स्कूली बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ज्ञान निकेतन स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को भारत के संविधान के निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बच्चों ने संविधान निर्माण की पूरी प्रक्रिया को एकांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में संविधान के प्रति निष्ठावान बनाना तथा संविधान के महत्व को समझाना था। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के शिक्षक श्रीकांत शर्मा तथा मनोज कुमार झा ने तैयार किया और प्रस्तुति के लिए बच्चों को तैयार किया।

विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय ने कहा कि हमें अपने संविधान के बारे में अधिक समझ विकसित करने की जरूरत है। इस प्रकार के कार्यक्रम से हमारे बच्चों में संविधान की अधिक समझ विकसित होगी, जिससे अच्छे नागरिक बन सकेंगे।

विद्यालय के शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल ने इस प्रकार के कार्यक्रम को बच्चों के विकास के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने और उसे सुरक्षित रखने के लिए यह जरूरी है कि देश का प्रत्येक नागरिक संविधान के महत्व को समझे और संविधान द्वारा प्राप्त अधिकारों का सदुपयोग करें और निर्धारित कर्तव्यों का पालन करें। अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि हमारे बच्चे संविधान को अच्छी तरह से जानें और समझें, जिससे वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को ठीक से जान सकें। अंत में विद्यालय प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करने वाले शिक्षकों तथा बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बारात से लौट रही ऑटो पलटी, एक दर्जन बाराती घायल, एक गढ़वा रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** बीती रात बारात से लौट रही एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई, जिससे उसमें सवार एक दर्जन बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा भवनाथपुर के पीलूयाहि मोड़ के समीप हुआ। सभी घायल कोन मंडरा गांव के निवासी हैं। घायलों को तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सक डॉ फैज अहमद द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से एक की स्थिति गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। घायल बारातियों में प्रेमनाथ उरांव (पिता- सीता उरांव), आदि उरांव (पिता- एतवा उरांव), चुनूं उरांव (पिता- पुराण उरांव), विक्रम उरांव (पिता- मनीष उरांव), धीरज उरांव (पिता- कैला उरांव), मनीष उरांव (पिता- चुनूं उरांव), सुनील उरांव (पिता- घूर्णन उरांव), रणजीत उरांव (पिता- करमू उरांव), और बंधन उरांव (पिता- कैला उरांव) शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी लोग तिलक समारोह से लौट रहे थे। तभी ऑटो चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क से करीब पांच फीट नीचे खाई में जा गिरा। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई, स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



घायल

## लोयाबाद शनिचरी हटिया से मोटर साइकिल चोरी

**लोयाबाद।** स्थानीय शनिचरी हटिया मोटर साइकिल चोरी की घटना सामने आई है। कनकनी हनुमान बाजार के रहने वाले अरुण कुमार के बाइक को निशाना बनाया गया। लोयाबाद शनिचरी हटिया से एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है।इस बार कनकनी हनुमान बाजार के रहने वाले अरुण कुमार की बाइक को अपराधी ले भागा। अरुण ने पुलिस को दिए लिखित शिकायत में कहा है कि शाम सवा पांच बजे, सब्जी खरीदने हटिया गया था।

# छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



पौधा के साथ बच्चे व शिक्षक

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरबे में जल पखवाड़ा के अवसर पर एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के सहायक शिक्षक अक्षय कुमार एवं तौसीफ रजा ने किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फूल-पत्तियों वाले पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बढ़ती गर्मी और जल संकट का मुख्य कारण पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई है। यदि समय रहते हम नहीं जागे, तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। हर व्यक्ति को हर साल कम से कम चार पौधे अवश्य लगाने चाहिए, तभी हम एक स्वस्थ और हरित भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। शिक्षकों ने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के लिए स्कूली स्तर पर बच्चों को जागरूक करना बेहद जरूरी है, जिससे वे छोटे से ही प्रकृति के महत्व को समझ सकें और जीवन भर उसका सम्मान करें। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया और सभी ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

एक नजर में

## आरके पब्लिक के बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पेंटिंग के साथ बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के आरके पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने बच्चों को पृथ्वी के संरक्षण के लिए जागरूक रहने और सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रतिभागियों के पोस्टरों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की कला में पर्यावरण के प्रति उनकी समझ और जागरूकता झलक रही है। प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना विकसित करते हैं। सभी बच्चों ने एक स्वर में कहा कि उनका छोटा-सा प्रयास धरती मां को समर्पित है और संकल्प लिया कि वे हर दिन को पृथ्वी दिवस की तरह मनाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प दोहराया और सभी को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## फार्मेसी परीक्षा का परिणाम घोषित




बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित फामेर्सी की विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया। बी फार्मा थर्ड सेमेस्टर (सत्र 2023-27) परीक्षा में कुल 47 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें एक को प्रमोट किया गया जबकि बाकी सभी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इस परीक्षा में कामना गुप्ता और कोमल गुप्ता ने संयुक्त रूप से सर्वोच्च 8.92 एसजीपीए हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके बाद साक्षी का स्थान रहा। बेहतर परीक्षा परिणाम को लेकर विश्वविद्यालय में खुशी की लहर है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने संकायाध्यक्ष सहित विभाग के सभी शिक्षकों और कर्मियों को बधाई दी। साथ ही कुलपति प्रो. डॉ एमके सिंह ने भी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे और परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। यह जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

## जलमीनार की मरम्मत में देरी से पानी को लेकर हाहाकार

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 स्थित भंडारी टोला में सोलर जनित जलमीनार की मरम्मत कार्य में लापरवाही के कारण पानी की भारी किल्लत हो गई है। संदीप चंद्रवंशी के घर के पास स्थित यह जलमीनार पिछले एक माह से खराब पड़ा है, जिससे इलाके के लगभग दस घरों में पेयजल संकट गहरा गया है। स्थानीय निवासी प्रदीप चंद्रवंशी, संदीप चंद्रवंशी, महेंद्र साव, संजू देवी, जया कुमारी समेत दर्जनों लाभुकों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व स्थापित इस जलमीनार से लोगों को नियमित रूप से पानी मिल रहा था, लेकिन बीते एक माह से यह बंद पड़ा है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को चापाकल से नंबर लगाकर या दूर पंपुकल घाट से पानी लाना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि जलमीनार लगाने वाले संवेदक ने 500 फीट बोरिंग में सिर्फ 100 फीट लोरिंग पाइप डाला, जिससे बार-बार पानी की आपूर्ति रुक जाती है। अब मोहल्ले में शादी-विवाह का माहौल है, ऐसे में पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। लाभुकों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार से तत्काल जलमीनार की मरम्मत और डीप बोरिंग पाइप बढ़ाने की मांग की है। वहीं नगर प्रबंधक राकेश कुमार पाठक एवं जितेश कुमार ने बताया कि संवेदक अरविंद कुमार दुबे से बातचीत हुई थी, जिन्होंने शनिवार तक मरम्मत कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया था।

# टीकाकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण

## सीएचसी प्रभारी ने किया ड्रेस कोड उल्लंघन पर दी चेतावनी



निरीक्षण करते सीएचसी प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के प्रभारी डॉ दिनेश सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न टीकाकरण और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आधा दर्जन से अधिक केंद्रों पर पहुंचकर टीकाकरण की स्थिति, कर्मियों की उपस्थिति और रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर एएनएम और सहिया निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं पाई गईं।

इस पर डॉ सिंह ने सख्त नाराजगी जताते हुए कर्मियों को ड्रेस कोड का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म का पालन न केवल अनुशासन दशार्ता है, बल्कि आम जनता में स्वास्थ्य विभाग की छवि को भी मजबूत करता है। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही डॉ सिंह ने टीकों की उपलब्धता, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के रिकॉर्ड की भी जांच की। कुछ केंद्रों पर रिकॉर्ड संधारण में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित कर्मियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। डॉ सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आम लोगों तक तभी प्रभावी ढंग से पहुंच सकता है जब स्वास्थ्यकर्मी जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने की अपील की।

### मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

# हिन्दू पर्यटकों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** शनिवार को कांडी प्रखंड स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए 28 हिंदू पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बजरंग दल संयोजक शशि रंजन दुबे ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम लाला दुबे उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में सभी शहीद पर्यटकों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्य अतिथि राम लाला दुबे ने कहा कि यह हमला मानवता पर हमला है और देश को ऐसे कायराना कृत्यों के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह, राम जन्म प्रसाद, शिव प्रसाद पाण्डेय, नारद पाण्डेय, नीरज सिंह, लालमेंद्र कुमार, कौशल किशोर, राजा राम बैठा, विजय सिंह, सुधीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महंगाई भत्ता कम होने से कोयला अधिकारियों के वेतन पर पड़ेगा असर

**धनबाद।** महंगाई भत्ता में कमी आने का असर कोयला अधिकारियों के वेतन पर पड़ेगा। उनके वेतन में पांच सौ से दो हजार रुपए तक कमी आएगी। यह एक अप्रैल से जून तक प्रभावी होगा। उक्त जानकारी कोल इंडिया ने चालू तिमाही में इंडस्ट्रीय डीए (आईडीए) को लेकर जारी पत्र में दी है। जिसमें अस्थायी महंगाई भत्ता में कमी आने की बात कही गई है। इस तिमाही कोयला अधिकारियों को बेसिक का 48.7 महंगाई भत्ता मिलेगा। इसके पूर्व की तिमाही में 49.6 प्रतिशत था। यानी दशमल 9 प्रतिशत की कमी हुई है। महंगाई इंडेक्स के अनुसार इसमें हर तिमाही में परिवर्तन होता है। आमतौर पर थोड़ी बहुत वृद्धि का ही ट्रेंड रहा है। बीसीसीएल के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोटे तौर पर पांच सौ से 2000 रुपए की कमी वेतन में होगी। औसतन देखें तो हजार रुपए की कमी होगी। ग्रेडवार बेसिक के आधार पर आईडीए के अनुसार वेतन में कमी-बेसी होती है।

# जीएन कॉन्वेंट में पोषण पखवाड़ा के समापन पर योग

## प्राणायाम और पौष्टिक भोजन पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



योग करते बच्चे

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में सीबीएसई के निदेर्शानुसार पोषण पखवाड़ा के अंतिम दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 3 से 7 तक के विद्यार्थियों ने नियमित योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल असेंबली में पीटी और ड्रिल अभ्यास से हुई, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। मौके पर निदेशक सह शिक्षाविद्य मदन प्रसाद केशरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपोषणीय और तली-भुनी चीजें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं, जबकि पारंपरिक और पौष्टिक आहार शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होता है। उन्होंने खानपान में संयम बरतने और स्वच्छता को अपनाने पर बल दिया। जूनियर वर्ग के इंचार्ज खुर्शीद आलम ने बच्चों से अपील की कि वे अपने टिफिन में हमेशा पौष्टिक भोजन ही लाएं और चाऊमीन, पास्ता, पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक जैसे जंक फूड से दूर रहें। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों की सेहत के लिए घर पर भी पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दें। इस दौरान छात्रों को योगाभ्यास और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया और उन्हें रोजाना इसका पालन करने की प्रेरणा दी गई। मौके पर ऋषभ श्रीवास्तव, शिवानी गुप्ता, सरिता दुबे, रागिनी कुमारी सहित कई अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10 के छात्र कृष्णा केशरी और कक्षा 9 के भास्कर तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कक्षा 10 की छात्रा शालिनी ने किया।

# बीपी डीएवी में रेड डे का रंगारंग आयोजन

## बच्चों की प्रस्तुतियों ने लूटी वाहवाही




बच्चों के साथ मुख्य अतिथि

**गढ़वा।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया में शुक्रवार को रेड डे सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्कूल की ट्रस्टी इंद्राणी केशरी रहीं। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की गई, इसके बाद शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने आहा टमाटर नृत्य, कक्षा एक के बच्चों ने रेड डे इज द कलर ऑफ द डे और इचक दाना बिचक दाना नृत्य पेश कर तालियां बटोरीं। वहीं कक्षा दो के बच्चों ने फैंसी ड्रेस और छंद एक्ट से दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को लाल रंग की पहचान और महत्व से परिचित कराना था, जिसे बच्चों ने खेल-खेल में बखूबी सीखा। मौके पर मुख्य अतिथि इंद्राणी केशरी ने कहा बच्चों की प्रस्तुतियों ने मुझे बेहद प्रभावित किया। यह देखकर संतोष होता है कि मेरे ससुर स्व. पारस नाथ केशरी द्वारा दान की गई भूमि का उद्देश्य सार्थक हो रहा है। लाल रंग उत्साह, ऊर्जा और प्रेम का प्रतीक है और आज के कार्यक्रम में यह पूरी तरह झलकता रहा। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर शिक्षिका नेहा केशरी, दिव्या कुमारी, अदिति गुप्ता, इफ्तेशाम नाजनीन, मीडिया प्रभारी डॉ शम्भु कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

## किसानों की धान भुगतान में तेजी लाने की मांग

**कांडी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे ने शनिवार को जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किसानों की धान बिक्री की बकाया राशि शीघ्र भुगतान करने की मांग रखी। रामलाला दुबे ने बताया कि गढ़वा जिले के कई किसानों को पिछले वर्ष का धान मूल्य अब तक नहीं मिला है, जिससे वे अगली फसल की बुआई के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं। डुमरसोता, गड़ाखुर्द, पतीला, अटौला समेत दर्जनों धान क्रय केंद्रों पर सैकड़ों क्विंटल धान बिना पंचिंग के खुले आसमान के नीचे पड़ा है। किसानों को यह कहकर टाल दिया जा रहा है कि ऊपर से पंचिंग बंद कर दी गई है, जिससे किसान बेहद निराश हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि गढ़वा जिले की धान क्रय सीमा को बढ़ाया जाए और सभी क्रय केंद्रों पर किसानों के धान की पंचिंग कराकर अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में लगभग 90 प्रतिशत किसान कृषि पर निर्भर हैं और रवि फसल की बिक्री से खरीफ फसल की तैयारी करते हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, विकास समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने ढोल-नगाड़े के साथ चिपकाया इश्तहार

**धुरकी।** पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज केस नंबर 11/24 के अभियुक्त बूचनू भुईयां, पिता बनारसी भुईयां, ग्राम मिर्चइया, लंबे समय से गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय से प्राप्त इश्तहार के आधार पर शनिवार को पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए ढोल-नगाड़े के साथ अभियुक्त के घर और आसपास के इलाके में इश्तहार चिपकाया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि अभियुक्त को जल्द से जल्द थाना या माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण करना चाहिए, अन्यथा न्यायालय के आदेशानुसार उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से गांव में चर्चा का माहौल बन गया है।


**AFFIDAVIT**

I, Adityaa Kumari is legally daughter of JC-432051P, Rank-Sub C1k Kundan Prasad presently, Residing at Birsanagar zone no.05, Holding Number-86, East Singhbhum, Jamshedpur (JH)-831004. That, I have changed my name from Adityaa to Adityaa Kumari due to (As per aadhar in my documents). That my date of birth is 02.06.2006. After this affidavit i will be known as Adityaa Kumari and date of birth is 02 June 2006 for all pusposes. Vide affidavit no. 929, dated-22 April 2025.

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राँची जिला में ''झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना'' अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित पंचायत सचिवालयों एवं शहरी क्षेत्रों में संबंधित बैंकों के शाखाओं में दिनांक– 29.04.2025 (मंगलवार) को पूर्वाह्न– 10:00 बजे से अपराह्न– 3:00 बजे तक आधार सीडिंग (NPCI Mapper) हेतु शिविर का आयोजन किया गया है।

अतः वैसे लाभुक जिनका बैंक खाता आधार संख्या के साथ सीडिंग नहीं है, उक्त शिविर में उपस्थित हो कर आधार सीडिंग (NPCI Mapper) कराना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची

PR 351168 (Ranchi)25-26*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–12 / 2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.05.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 05.05.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.05.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Godown No.-1 at Kadru Ranchi | 4956500 | 99200 | 5000 | Three Months |
| 2 | Renovation of Godown No.-2 at Kadru Ranchi | 4980300 | 99700 | 5000 | Three Months |
| 3 | Renovation of 500 MT Godown at Tamar Ranchi | 2490500 | 49900 | 5000 | Two Months |
| 4 | Renovation of 1000 MT Godown at Silli Ranchi | 2496600 | 50000 | 5000 | Two Months |
| 5 | Renovation of 250 MT X 2 Godown at Angara Ranchi | 2493400 | 49900 | 5000 | Two Months |
| 6 | Renovation of 1000 MT Godown at Bundu Ranchi | 2492100 | 49900 | 5000 | Two Months |
| 7 | Renovation of 250 and 500 MT Godown at Sonahatu Ranchi | 2498200 | 50000 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 351156 Building(25-26).D

## समय संवाद

अब तो विश्व के कई मुस्लिम देशों ने भी पाकिस्तान के साथ खड़े होने से इनकार कर दिया। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अलग-थलग दिखाई दे रहा है। पाकिस्तान सरकार आतंकियों के सामने बेबस इसलिए है क्योंकि आज पाकिस्तान के अंदरूनी हालात ऐसे हो चुके हैं, जो बिखराव का रास्ता ही निर्मित करता है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान के विरोध में लम्बे समय से स्वर उठ रहे हैं, आज इन स्वरों में और तेजी आती जा रही है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के नागरिक भारत के साथ अपने सुखद भविष्य का सपना देखने लगे हैं। ऐसी स्थिति में यही कहना समुचित होगा कि आतंक के मामले पर आर-पार हो ही जाना चाहिए।

# अब तो आतंक पर हो आर-पार

**सुरेश हिंदुस्तानी**

पहलगाम में आतंकियों ने जिस बर्बरता से हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाकर उनकी हत्या की है, वह कई बड़े सवाल खड़े करता है। सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या वास्तव में भारत में हिन्दू होना अपराध है, अगर नहीं तो पाकिस्तानी आतंकियों ने उन्हें केवल हिन्दू होने की सजा क्यों दी। वैसे भी पाकिस्तान हमेशा से हिन्दुओं के बारे जहर उगलता रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हिन्दुओं के विरोध में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, उससे ऐसा लगता है कि पाकिस्तान कभी सुधर नहीं सकता। उसे उसी की भाषा में समझाने की आवश्यकता है। आतंक के मुद्दे पर अब आर-पार करने का समय आ गया है।



भारत में हर आतंकी घटना के बाद प्रायः यह सुनाई देता है कि आतंकवाद का कोई धर्म या संप्रदाय नहीं होता। यह निश्चित रूप से इस्लामिक आतंकवाद को सही ठहराने का कार्य करते हैं। यह उस स्थिति में सही माना जा सकता था, जब आतंकी बिना धर्म पूछे गोली चलाते लेकिन पहलगाम में तो केवल हिन्दुओं को ही गोली मारी गई। जो संगठन या व्यक्ति हमेशा यह कहते रहे हैं कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, पहलगाम में हुई आतंकी घटना से उनकी आँखों से परदा हट जाना चाहिए। घटना में केवल हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारी गई। पाकिस्तान द्वारा की गई इस आतंकी घटना के बाद स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से तब तक बाज नहीं आएगा, जब तक उसे जैसे को तैसा जवाब नहीं दिया जाएगा।

अब पाकिस्तान के विरोध में कठोर कदम उठाने का समय आ गया है। क्योंकि बार-बार मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान, कश्मीर में अशांति फैलाने का कायरता पूर्ण कार्य करता है। यह सारा खेल पाकिस्तान में आश्रय लेने वाले आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों को कश्मीर में आश्रय कौन देता है, यह जांच का विषय है। कोई भी विदेशी आतंकी तब तक अपने कार्य में सफल नहीं हो सकता, जब तक उसे स्थानीय स्तर पर सहयोग न मिले। इसलिए ऐसी आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय आतंकी तत्वों की पहचान भी जरुरी है।अभी कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत और हिन्दुओं के विरोध में जहर उगला, उससे साफ हो गया कि वे अपनी सेना और आतंकियों को भारत के विरुद्ध भड़का रहे हैं। हो सकता है यह आतंकी घटना उसी का परिणाम हो। हालांकि सेना प्रमुख के जहरीले बयान के बाद उनके ही देश पाकिस्तान के उन नागरिकों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी, जो पाकिस्तान के वर्तमान हालातों में समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके बाद भी आतंकी सरगनाओं के इशारों पर आतंक फैलाने वालों के लिए यह बयान एक प्रकार से हौसला बढ़ाने वाला ही रहा। जहां एक ओर पूरी दुनिया आतंक की समाप्ति के कदम का समर्थन कर रही है, वहीं पाकिस्तान इसे रोकने के बजाय बढ़ाने में लगा है। अमेरिका भी पाकिस्तान को कई बार आतंक पर लगाम लगाने की चेतावनी दे चुका है, लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान सरकार का आतंकी आकाओं पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं बचा, इसके विपरीत कभी-कभी ऐसा लगता है कि आतंकियों के नियंत्रण में पाकिस्तान की सरकार कार्य कर रही है।

अब पाकिस्तान को दिन में तारे दिखाने का समय आ गया है। भारत सरकार को आतंक के विरोध में कठोर कार्रवाई करना चाहिए।

# मन समर्पित गुरु में

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**भक्ति** दृष्टि देता है। अहंकार ज्ञान को ढंक देता है। भगवान राम से वशिष्ट ने हाथ जोड़कर वरदान मांगा कि प्रेम कभी घटे नहीं ऐसा वरदान दें। राम जब वन में गये तो वहां कई ऋषियों-मुनियों ने उनका संवाद हुआ। राम की भक्ति और ज्ञान की स्थिति से ऋषियों-मुनियों को लगा कि उनका जप-तप इस दशरथ नंदन राम के आगे नहीं टिकता है। राम अहंकार रहित थे। मनुष्य भक्ति के माध्यम से ज्यादा पा सकता है। तुलसीदास ने सदैव भक्ति की महिमा का बखान किया है। जो भी जप-तप से प्राप्त बल है उससे अधिक टिकाउ भक्ति के माध्यम से प्राप्त ज्ञान दृष्टि है। जो परम आत्मा है वही परमात्मा है। मजनू से जब कहा गया कि वह खुदा की इबादत करें तो उसने कहा कि खुदा अगर लैला के रूप में आ जाये तो उसकी इबादत कर सकता है। प्रेम बड़ा है या ईश्वर? निश्चित प्रेम बड़ा है। प्रेम ही परम बना देता है, परमात्मा बना देता है। नारद, विश्वमित्र, उद्धव, परशुराम ने जो सिद्धि प्राप्त की वह जप-तप से प्राप्त की गयी थी। इसलिए इसमें भटकाव भी था और क्रोध शेष भी। लेकिन जो कृष्ण ने प्रेम के माध्यम से प्राप्त किया वह आज भी राधा-श्याम के रूप में उपस्थित है। राधा-राधा बोलो चले आयेंगे बिहारी। यह पंक्ति भक्ति मार्ग की उंचाई को बताता है। काल, कर्म,स्वभाव और गुण का घेरा लेकर जीव संसार में घूमता है। काल समय है, कर्म क्या करेगा यह कुदरत से तय होता है। स्वभाव सभी का अलग-अलग होता है। गुण से भी प्रभावित होता है। गिद्धराज का खान-पान से लेकर गुण स्वभाव, कर्म सब कुछ अलग था लेकिन प्रेम राम में था। अंतर सिर्फ ज्ञान और अज्ञान का है। खुदा ने जीने का मौका दिया। दूसरे को मत देखो। शाकिर बनेगा कि काफिर यह आपके उपर निर्भर करता है। उपनिषद में वर्णित है प्रेम ही ईश्वर है। महात्मा बुद्ध की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब कनिष्क का शासन था जब भारत की राजधानी पेशावर थी। बुद्ध करुणा और दया के प्रतिक थे। बौद्ध राज्य धर्म था और इसका असर सूफियों पर भी पड़ा। आज बुद्ध की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है जो गलत है। सीरिया, अफगानिस्तान और ईरान के आस-पास इनका प्रचार-प्रसार था। आज यह पूरा क्षेत्र हिंसा के प्रभाव में है। आश्रम में स्वामी जी के सत्संग में शामिल होने जमशेदपुर, बोकारो, पाकुड़, गया, बक्सर सहित कई स्थानों से भक्त आये । इस अवसर पर अजय कुमार ने परमहंस दयाल भक्ति गीत और भजन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मन समर्पित नहीं तो पूजा पाठ भजन आश्रम दरबार का कोई मतलब नहीं है। आश्रम, कुटी सब मन लगाने का जरिया है। अगर पूजा में मन ही नहीं लगा तो पूजा व्यर्थ है। मन लगाने के लिए संग किया जाता है। स्वामी जी ने सत्संग के क्रम में कहा कि जब तक मन तैयार नहीं होगा, मन समर्पित नहीं होगा तो किसी भी आश्रम या दरबार के निर्माण का कोई अर्थ नहीं है। किसी भी कार्य का होना कल्पना से निर्धारित होता है। सबसे पहले कार्य कल्पना के माध्यम से मनुष्य के मन में आकार लेता है। उन्होंने कहा कि भक्त जहां होंगे वहीं कुटी बनती है। वगैर भक्त के कुटी का कोई मतलब नहीं है। पूर्व जीवन और इस जीवन की कल्पना से ही अगला जन्म तय होता है। किसी आम के फल का मीठापन इसे कितना जल से सींचा गया उस पर निर्भर करता है। लेकिन सिर्फ इस वर्ष के जल से कितना मीठापन आया और विगत वर्ष के जल का कितना असर है यह बताने की न तो कोई प्रकिया है न ही दुनिया में कोई मशीन इस जांच के लिए बनी है। कोलकाता कुटी के निर्माण के क्रम में गरुदेव स्वामी शिवर्धमानंदजी ने भक्तों की रुचि को समझा और कुटी का निर्माण कराया। जब तक भक्तों का मन कुटी के प्रति नहीं लगा तब तक नहीं बना। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)**

# गुणों की खान मेथी

**स्नेहलता मिश्रा**

**मेथी** का नाम सुनते ही कुछ कड़वाहट तो नहीं महसूस होती? शायद होती हो। क्योंकि मेथी के दानों में कड़वाहट तो होती ही है। असल में मेथी के दाने बेशक कड़वे होते हों, लेकिन गुणकारी बहुत होते हैं।

**मेथी के ढेबरे सामग्री :**

मेथी के पत्ते आधा किलो, बाजरे का आटा चार कटोरी, गेहूं का आटा एक कटोरी, थोड़ा सा गुड़, हरा धनिया, हरी मिर्च, पिसा गरम मसाला, तेल, अदरक।

**विधि :** मेथी के पत्तों को धोकर काट लें और उन्हें बाजरे और गेहूं के आटे में मिला दें। इसमें मसाले एवं गुड़ डालें और इस मिश्रण को गूंथ लें। ध्यान रहे कि यह ज्यादा गीला न हो, बल्कि पूड़ियों के लिए गूंथे जाने वाले आटे की तरह हो। कड़ाही में तेल डालकर गैस पर चढ़ा दें। मेथी-आटे से छोटी-छोटी पूड़ी बनाकर इन्हें तल लें। मेथी के ढेबरे तैयार हैं। इन पर बारीक कटी हरा धनिया और अदरक बुरक दें। स्वाद के लिए आप चटनी भी बना सकते हैं। इसे नाश्ते में ले सकते हैं या कभी भी गरमागरम परोस सकते हैं। ढेबरे सुपाच्य होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी अच्छे हैं। **मेथी के गट्टे सामग्री :**

बेसन 2 कप, मेथी बारीक कटी हुई 2 कप, हरी मिर्च का पेस्ट 2 छोटे चम्मच, गरम मसाला 2 छोटे चम्मच, हींग एक चुटकी, तेल मोयन, नमक स्वादानुसार। तेल 50 ग्राम, मीठी नीम 15 पत्ते, हींग एक चुटकी, जीरा एक छोटा चम्मच, हल्दी 1/2 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर एक छोटा चम्मच, गरम मसाला एक छोटा चम्मच, अमचूर एक छोटा चम्मच नमक इच्छानुसार, सफेद तिल 2 छोटे चम्मच भुने हुए, 2 हरी मिर्च लंबाई में कटी हुई, 2 छोटे चम्मच चाट मसाला, धनिया बारीक कटी हुई। **विधि :** पहले बेसन में मेथी, सभी मसाले एवं तेल डालकर पानी से कड़ा गूंथ लें। लगभग 10 से 15 मिनट तक ढक कर रखें। एक बड़े भगौने में पानी उबालें, उसमें बेसन के मोटे रोल बनाकर डालें। नुकीली सलाई से चेक करें, यदि सलाई आर पार हो जाती है तो गट्टे उबल कर तैयार हैं। ठंडा होने पर काट लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करें। दोनों साबुत लाल मिर्च तल कर निकाल लें। अब तेल में जीरा, हींग, मीठी नीम के पत्तों को डालकर भूनें। अब इसमें हल्दी, मिर्च, गट्टे आदि डालकर हल्के हाथ से चलाएं। 3 या 4 मिनट बाद गरम मसाला और अमचूर पाउडर डालें। हल्का भूरा होने पर उतार लें।

# योग के आध्यात्मिक पक्ष को जानें



**- डॉ. परिणीता सिंह**

**योग** एक ऐसी विद्या है, जिसके द्वारा शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का निराकरण ही नहीं बल्कि जीवन को नैतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी सार्थक बनाता है। योग शब्द की उत्पत्ति युज धातु से हुई है, जिसका अर्थ है एक होना।

यहां एकीकरण का तात्पर्य मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक पक्षो का सम्मिलित होने से है।आज विश्व वैज्ञानिक एवं भौतिक दृष्टि से परिपूर्ण है, परंतु आध्यात्मिक पक्ष का विकास नहीं के बराबर है, जिस कारण कई सुविधाएं होने के बावजूद भी शारीरिक एवं मानसिक रोग उत्पन्न हो रहे हैं।मानसिक विकार एवं विकृति के कारण मनो दैहिक रोग का जैसे जाल सा फैल रहा है। जितने भी सामाजिक, राजनीतिक संस्थाएं हैं, वैसे सभी योग के चिकित्सात्मक पक्ष पर ही बल दे रहे हैं, जिससे बीमारियां तो खत्म हो रही है, परंतु सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास नहीं हो पा रहा है। इन दिनों योग के व्यवहारिक पक्ष से भी सिर्फ कुछ क्रियाओं जैसे आसन प्राणायम पर ही बल दिया जा रहा है। जिस कारण योग अपनी यौगिक शास्त्रीय अवधारणा में से अलग होता जा रहा है ।

जबकि संपूर्ण व्यक्तित्व के लिए कई यौगिक क्रियाओं का समावेश आवश्यक है ।यौगिक शास्त्रों में योग के व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक पक्षों को भलीभांति समझाया गया है ।ऋषि-मुनियों ने मानवता की असीम दुख पीड़ा के उन्मूलन एवं आनंद तथा शांति की प्राप्ति के अनेकों उपाय बताएं है । जिसके द्वारा शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का निवारण की नहीं बल्कि जीवन को नैतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी सार्थक बनाया जा सकता है ।

संपूर्ण व्यक्तित्व की प्राप्ति के लिए मानस विज्ञान को जानना समझना अति आवश्यक है, जिसमें मन के स्वरूप, मन की कार्यप्रणाली एवं मन का विस्तार संबंधी विषय अत्यंत गहन रूप से ग्रंथों में उपलब्ध है । जिसके द्वारा शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिकता का विकास किया जा सकता है। आध्यात्मिकता का जागरण अज्ञानता को समूल समाप्त करती है, जिससे मनुष्य वास्तविक स्वरूप का आनंद अनुभव करता है और सदा उन्मुक्त एवम् स्वतंत्र रहता है।

(फैकल्टी योग विभाग, रांची विश्वविद्यालय रांची डायरेक्टर - डिवाइन योगा अकादमी वाइस प्रेसिडेंट - इंडियन योग एसोसिएशन, झारखंड)

# 1857 की क्रांति

समय के साथ 1857 की क्रान्ति आरंभ हुई। इस क्रांति का उद्घोष बंगाल की बैरकपुर छावनी से क्राँतिकारी सिपाही मंगल पाडेय ने कर दी थी। अंग्रेजों ने कुछ सैनिकों का कोर्ट मार्शल किया और कुछ को अपमानित करके बर्खास्त कर दिया। छावनी में बर्खास्त किये गये सैनिकों में एक बड़ी संख्या भोजपुरी सैनिकों की थी। वे बर्खास्त और अपमानित होकर भोजपुर लौटे। इसकी प्रतिक्रिया स्थानीय नागरिकों में हुई। जगदीशपुर में सभा हुई और अंग्रेजों से भारत को मुक्त कराने का संकल्प लिया गया। सभी सैनिक और नागरिक एकत्र होकर बाबू कुँअर सिंह के पास आये और उनसे नेतृत्व संभालने का अनुरोध किया। तब बाबू कुँअर सिंह की आयु 80 वर्ष थी फिर भी उन्होंने मातृभूमि की मुक्ति के संघर्ष का मार्ग चुना। पूरे भारत में यह क्राँति मई माह में आरंभ हुई लेकिन जगदीशपुर में इसका उद्घोष अप्रैल 1857 में ही हो गया था। बाबू कुंवर सिंह के नेतृत्व में इन सैनिकों ने पहले कारागार से सभी बंदियों को मुक्त किया और अंग्रेजों के खजाने को अपने अधिकार में ले लिया। यह तिथि 27 अप्रैल 1857 थी। इसके बाद क्राँतिकारी सैनिक दानापुर सैन्य छावनी पहुंचे और दानापुर छावनी के भारतीय सैनिकों को अपने साथ लिया और भोजपुर, शाहाबाद, आरा आदि आसपास के सभी नगरों को अपने अधिकार में ले लिया।

इस विजित क्षेत्र पर प्रशासन संचालन की व्यवस्था करके बाबू कुँअर सिंह के नेतृत्व में सैनिकों ने बीबीगंज पर धावा बोला और उसपर अधिकार कर लिया।

**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार**

**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***

**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

**धनबाद कार्यालय**
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# क्लीनिकल लैब टेक्नोलॉजी के फील्ड में जॉब

**प्रशांत झा**



**मेडिकल** और क्लीनिकल लैब टेक्नोलॉजी के फील्ड में व्यापक श्रेणी में ब्लड बैंक टेक्नोलॉजी आती है। ब्लड बैंक तकनीशियन, आमतौर पर फ्लेबोटोमिस्ट के रूप में प्रशिक्षित किए जाते हैं और यह ब्लड को इकट्ठा करने और लेबलिंग करने का काम करते हैं। ब्लड बैंक तकनीशियन आमतौर पर मेडिकल प्रयोगशालाओं और ब्लड बैंक्स में काम करते हैं। ये डोनर से ब्लड कलेक्ट करके स्टोर भी करते हैं। इसके अलावा ब्लड का टाइप, और कलेक्ट किया ब्लड सुरक्षित है कि नहीं, ब्लड में स्वस्थ अणुओं के स्तर का भी प्रशिक्षण करते हैं। ब्लड बैंक तकनीशियन का कोर्स नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन के तहत आता है और इस कोर्स को करके आप एक अच्छा भविष्य तो बना ही सकते हैं साथ ही प्रधानमंत्री के मिशन कौशल भारत, कुशल भारत में भी साथ दे सकेंगे।

**नेचर ऑफ वर्क**

ब्लड बैंक तकनीशियन की ज्यादातर गतिविधियां कार्यालय आधारित होती हैं। वह ब्लड बैंक्स और प्रयोगशालाओं में ही काम करते हैं। डोनर से ब्लड लेकर उसकी बारीकी से रिसर्च करना, उस ब्लड का टाइप पता करने और खासकर वह ब्लड कितना सुरक्षित है यह देखना, आपातकालीन समय के लिए उस ब्लड को स्टोर करने तक का काम ब्लड तकनीशियन का ही होता है। इसके अलावा हॉस्पिटल्स की लैब में पेशेंट्स के ब्लड की जांच करना और उससे संबंधी जानकारियों को इकठ्ठा करना ही ब्लड बैंक तकनीशियन का काम होता है। इन सभी कार्य के साथ-साथ तकनीशियन ब्लड का रिकॉर्ड भी तैयार करता है। जो व्यक्ति इस फील्ड में अपने करिअर को आगे बढ़ाना चाहते हैं उनमें स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता होनी आवश्यक है और साथ ही उनमे एक अच्छा विश्लेषणात्मक कौशल भी होना चाहिये।

**कोर्स, योग्यता एवं अवसर**

इच्छुक व्यक्ति का किसी भी संकाय वा किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं पास होना अनिवार्य है। इन कोर्स के दौरान अभ्यर्थियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग में खासा ध्यान रखा जाता है, जिसमें उन्हें तरह-तरह के ब्लड सैंपल्स की जांच करना सिखाया जाता है और इसके अलावा ब्लड की हर एक जरूरी तत्व को समझाया जाता है। साथ ही कोर्स के दौरान आपातकालीन स्थिति या किसी भी तरह की आपदा की स्थिति में किस तरह से निपटा जाए और कैसे उस स्थिति में काबू पाया जाए वह भी सिखाया जाता है। इस फील्ड में आप एसएससी के द्वारा भी परीक्षा देकर किसी भी सरकारी पद के लिए आवेदन कर सकते है।

इस कोर्स में डिप्लोमा लेने के बाद हर राज्य में सरकारी व गैर सरकारी विभाग में नौकरी के कई नए अवसर खुल जाएंगे। इसके अलावा अभ्यर्थी प्राइवेट हॉस्पिटल्स या प्राइवेट लैब में भी काम करके खासा पैसा कम सकता है। वर्तमान समय की अगर बात की जाए तो मेडिकल लैब की मार्केट में भरमार है और बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे डॉ पैथ लैब और रैनबैक्सी की तो हर एक शहर में लैब है।

इसमें ब्लड बैंक डिपार्टमेंट में ऐसे लोगों की अच्छी डिमांड है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंक्स में भी नौकरी मिलने की संभावना बनी रहती है। डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद आप बतौर तकनीशियन किसी भी ब्लड बैंक में काम कर सकते हैं।

# बच्चों में कॉर्टून की बुरी लत

**मोनिका शर्मा**

**टेलीविजन** स्क्रीन पर हंसते खिलखिलाते दिखते कार्टून कैरेक्टर्स को बच्चे पसंद तो करते ही हैं, उनके मन पर भी इनका असर कुछ कम नहीं होता। यही वजह है कि ऐसे कार्यक्रमों में दिखने वाले प्यारे-न्यारे चेहरे सिर्फ मनोरंजन करने वाले चरित्र भर नहीं बल्कि मासूमों की सोच और समझ को भी गहराई से प्रभावित करते हैं। तकलीफदेह है कि हमारे यहां कई कार्टून कार्यक्रम बच्चों के मनोविज्ञान के मुताबिक नहीं हैं। इनसे बच्चों का विचार और व्यवहार दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। कई कार्टून चरित्रों की भाषा से लेकर हावभाव तक, सब कुछ नकारात्मकता परोसने वाले हैं। ऐसे में बच्चे टीवी पर कैसे कार्टून प्रोग्राम देख रहे हैं, इसे लेकर अभिभावक खुद सजग रहें।

**समय तय कीजिए**

कई घरों में बच्चे घंटों कार्टून प्रोग्राम देखते हैं। कोरोना काल में बच्चों का टीवी टाइम और बढ़ा है जिसके चलते छोटे बच्चों का कार्टून कार्यक्रमों को देखने का समय भी बढ़ गया है। बहुत छोटे बच्चे जो अभी तक स्मार्ट गैजेट्स के जाल में नहीं फंसे हैं, वे टीवी स्क्रीन को ताकने में समय बिता रहे हैं। जबकि टेलीविजन में हर वक्त अपनी आंखें गड़ाए रखना बच्चों के लिए कई खतरे लिए है। बच्चों में सिरदर्द, कमर दर्द, आंखों का रूखापन, मोटापा जैसी फिजिकल समस्याएं आम हैं। ऐसे ही एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी कुछ व्यवहारगत तकलीफें भी लम्बे समय तक टीवी देखते रहने के चलते बच्चों को घेर रही हैं। स्कूल में एक नियत शेड्यूल में क्लासरूम का माहौल और शारीरिक गतिविधियों का समय तय था। अब बच्चे पूरा दिन घर में बिता रहे हैं। यह उन्हें शारीरिक और मानसिक समस्याओं से बचाएगा।

**भाषा और बिहेवियर परखें**

आमतौर पर बच्चों के साथ इन कार्यक्रमों को देखने के लिए घर के बड़े नहीं बैठते हैं। बच्चे अकेले ही अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा कार्टून प्रोग्राम देखने में बिताते हैं। इन कार्यक्रमों में क्या दिखाया जा रहा है? यह अभिभावकों को पता तक नहीं होता। जबकि कई कार्टून हिंसा और अन्धविश्वास के साथ कई चरित्र आक्रामक, अभद्र और अजीबोगरीब भाषा बोलते हैं। यह भाषा शैली मासूमों के दिलो दिमाग पर गहरा प्रभाव डालती है।

घर के माहौल में एहतियात बरतने और उनकी भाषा पर ध्यान दिए जाने के बावजूद बच्चे ऐसी भाषा बोलना सीख जाते हैं। कार्टून चरित्रों की तरह बोलने की कोशिश करते हुए कई अपमानजनक और बेहूदा शब्द उनकी बातचीत का हिस्सा बन जाते हैं। उनकी तरह बोलना और व्यवहार करना बच्चों की आदत में शुमार हो जाता है।

**लत न बने**

एक अध्ययन के अनुसार आज देश में 30 प्रतिशत स्कूली बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को देखभाल की जरूरत है। यह कहीं ना कहीं अकेलेपन का नतीजा है, जो उन्हें कार्टून कार्यक्रमों को देखने का आदी भी बना रहा है। जाने-अनजाने बच्चों का मन इन कार्यक्रमों को देखने का आदी भी बन रहा है। एक अध्ययन के मुताबिक 2-5 साल तक के बच्चे एक हफ्ते में तकरीबन 32 घंटे कार्टून कार्यक्रम देखने में लगाते हैं। पेंडेमिक काल में यह समय बढ़ा ही है।

**कहानियों से जोड़ें**

आज के समय में किस्से-कहानियों के जरिए बच्चों का मनोरंजन करना बीते जमाने की बात हो गई लगती है। कहानियां, जो सही मायने में बच्चों का भाषायी ज्ञान और शब्दावली बढ़ाने में सहायक हैं, अब बचपन का हिस्सा ही नहीं रहीं। बालमनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि कहानियां बालमन को बौद्धिक और भावनात्मक दोनों ही स्तरों पर सकारात्मक ढंग से प्रभावित करती हैं। ऐसे में पेरेंट्स बच्चों को किस्सों कहानियों से जोड़ें।

# क्रॉंतिकारी बाबू कुँअर सिंह, 80 वर्ष की आयु में संभाली थी क्रांति की कमान

26 अप्रैल 1858 : क्रॉंतिकारी बाबू कुँअर सिंह, 80 वर्ष की आयु में संभाली थी क्रांति की कमान

**-रमेश शर्मा**

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में ऐसे असंख्य बलिदानी हुये जिन्होंने न अपने परिवार की चिंता की न आयु बाधा बनी। वे भारत की स्वाधीनता के लिये न्यौछावर हो गये। ऐसे ही बलिदानी थे बाबू कुँअर सिंह, जिन्होंने हाथ में बंदूक लेकर 80 वर्ष की आयु में क्राँति का मोर्चा संभाला। उनका जन्म 1777 को बिहार के शाहाबाद जिला अंतर्गत जगदीशपुर गांव में हुआ था। शाहाबाद का पुराना नाम भोजपुर था। बाबू कुँअर सिंह भोजपुर बसाने वाले इतिहास प्रसिद्ध राजा भोज के वंशज माने जाते थे लेकिन समय के साथ यह वंश परंपरा जगदीशपुर के जागीरदार तक पहुंची। अंग्रेजी राज में इस परिवार ने समन्वय का मार्ग निकाला। अंग्रेजों से संबंध तो ठीक रखे लेकिन अपनी जागीर के अंतर्गत सामान्य जनों पर कोई अतिरिक्त कर न थोपे। कृषि एवं खनिज उत्पाद का एक निश्चित लाभांश संबंधित प्रजा जनों को मिले इसका सिद्धांत बनाकर ही वे अपनी जागीर का संचालन करते थे इसलिए वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय और सम्मानित भी थे।

अंग्रेज समर्थक टुकड़ी ने या तो घुटने टेक दिये अथवा भाग गई। यह 2 अगस्त 1857 की तिथि थी। पर क्राँतिकारियों की यह स्वतंत्र सत्ता अधिक न चल सकी। सितम्बर माह में अंग्रेजी फौज ने पहले आरा पर हमला बोला फिर बीबीगंज पर। अंग्रेजों के पास आधुनिक हथियारों से युक्त सैन्य टुकड़ी और तोखाना था। आरा और बीबीगंज में अंग्रेजों के भारी पड़ते ही क्राँतिकारी जगदीशपुर आ गये। अंग्रेजी फौज ने जगदीशपुर घेरा और गोलाबारी से किले की दीवारें ध्वस्त कर दीं। एक भी व्यक्ति को जीवित न छोड़ा। महल और किला दोनों खंडहर हो गये। वीर कुंवर सिंह किसी प्रकार सुरक्षित निकल गये। वे पहले मध्य प्रदेश के रीवा आये। रीवा राज परिवार में उनकी रिश्तेदारी थी। रीवा में कुछ दिन रुककर बांदा गये फिर कालपी। यहाँ उनकी भेंट तात्या टोपे और नाना साहब पेशवा से हुई।

बाबू कुँअर सिंह आगे चल रहे थे और अंग्रेज अधिकारी कॉलिन के नेतृत्व में एक सैन्य टुकड़ी निरंतर उनका पीछा कर रही थी। नाना साहब पेशवा ने बाबू कुंवर सिंह की सुरक्षा में रामगढ़ के सैनिकों की एक टुकड़ी तैनात कर दी थी। इस टुकड़ी की सतर्कता से पीछा कर रहे अंग्रेज सैनिकों का दांव न लग रहा था। कुँअर सिंह बांदा, आजमगढ़, बनारस, बलिया, गाजीपुर एवं गोरखपुर होकर बिहार लौटना चाहते थे। जब यह समूह गंगा पार करने के लिये नाव में बैठा तब पीछा कर रहे अंग्रेज सैनिकों ने मौका देखकर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा टुकड़ी ने जवाबी गोलीबारी तो की पर वे नाव में थे। बचाव असफल हो गया। अनेक क्राँतिकारी घायल हो गये। एक गोली वीर कुँअर सिंह को भी लगी। यह गोली उनकी बांह में लगी थी। किसी तरह बचकर जंगल की ओर गये। बहुत रक्त बह गया था। बचने की संभावना बहुत कम रह गई थी। वे अपने जन्मस्थान पर ही शरीर छोड़ना चाहते थे इसलिये जगदीशपुर की ओर चल दिये। वे 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर पहुंचे। अधिक रक्त बहने और घाव बढ़ने से जीवन नाम मात्र का रह गया था। जगदीशपुर में उपचार हुआ किन्तु व्यर्थ गया और 26 अप्रैल 1858 को क्रान्ति के इस महान नायक ने शरीर त्याग दिया ।

इतिहास की पुस्तकों में इस 80 वर्षीय वीर महानायक का विवरण बहुत कम है पर भोजपुर के लोक जीवन में इनके संघर्ष की चर्चा कहानियों के रूप में आज भी जीवन्त है ।

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# पहलगाम हमले के विरोध में पूरी तरह बंद रहा हजारीबाग

## चेंबर और व्यापारियों ने निकाला जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को हजारीबाग पूरी तरह बंद रहा। फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, हजारीबाग के आह्वान पर आयोजित इस एकदिवसीय बंद को व्यापारियों, उद्यमियों और आमजनों ने स्वतःस्फूर्त समर्थन दिया। सुबह 9 बजे से ही बाजारों में चेंबर पदाधिकारी और व्यापारी जुलूस की शक्ल में निकले और बंद का व्यापक असर देखा गया। झंडा चौक पर पाकिस्तान के खिलाफ उग्र नारों के बीच आक्रोश प्रदर्शन हुआ। शहीदों अमर रहें और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा। जनता के चेहरों पर आतंकवाद के प्रति गुस्सा और मृतकों के प्रति गहरी संवेदना झलक रही थी। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी बंद का समर्थन करते हुए अपने कार्यालय दिनभर बंद रखे। दोनों ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और इस हमले का निर्णायक जवाब दिया जाना चाहिए। चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल और अन्य पदाधिकारियों ने जनता की एकजुटता की सराहना की और केंद्र सरकार से आतंकियों व उनके संरक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। चेंबर ने बंद को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यापारियों और जनता का आभार व्यक्त किया।



## स्पीड न्यूज

### पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि



**कुजू।** पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में डटमा मोड़ में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी। श्रदांजलि में शामिल लोगों ने शहीदों के आत्मा की शान्ति के लिए उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। वही सभी लोगों ने एक स्वर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग किया। कहा कि पाकिस्तान को एक बार फिर से उसके घर मे घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया जाए। साथ ही विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान मुदार्बाद समेत आतंकियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सभी लोगों ने सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग किया। कहा कि जिस तरह से आतंकियों हमारे हिन्दू भाइयों को धर्म पूछकर मारा, अब समय आ गया है कि हम लोग अपना धर्म बता कर उनको मारेंगे। श्रद्धांजलि सभा में मांडू विधायक तिवारी महतो, अमर सिंह, जगेश्वर प्रजापति, धर्मराज राम, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, मोती प्रसाद, इंद्रमोहन शर्मा, प्रेम प्रसाद, मुखिया जयकुमार ओझा, अनिल सिंह, कुलदीप प्रसाद, जनक प्रसाद, रतन प्रसाद साहू, चिंटू सिंह, नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, ललन सिंह, जवाहर प्रसाद अग्रवाल, शिवा मेहता, अखिलेश सिंह, मोहसिन खान, आकाश ओझा, जयकिशोर महतो, फुदन मिश्रा, विकास सिंह, प्रदीप गुप्ता, सुनील सिंह, गौरी शंकर प्रसाद, अजीत सिन्हा, पप्पू ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### दिगवार में निकाला कैंडल मार्च



**कुजू।** पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार देर शाम दिगवार मे कैंडल मार्च निकला गया। दर्जनों की संख्या में शामिल लोगों ने अपने हाथों में कैंडल लेकर पाकिस्तान के विरुद्ध नारा लगाते हुए अपनी मार्च की शुरूआत की। कैंडल मार्च मैन चौक से प्रारंभ होकर हिंद चौक और बाद में दिगवार चौक पहुंचकर सभा कर इसकी समाप्ति की गई। मौके पर वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर की धरती एक बार फिर आतंक की आग में झुलस गयी। पहलगाम की वादियों में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकियों द्वारा 28 मासूम पर्यटकों की नृशंस हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जिसको लेकर देशभर के लोगों के बीच गुस्सा है। बाद में पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाने और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से इसका प्रतिशोध लेने की मांग की। कैंडल मार्च में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, अर्जुन यादव, कुलदीप कुशवाहा, कुलदीप अमीन, सुनील प्रसाद साहू, रोहन लाल, विनोद प्रसाद, विनोद कुशवाहा, बुद्धदेव महतो, दिलेश्वर कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, चंदन कुमार, बालेश्वर महतो, द्वारिका महतो, सुनीता दास, उर्मिला देवी, संगीता देवी, सुमन देवी, वीणा देवी, रूबी देवी, चिंता देवी, मंजू देवी, ऐतवारिया देवी,बिगु महतो, विनोद यादव, पवन यादव, रमेश यादव, नारायण महतो समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### भुरकुंडा में एनसीओइए की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनसीओईए (सीटू) भुरकुंडा ब्रांच की बैठक शुक्रवार को शाखा कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष किरण कुमार ने किया। बैठक में 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर भुरकुंडा शाखा सचिव संतोष यादव ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनकी मांगों को लेकर यह हड़ताल बेहद अहम है। क्षेत्रीय सचिव रामनरेश सिंह ने हड़ताल के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया और संगठन को मजबूत बनाने पर प्रकाश डाला। बैठक में भुरकुंडा क्षेत्र के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं जैसे वेतन, कार्य स्थितियों और सुविधाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में असगर अंसारी, सन्यासन घोष, प्रमोद सिंह, इसरफूल अंसारी, गणेश उरांव, एतवा उरांव समेत कई अन्य साथी उपस्थित थे।

### तमिरे मिल्लत कमेटी की बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** तमिरे मिल्लत कमेटी ब्लॉक पतरातु की हुई बैठक। बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 हिंदुओं की हत्या पर शोक व्यक्त किया गया। सदस्यों ने आतंकवादियों की इस कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा की और शहीदों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। कमेटी ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस जघन्य हमले में शामिल दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने और सभी राजनयिक व व्यापारिक संबंधों को समाप्त करने की भी मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष रूसतम अंसारी एवं संचालन सचिव आजाद अंसारी ने किया। मौके पर मो. रुस्तम अंसारी, मो. आजाद अंसारी, मो. इरफान अंसारी, मो. अफजाल अंसारी, मो. शमशुल अंसारी, मो. मुबारक अंसारी, मो. सुल्तान अंसारी, मो. अनवर हुसैन, मो. सलाउद्दीन मंसूरी, मो. रियाज अहमद, मो. कयूम अंसारी, मो. समसुल अंसारी, मो. जहीर अंसारी, गुलाम जिलानी, हाफिज ताहिर हुसैन, कारी सरफुद्दीन साहब, मो. फिरदौस आलम, मो. साजिद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## भुरकुंडा में सदभावना मंच ने किया प्रदर्शन



भुरकुंडा (रामगढ़)। सद्भावना मंच रीवर साईड भुरकुंडा ने पिछले 22 अप्रैल को पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकियों द्वारा 26 निहत्थे पर्यटकों के उपर हमला कर मौत के घाट उतारने के खिलाफ कैंडल जुलूस निकाला। कैंडल जुलूस में लोग भारतीय तिरंगा लेकर रीवर साईड के विभिन्न मार्गो से पर्यटकों के हत्यारों को सबक सिखाना होगा, सरकार आतंकियों को उनकी भाषा में जबाब दे सहित अन्य नारे लगा रहे थे।

आतंकियों के खिलाफ सदभावना मंच के बैनर तले दर्जनों लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए घटना की पुरजोर निंदा कर सरकार से अविलंब कड़ी कारवाई की मांग की।

मौके पर मुखिया प्रतिनिधि जानकी ठाकुर, संतोष यादव, नसीम अख्तर, डॉ एसजे अख्तर, डॉ शकील अहमद, डॉ क्यू अली, हबीबुल्लाह, मो सफीउद्दीन, शमीम, रफीक, इकबाल, हारून, नौशाद, शाहिद, जीशान, सुफियान, इकबार आलम, जमालुद्दीन, सदरुद्दीन, खुर्शीद आलम, अफरोज आलम, रुस्तम अली, इरफान, अख्तर इमाम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रामगढ़ में आठ दुकानों में छापेमारी

**रामगढ़ ।** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसार रामगढ़ थाना अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री द्वारा कॉलेज गेट से ब्लॉक तक कोटपा 2003 के अंतर्गत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कोटपा अंतर्गत 6ए एवं धारा 4 के अंतर्गत 8 दुकानदारों से 1500 रुपए का आर्थिक दंड वसूला गया । बहुत से दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया गया। होटल और मॉल में धूम्रपान निषेध का बोर्ड नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया गया, उन्हें प्रारूप दिया गया तथा उसे लगाने हेतु निर्देश दिया गया।

## राजद ने निकाला कैंडल मार्च




कुजू। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 28 लोगों के आत्मा की शांति के लिए युवा राजद के प्रदेश सचिव ललन यादव के नेतृत्व में प्रेमनगर में कैंडल मार्च निकाला गया।

मौके पर युवा राजद के प्रदेश सचिव ललन यादव ने कहा कि आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या किया है इससे पूरा देश में आक्रोश का माहौल है। उन्होंने शहीद हुए सभी लोगो को श्रद्धांजलि देते हुए भारत सरकार से मांग किया कि ऐसा कदम उठाए, जिससे भविष्य में आतंकवाद फन न उठा सके। कैंडल मार्च चौराहे से शुरू होकर राजद कार्यलय, बाजार से होते हुए पुनः प्रेमनगर आकर समाप्त हो गयी। कैंडल मार्च में शामिल आरजेडी के सभी समर्थकों ने आतंकी हमले को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्माशांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार,उपाध्यक्ष जीतेन्द्र यादव उर्फ जटल यादव,रामगढ़ जिला प्रवक्ता परमेसर गोप, मांडू प्रखंड अध्यक्ष पप्पू यादव, उपाध्यक्ष पप्पु यादव, उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, संदीप यादव, चिंटू यादव, निशांत यादव, रणविजय कुमार, रविंदर राम, मनीष कुमार, टेम्पू तूरी, मोनू चौधरी, सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## चबूतरे की मरम्मत करवा कर 60,000 रुपये का बिल बनाया

खबर मन्त्र संवाददता



इचाक। इचाक प्रखंड कार्यालय में बिना रिश्वत के फाइल का हिलना भी नामुमकिन है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को जमकर लूटा जा रहा है। लाभुकों से योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर 10,000 से 15,000 रुपये की वसूली की जा रही है। तिलरा के वार्ड नंबर 10 में मात्र 10,000 रुपये की लागत से चबूतरे की मरम्मत करवा कर 60,000 रुपये का बिल बनाया गया। मनरेगा में तो फर्जी मस्टर रोल के सहारे बिना काम कराए भुगतान कराए जा रहे हैं। आरटीआई कार्यकर्ता के खुलासे के मुताबिक, 50 से ज्यादा शौचालयों के पैसे बिना निर्माण कार्य के ही निकाल लिए गए। सूत्र बताते है कि पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और जेई की मिलीभगत से योजनाओं की रकम का गोरखधंधा किया जा रहा है, और जिला प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी पूरे खेल को संरक्षण दे रही है। शिकायत करने वाले ग्रामीणों को धमकाकर चुप कराया जा रहा है। अब सवाल उठता है कि जब भ्रष्टाचार ही सिस्टम का हिस्सा बन गया हो, तो आम आदमी किससे उम्मीद करे? इचाक की जनता जवाब मांग रही है। जिला प्रशासन से उम्मीद है कि वह तत्काल सख्त कदम उठाए, निष्पक्ष जांच कर दोषियों को बेनकाब करे और इस प्रखंड को भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकाले। अगर अब भी चुप्पी साधी गई, तो इचाक का भविष्य अंधेरे में गुम हो जाएगा और एक उम्मीद भरा इलाका सिर्फ एक किस्सा बनकर रह जाएगा।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शनिवार को नर्सरी कक्षा के नन्हें बच्चों के लिए रंगीन और रचनात्मक हथेली चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करना और उनमें रंगों के प्रति रुचि विकसित करना था। बच्चों ने अपनी नन्ही हथेलियों को अलग-अलग रंगों में रंगकर कागज पर सुंदर छापे बनाए। फूल, पत्ते, पक्षी और तितली जैसी आकृतियों को बच्चों ने जीवंत कर दिया। पूरे आयोजन में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उल्लास देखते ही बनता था।

केजी कक्षा की प्राचार्या अंजू पटेल ने कहा कि बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। रंगों की मदद से बच्चों ने विविध आकृतियां रचीं जो अत्यंत मनोहारी रहीं। इस गतिविधि ने बच्चों को रंगों के साथ खेलने, सोचने और सृजनात्मकता के माध्यम से सीखने का अवसर दिया। बच्चों का उत्साह अद्वितीय था और उनके लिए यह अनुभव अत्यंत आनंददायक रहा।



### हथेलियों ने रंगों से रचा सपनों का संसार : विजयंत कुमार

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि नन्हीं हथेलियों ने रंगों से रचा सपनों का संसार। रंगों की छुअन से उभरी इन मासूम कल्पनाओं ने सभी का मन मोह लिया। इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। यह आयोजन बच्चों के लिए न सिर्फ मनोरंजक रहा, बल्कि सीखने का एक सुंदर और यादगार अवसर भी बना।

आयोजन को सफल बनाने में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, जय किशोर प्रसाद महतो, धर्मेश सोनी, कंचन सोनी, कृष्ण अंबष्टा, कंचन दास, सिद्धार्थ कुमार, राजन कुमार, वैभव कुमार, अजीत कुमार सिन्हा, प्रिसिला वर्षा टेटे, सपना मिंज, शबनम बानो, ट्विंकल पॉल, पूजा कुमारी और शीला देवी का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### डीएवी बरही में आस्था शरण हुयीं सम्मानित



बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही ने यूपीएससी 2024 में 354वीं रैंक हासिल करने वाली जरहिया गांव की आस्था शरण का शनिवार को पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया। एनसीसी के छात्रों ने उन्हें सैन्य परंपरा के साथ सलामी दी। समारोह में प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि कठिन संघर्ष ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संघर्ष को जीवन का अंग मानें और कभी हार न मानें। आस्था शरण ने अपने अनुभव साझा करते हुए निरंतर अभ्यास, समर्पित प्रयास और माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद को सफलता का मूलमंत्र बताया। पूर्व छात्रा तपस्या ने नीट परीक्षा में सफलता पाने के टिप्स दिए, वहीं पूर्व शिक्षक शशि कुमार यादव ने सफलता के सूत्र बताए। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों की प्रतिभा को तराशने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उत्साह और गर्व का माहौल रहा।

### बरियठ में रूद्रचंडी महायज्ञ को ले भूमि पूजन



इचाक । बरियठ गांव में श्री श्री 1008 रूद्रचंडी नौ दिवसीय महायज्ञ की सफलता के लिए शनिवार को भूमि पूजन और ध्वजारोहण हुआ। महायज्ञ की शुरूआत 1 मई को जल यात्रा के साथ होगी। पुरोहित धर्मेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। पुजारी परमेश्वर मेहता और प्रदीप प्रसाद मेहता ने वैदिक विधि से कार्यक्रम संपन्न कराया। पूजा उपरांत, बाजे-गाजे, डीजे और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालु 'जय श्रीराम' का पट्टा माथे पर और पीला वस्त्र पहनकर पूरे बरियठ गांव में जयघोष करते हुए निकले। शोभायात्रा देबी मंडप मंदिर परिसर में ध्वजारोहण के साथ सम्पन्न हुई। साथ ही श्रद्धालु बजरंगबली स्थान और अंबा टोला शिवालय में माता से यज्ञ की सफलता की कामना करने पहुंचे। कार्यक्रम में यज्ञ कमेटी, देवी मंडप निर्माण समिति के सदस्य, गण्यमान्य लोग, महिला-पुरुष श्रद्धालु और आसपास के गांवों से आए सैकड़ों भक्तों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया है।

### विधायक ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास

**चौपारण।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शनिवार को चौपारण प्रखंड में करीब चार करोड़ रुपये की लागत से तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय ब्रहमोरिया में चारदीवारी निर्माण, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुतलु केंदुआ तथा प्राथमिक विद्यालय नावाडीह, जगदीशपुर के उन्नयन कार्यों की आधारशिला रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि चौपारण क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए हर गांव में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी विद्यालयों के शिक्षकों को सौंपी गई है। साथ ही संवेदकों को मानक के अनुरूप कार्य करने का सख्त निर्देश दिया गया। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि कार्यों की निगरानी करें और कहीं भी गड़बड़ी होने पर तुरंत सूचना दें। इस मौके पर प्रमुख पूर्णिमा देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, ब्रहमोरिया की मुखिया सरिता देवी, जगदीशपुर की मुखिया सुनीता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नेता अशोक सिंह समेत कई गणमान्य लोग तथा क्षेत्र के शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

### इचाक में खतियानी परिवार की बैठक



इचाक। पुराने धरना स्थल के निकट अशोक राम की अध्यक्षता में खतियानी परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से चर्चा की गई कि जनता के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे समझ नहीं पाते कि किसे अपना मत दें, क्योंकि नेता सत्ता में आने के बाद जनता की समस्याओं को भूल जाते हैं। गोंदलपुरा पंचायत के बड़का गांव के महिला-पुरुष विगत दो वर्षों से अपनी जमीन और अस्तित्व की रक्षा के लिए सत्याग्रह कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे के नारे के साथ आंदोलन जारी है, पर परिणाम निराशाजनक हैं। खतियानी परिवार ने आंदोलन को और व्यापक रूप से फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के समर्थन में जनता की उम्मीदों के टूटने पर भी चिंता जताई। साथ ही कश्मीर के पहलगाम में 28 सेनानियों की निर्मम हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। बैठक में कई प्रमुख सदस्य मौजूद थे।

### धोबिया पहरी में महिला पर जान लेवा हमला

बरही। भंडारों पंचायत के धोबिया पहरी में एक महिला को बुरी तरह मारपीट कर जानलेवा हमला करने, एवं छीनतई का शिकार हुई महिला की हालत गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज हजारीबाग के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। उक्त जानकारी घायल महिला के पिता रामसहाय महतो पिता स्व सेवल महतो बरही थाना के तेलोडीह गांव निवासी ने बरही थाना में आवेदन देकर कर्रवाई की मांग किया। उन्होंने बताया कि मेरी पुत्री को 26 अप्रैल रात 1 बजे राजेन्द्र यादव पिता रामेश्वर यादव ,रामेश्वर यादव पिता स्व० रोहन यादव, नकुल यादव पिता राजेन्द्र यादव,रामचन्द्र यादव पिता कारू महतो , सीताराम यादव सभी ग्राम-डपोक थाना बरही जिला हजारीबाग के निवासी ने बुरा नियत से घर का दरवाजा उचका कर खोला और बसंती देवी को मारपीट कर उसके साथ जबरदस्ती का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि बेटी को मरा समझ कर सभी लोग भाग गये। तत्काल इलाज के लिए बरही हॉस्पीटल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के हजारीबाग रेफर किया गया। प्राइवेट हॉस्पीटल में उसका इलाज चल रहा है। अभी तक पुत्री की स्थिति नाजुक बनी हुई।

# 8 वर्षीय बालक की निर्मम हत्या मामले में आरोपी को हुआ आजीवन कारावास

## एडीजे तृतीय की अदालत ने सुनाई सजा, 25 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


मृतक का फाइल


आरोपी युवक का फाईल फोटो

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के जलवाबाद में वर्ष 2023 में 8 वर्षीय मासूम बालक की निर्मम हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने दोषी पाते हुए आरोपी जलवाबाद निवासी अबूबसर उर्फ राहिल पिता सिंटू कसाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं माननीय अदालत ने धारा 302, 364, 201 भादवी के तहत आरोपी को दोषी करार देते हुए धारा 302 में लाइफ टिल लास्ट ब्रेथ और 25 का आर्थिक जुर्माना लगाया है। वहीं 364 में 10 साल कारावास और 10 हजार का आर्थिक जुर्माना जबकि 201 में 3 साल कारावास और एक हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया है। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने अहम भूमिका निभाते हुए 20 गवाहों का प्रति परीक्षण कराया और इस निर्मम हत्याकांड के लिए आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग किया। वहीं बचाव पक्ष से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश किया, माननीय अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों के अवलोकन करते हुए, उक्त सजा मुकर्कर की।

परिजन में खुशी का माहौल, कहा न्याय की जीत हुई

8 वर्षीय मासूम बालक हत्या मामले में न्यायालय द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के उपरांत मृतक के पिता मो. रिजवान और माता तबस्सुम ने न्यायालय और पुलिस के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई।

**क्या था पूरा मामला :** बताते चलें कि जलवाबाद निवासी मो रिजवान का 8 वर्षीय पुत्र अलसमद का बीते 14 सितंबर 2023 की शाम को अपहरण कर उसकी निर्मम हत्या कर पास के ही एक बंद घर में शव को छिपा दिया था। साथ ही आरोपी के परिजनों के द्वारा बच्चा चोरी का अफवाह फैला कर पुलिस को दिग्भ्रमित किया, घटना की गम्भीरता को देखते हुए एसपी अनुदीप सिंह ने इस जघन्य अपराध के उद्भेदन को लेकर एसआईटी का गठन किया था, एसआईटी की टीम ने बंद घर से उक्त बालक का शव घटना के तीन दिन बाद बरामद किया, मामले को लेकर मृतक के परिजन के द्वारा कोडरमा थाना 169/23 में मामला दर्ज कराते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और अंततः सत्य की जीत हुई।

**मामा से बदला लेने के लिए मासूम की निर्मम हत्या किया था :** पुलिस के समक्ष आरोपी ने हत्या की बात स्वीकारते हुए कहा था कि कुछ माह पूर्व उसके घर के समीप स्थित मदरसे में उसने चोरी की थी, जिसके उद्भेदन में मृतक बालक के मामा ने अहम भूमिका निभाई थी, चोरी के पैसे लौटा दिए परन्तु परिवार की बदनामी हुई थी, इसी को लेकर बदले की भावना से उसने इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया।

### अप्रिशिएबल स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद के अप्रिशिएबल पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय परिसर में पहलगाम में मारे गए लोगों के प्रति एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निर्देशक मुंशी यादव मौजूद थे। वहीं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं विद्यालय के निर्देश ने कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि इस कायराना हमले में कई निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई, जिससे देश में शोक और आक्रोश का माहौल है। मौके पर सुशीला एक्का, कमल कुजूर, अर्जुन यादव, विकास यादव, धीरज शर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, रामकिशुन यादव, पीयूष कुमार, अमृतलाल, खुशबू कुमारी, कुमारी संजू राय, आरती कुमारी, जीवंती कुमारी, आयुषी कुमारी, अगुस्टीना, रोशनी कुमारी, विद्यार्थियों में शीतल कुमारी, पूजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंशु कुमारी, खुशबू कुमारी, सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# पहलगाम आतंकी हमला मामले में कोडरमा से एक संदिग्ध पकड़ाया

## धनबाद का रहने वाला युवक अपने फूफा के यहां छिपा था

खबर मन्त्र संवाददाता


युवक का फुआ


एटीएस की टीम

**कोडरमा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला के मामले में झारखंड एटीएस ने शनिवार को कोडरमा में भी छापामारी की। वहीं धनबाद में एक दंपत्ति सहित आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिए जाने के बाद मिली जानकारी के आधार पर एटीएस रांची की टीम ने कोडरमा के वंसुधरा पेट्रोल पंप के सामने स्थित दर्जी चक इलाके से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पकड़े गए युवक की पहचान 20 वर्षीय मो. शहजाद आलम पिता मो. मिनहाज आलम निवासी धनबाद के रूप में की गई है। वह धनबाद के अमन सोसायटी गेट नंबर चार भूली बाईपास में अपने परिवार के साथ रहता था, पर शुक्रवार की शाम को ही कोडरमा स्थित अपने फूफा के घर पहुंचा था। वहीं एटीएस के द्वारा शनिवार सुबह करीब पांच बजे युवक को पकड़ा गया तो इलाके के लोगों को कुछ देर तक कुछ समझ में नहीं आया। बाद में पता चला कि आतंकी हमला मामले में संदिग्ध युवक को पकड़ा गया है। हालांकि इस मामले में कोडरमा पुलिस के वरीय अधिकारी कुछ भी बताने से बच रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार एटीएस रांची की टीम सुबह में पांच गाड़ियों से कोडरमा पहुंची और युवक को पकड़ा, युवक यहां अपने फूफा के यहां छिपा हुआ था। संदिग्ध युवक के संबंध में जो जानकारी सामने आई है कि उसके अनुसार वह धनबाद में ही किसी दुकान में काम करता है, जबकि पिता टेलर मास्टर हैं, युवक ने स्कूल तक की शिक्षा पूरी की है।

### कोलवाहन की चपेट में आने से लकड़बग्घे की मौत

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव स्थित खलहाखुदी के पास शनिवार अहले सुबह एक लकड़बग्घे की कोलवाहन से टक्कर में मौत हो गई। सड़क पार कर रहे लकड़बग्घे को तेज रफ्तार कोलवाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर वनरक्षी तारकेश्वर महतो, तिऑफिल बाड़ा समेत अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय कैटल गार्ड दिलीप दास, भैरव साव, उमेश कुमार राणा, लेखो साव समेत अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में लकड़बग्घे का जंगल में दफन कर अंतिम संस्कार किया।

## लोक अदाजत किसी परिचय का मोहताज नहीं बढ़ रही है इसकी लोकप्रियता : प्रधान जिला जज

### 13 वादों का किया गया निष्पादन, 4,74,500 रूपए वसूली की गयी

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्ग दर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौंके पर प्रधान जिला ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है। यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढती जा रही है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है।

इस लोक अदालत में नौ बेंचो के माध्यम से कुल 13 वादों का निष्पादन किया गया एवं 4,74,500 रूपए की वसूली की गयी। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, मूंगा लाल दास, राजेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, रंजीत कुमार, राजीव रंजन, कुमार संजय, महेश्वर कुमार, राजीव कुमार, संतोष कुमार, आशीष सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, पीएलवी. रविन्द्र कुमार, पाण्डेय शेखर प्रसाद, मनोज कुमार, मोनिका कुमारी निक्की सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पैसा लेनदेन को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर हुई मारपीट, एक रेफर

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बड़हिबीघा गांव में शनिवार को पैसे के लेनदेन को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें बड़े भाई और छोटे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती करवाया गया । जहां चिकित्सकों ने छोटे भाई भूद्दू यादव के सर पर गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर ईलाज हेतु चिकित्सकों ने गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है.वही घायल बड़े भाई महेंद्र यादव के द्वारा बताया गया कि हमारा छोटा भाई भद्दू यादव गांव के ही जगलाल यादव से पैसा लिए हुए था जिसे लेकर जगलाल यादव एवं भद्दू यादव में कहां सुनी हो रहा था इसी दौरान हम गए और अपने छोटे भाई को बकाया पैसा देने को बोल कर चले गए छोटा भाई भद्दू यादव अपनी पत्नी के साथ लाठी डांटे से लैस होकर हमारे घर पर आया और हमारे सर पर वार कर दिया जिसमें हम गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं छोटे भाई भद्दू यादव के द्वारा बताया गया कि हमारा बड़ा भाई जलाल यादव के साइड लेकर हमें जबरन पैसा देने के लिए कह रहा थे इसी को लेकर तू तू मैं मैं हो गया जिसमें हमारे बड़े भाई ने हमें मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

## कौलेश्वरी पहाड़ पर अवैध रूप से शराब बेच रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध माता कौलेश्वरी के प्रांगण में दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी व देशी शराब खुलेआम बेच रहे जिसकी सूचना माता के दर्शन व पूजन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं ने दुकानदारों को खुलेआम शराब बेचने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर कर दिया. था जिसके बाद थाना प्रभारी प्रभात कुमार को जैसे ही इसकी सूचना मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए कौलेश्वरी पहाड़ के रास्ते में वेलतरनी के पास शराब बेच रहे दो दुकानदार चतुर्भुज कुमार एवं भिषम कुमार को पुलिस ने पड़कर शनिवार दोपहर दो बजे दोनो अभियुक्तों को जेल भेज दिया है इस संबंध में थाना प्रभारी ने हिदायत देते हुए मंदिर परिसर के दुकानदारों को कहा है कि माता के दरबार में भविष्य में अवैध शराब बेचने वाले पाए जाते हैं तो उनके उपर कानूनी कारवाई की जायेगी। वही आगे कहा कि श्रद्धा सुमन के साथ माता के दरबार में जाकर पूजा पाठ करें आशिकी और शराब का अड्डा ना बनाए।

# पुलिस टीम पर हमला, चौकीदार को गोली लगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के केवाल गांव में पुलिस टीम पर हमला किया गया, जिसमें चौकीदार रामप्रवेश को गोली लग गई। पुलिस टीम के द्वारा अपराधी को पकड़ने के प्रयास के दौरान, अपराधी ने सिंगल शॉट से पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी, जिससे चौकीदार घायल हो गए। घटना के बाद घायल चौकीदार को तुरंत सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. मनीष कुमार ने ऑपरेशन कर गोली को सफलतापूर्वक निकाला। डॉ. मनीष ने बताया कि चौकीदार अब खतरे से बाहर हैं। अपराधी की पहचान केवाल गांव के भुनेश्वर गंझू के रूप में हुई, जिसे पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी विकास कुमार पांडेय और एसडीपीओ संदीप सुमन ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल चौकीदार का हौसला बढ़ाया और पूरे मामले की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि केवाल गांव में एक युवक देशी कट्टा लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी दल बल के साथ गांव पहुंचे। जब पुलिस ने संदिग्ध युवक को पकड़ने का प्रयास किया, तो वह 50-100 मीटर दूर जंगल में छिपा हुआ था। पुलिस को देखते ही अपराधी ने एक सिंगल शॉट फायर किया, जिससे चौकीदार रामप्रवेश घायल हो गए। पुलिस ने तत्परता से अपराधी को पकड़ लिया और उसके पास से सिंगल शॉट पिस्टल भी जब्त की। एसपी ने बताया कि जरूरत पड़ने पर घायल चौकीदार को बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी की संभावना है।

### बूंद-बूंद के तरस रहे सरकारी स्कूल के बच्चे

कुंदा(चतरा)। सिंदरी विद्यालय में पानी की विकट समस्या उत्पन्न है हालंकी समाधान करने के लिए नवादा मुखिया भरत यादव ने पानी की बोतलें वितरित कीं है।विद्यालय में पानी की समस्या काफी समय से बनी हुई थी, जिससे छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। वही उत्पन्न समस्या को लेकर खबर अखबार मे भी प्रकाशित होने के बाद भी विभाग बेखबर बना हुआ है। विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे विद्यालय में पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।मुखिया ने विद्यालय में पानी की बोतलें वितरित करके वैकल्पिक रूप से समस्या का समाधान करने का प्रयास किया है।

# रुद्र चंडी महायज्ञ को लेकर हुआ ध्वजारोहण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखंड के आरसेल कुट्टी रंगेनिया गांव में शनिवार को रुद्रचंडी महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण अनुष्ठान किया गया। इस मौके पर पूजा अर्चना की गयी तथा यज्ञ के निर्बाध पूर्ण होने की कामना की गयी। रुद्र चंडी महायज्ञ 14 मई से लेकर 20 मई तक चलेगा। ध्वजारोहण को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु सम्पूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे जहां जयघोष के साथ ध्वजारोहण किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व यज्ञ आचार्य मधुसुदनाचार्य जी महाराज ने किया महायज्ञ में भजन संकीर्तन, प्रवचन और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। यह महायज्ञ गांव में नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित किया जा रहा है। महायज्ञ के संचालन में संपूर्ण गांव के ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामलाल उरांव ने बताया कि वर्ष 2011 से मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था। मंदिर बनकर तैयार होने के बाद ग्रामीणों ने आपस में बैठकर यज्ञ के साथ इसमें प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा का निर्णय लिया है जिसका आज धार्मिक अनुष्ठान के साथ ध्वजारोहण किया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि यज्ञ में बनारस से प्रसिद्ध कथावाचक पहुंचेंगे। समिति सदस्यों ने समस्त श्रद्धालुओं को यज्ञ में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है। शोभायात्रा में प्रमुख रोहन साव, कृष्णा साव, अमर राय, गणेश सिंह, सूर्यबली प्रसाद, यज्ञ समिति सचिव लाला प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष सुनील साव, मनोज साव, मीडिया प्रभारी राजू कुमार साहू, उपाध्यक्ष विकास कुमार यादव, रामेश्वर साव, तापेश्वर यादव, नंदकिशोर सिंह, अर्जुन सिंह भोगता, कौलेश्वर भुईयां, नरेश सिंह, सुरेश कुमार पंडित, प्रमोद साहू, रमेश भारती सहित यज्ञ समिति के सदस्य व ग्रामीण शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ ने किया औचक निरीक्षण



**जयनगर (कोडरमा)।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को जयनगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में आकांक्षी प्रखंड फेलो, बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मी तथा महिला प्रवेक्षिका शामिल रहे। वहीं निरीक्षण में अलग–अलग पंचायतों से कुल 15 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र स्वर्णकार मोहल्ला जयनगर (कोड संख्या–30) को सुबह 8:50 बजे बंद पाया गया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीडीपीओ ने संबंधित आंगनबाड़ी के सेविका, सहायिका एवं पोषण सखी के विरुद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बढ़ती गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को विशेष निर्देश दिया गया कि बच्चों को समय–समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा केंद्रों में साफ–सफाई और बच्चों के देखभाल एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य संचालन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। वहीं बाल विकास परियोजना कार्यालय ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को समय पर केंद्र संचालन एवं सेवाओं के सुचारु क्रियान्वयन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं।

### इंग्लिश स्पीच प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत शनिवार को वर्ग 3 से 7 तक के छात्र–छात्राओं के बीच इंग्लिश स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं जूनियर सेक्शन में क्लास 3 और क्लास 4 के बच्चों के बीच स्पीच प्रतियोगिता किया गया, जिसका विषय इंपॉर्टेंस ऑफ स्कूल यूनिफॉर्म था। इस विषय पर बच्चों ने बहुत बारीकी से अपने विचार रखे। बच्चों ने विद्यालय में स्कूल यूनिफार्म के महत्व पर अंग्रेजी में अपने विचार रखें। इस बीच बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। वहीं कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर आशुतोष गौतम और सीसीए इंचार्ज किशोर कुणाल की देखरेख में हुआ। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि सीसीए बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अच्छा मौका देता है। यह कैसा प्लेटफार्म है जहां बच्चे अपने अंदर छिपी हर प्रकार के प्रतिभा को निखार सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम को सराहा और कहा की ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना आती है जो उन्हें आगे चलकर सफल बनाती है। मौके पर अन्य शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

### कबड्डी मैच में बीआर वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में बना उपविजेता

**कोडरमा।** जिले में 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित जिला स्तरीय प्रो–कबड्डी लीग में बीआर इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह की टीम बीआर वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। बीआर वॉरियर्स लीग के तीन मैचों में लगातार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। जिसका कप्तानी नवाज एवं कोच के रूप में अनिल कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबले में बीआर वॉरियर्स का सामना रूपम टाइटंस से हुआ। वहीं रोमांचक मुकाबले में बीआर वॉरियर्स ने पूरे जोश और टीम भावना के साथ खेलते हुए 35 अंक बनाए और शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता बने। वहीं निदेशक एवं बीआर वॉरियर्स टीम के ऑनर ओम प्रकाश राय ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और प्रत्येक खिलाड़ी को 1500 रुपये नकद पुरस्कार दिया, साथ ही टीम के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर आदित्य राज को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अलग से 1500 रुपये का अतिरिक्तपुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं प्रार्थना सभा में श्री राय ने कहा हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। बीआर वॉरियर्स का यह प्रदर्शन हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। हम आगे भी ऐसी ही लगन और मेहनत से खेलने के लिए प्रेरित रहेंगे। मौके पर सुनील कुमार, नवल किशोर, शिवम सिंह, अजय राणा, अमित कुमार, लक्ष्मी कुमारी, इंद्रमणि कुमारी, फुल कमारी, रॉकी कुमार, राजेंद्र कुमार समेत विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

### कोबना पंचायत के फरार रोजगार सेवक पर कार्रवाई कार्यालय का ताला तोड़कर दस्तावेज किए गए जब्त

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के कोबना पंचायत से बड़ी खबर सामने आई है। पंचायत के रोजगार सेवक राकेश कुमार रंजन तीन माह से कार्यालय से फरार बताए जा रहे हैं, जिससे मनरेगा समेत अन्य योजनाओं के कार्यों में भारी बाधा उत्पन्न हो रही थी। मजदूरों के भुगतान और विकास कार्यों की प्रगति भी पूरी तरह से रुक गई थी।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के आदेश पर कार्रवाई की गई। 15वें वित्त आयोग के कनीय अभियंता दीपक कुमार को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया। शुक्रवार को पंचायत के मुखिया बब्लू मेहता, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक सुखराम उरांव तथा पंचायत सचिव तारामणि खलखो की मौजूदगी में वीडियो ग्राफी कराते हुए पंचायत कार्यालय का ताला तोड़ा गया। कार्यालय में मौजूद सभी रजिस्टर, पंजिका एवं अन्य आवश्यक कागजातों का सूचीबद्ध तरीके से सत्यापन किया गया। इसके बाद नवाडीह पंचायत के वर्तमान रोजगार सेवक मनोज कुमार को कोबना पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बताते चलें कि फरार रोजगार सेवक राकेश कुमार रंजन के खिलाफ वित्तीय अनियमितता एवं कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में हंटरगंज थाना में मामला दर्ज कराया गया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से पंचायत के कार्य प्रभार से निलंबित भी कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि पंचायत में विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### कोडरमा प्रो-कबड्डी लीग की महिला वर्ग की चौंपियन टीम मॉडर्न मिरेकल्स का मॉडर्न पब्लिक स्कूल में भव्य स्वागत और सम्मान

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्तिथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा में आज गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कोडरमा प्रो–कबड्डी लीग के महिला वर्ग की विजेता टीम मॉडर्न मिरेकल्स का स्वागत किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को गिफ्ट, स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब हो की जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित कोडरमा प्रो–कबड्डी लीग का सफल आयोजन 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया गया था, जिसमे महिला वर्ग में 4 टीमों ने एवं पुरुष वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया था और इस प्रतियोगिता में पुरे झारखण्ड राज्य के खिलाडियों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबले में टीम मॉडर्न मिरेकल्स ने कौण्डिण्या सुपर किंग्स को रोमांचक मुकाबले में परास्त करते हुए रुक्मणि देवी एवं बसंत शर्मा ट्रॉफी को अपने नाम किया था। वहीं विद्यालय पहुंचने पर टीम के कप्तान रीता कुमारी, खिलाडी बबिता कुमारी, गौरी कुमारी, लकी कुमारी, खुशी कुमारी, खुशी कुमारी, रानी तिग्गा, सिम्पी कुमारी, सृष्टि कुमारी, राखी रानी कसिकु, ज्योति कुमारी, रुपांजलि कुमारी एवं टीम कोच सोनाली कुमारी का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा की मॉडर्न मिरेकल्स की हमारी बेटियों ने कोडरमा प्रो कबड्डी लीग में विजयी होकर यह सिद्ध कर दिया है ।

## स्पीड न्यूज

### ट्रक की चपेट में आने से सहायक शिक्षक की दर्दनाक मौत



गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम ढलान के समीप ट्रक की चपेट में आने से शहर के गोकुल नगर निवास 50 वर्षीय सहायक शिक्षक दीनानाथ केसरी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोकुल नगर के रहने वाले सहायक शिक्षक दीनानाथ केसरी अपने बाइक से रायडीह बीआरसी परीक्षा देने के लिए जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा छत्तीसगढ़ की ओर से बीड़ी पत्ता लदा हुआ एक ट्रक आ रहा था। जिसने उन्हें कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। हालांकि सिसई थाना पुलिस ने उक्त ट्रक को पकड़े जाने की बात बताई जा रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने सहायक शिक्षक को घटनास्थल से उठाकर सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सहायक शिक्षक दीनानाथ केसरी के निधन की सूचना पर अस्पताल परिसर में परिजनों व लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतक शिक्षक राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुगा कांटा में वर्ष 1994 से योगदान दिया था। तब से वहीं पर पदस्थापित थे। शव को पुलिस कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। दीनानाथ केसरी बहुत ही मृदु भाषी व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके सरल स्वभाव के कारण लोग उन्हें बहुत ही इज्जत दिया करते थे। शिक्षक समाज में उनकी गहरी पैठ थी। उनका निधन शिक्षा सम्मान के लिए अपूरणीय क्षति समझी जा रही है।

### आदिवासी संघर्ष मोर्चा व जमीन बचाओ समिति ने विधायक आवास के समक्ष दिया धरना



गुमला। आदिवासी संघर्ष मोर्चा एवं जमीन बचाओ संघर्ष समिति गुमला- जिला इकाई व रायडीह प्रखंड के लोगों विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक भूषण तीर्थ की क्या आवास के संबंध शनिवार को धरना दिया। धरना में लोथे उरांव, बिजु उरांव, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राज्य संयोजक - जगरनाथ उरांव, मरियम, फूलमनी देवी, पियूष उरांव,एलेश्वर उरांव,बहुरन उरांव,नवल उरांव,मनबहाल मिंज,बिरसो मिंज,बरतीला बाखला,फैदल उरांव,अन्य दर्जनों महिला-पुरुष शामिल थे। धरना से से पूर्व सर्किट हाऊस से रैली निकाली गई जो गुमला शहर में तीन किलोमीटर तक झंडा-बैनर लेकर,नारा लगाते हुए रैली-प्रदर्शन के माध्यम से विधायक भूषण तिर्की आवास पहुंचें। जहां ग्रामीणों की यह रैली धरना में बदल गई। धरना की शुरुआत काश्मीर के पहलगाम में हुए 28 शहीदों के प्रति दो मिनट के मौन श्रद्धांजलि से की गई। धरना में सभी नेताओं ने अपनी-अपनी बातों को रखे। वही आवास के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं लोगों से विधायक नहीं मिले। जिससे उन लोगों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का मांग पत्र विधायक के पीए ने लिया। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने विधायक से जन समस्याओं को सदन में उठाने व समाधान करने की मांग की।

### ऑल बॉक्साइट माइन्स जन अधिकार संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

घाघरा। आल बॉक्साइट माइन्स जन अधिकार संघर्ष समिति घाघरा की बैठक हिंडालको कर्मियों के साथ सीओ कार्यालय में हुई। बैठक में आल बॉक्साइट माइन्स जन अधिकार संघर्ष समिति के सदस्यों ने 18 सूत्री मांग को लेकर अपने प्रस्ताव रखें। जिस पर हिंडालको प्रबंधन द्वारा कोई ठोस पहल उक्त प्रस्ताव को लेकर नहीं किया गया। जिस पर बैठक असफल रहा। ऑल बॉक्साइट माइन्स जन अधिकार संघर्ष समिति के संरक्षक शिवकुमार भगत उर्फ टुनटुन ने कहा कि हिंडाल्को के पास मूलभूत सुविधा के साथ-साथ कई मांग रखी गई। लेकिन सभी मांगों पर हिंडालको प्रबंधन द्वारा कोई भी ठोस पहल नहीं की गई। जिसके कारण प्रस्तावित आगामी 27 अप्रैल से विमरला बॉक्साइट माइन्स अनिश्चितकालीन बंदी होगी। वही शिवकुमार भगत ने कहा कि हिंडालको कंपनी द्वारा मूलभूत सुविधा शिक्षा स्वास्थ्य साथ ही ट्रकों में उपचालक सहित कई प्रस्तावित मांगों को हिंडालको प्रबंधन के पास रखा गया।लेकिन प्रबंधन द्वारा नहीं माना गया। जिसे लेकर पूर्व प्रस्तावित अनिश्चितकालीन बंदी होगी। मौके पर सीओ आशीष कुमार मंडल, समिति के अध्यक्ष राजीव उरांव, विनोद राम, रूबेन किंडो, सचिन साहू, सुमंत ठाकुर हिंडालको प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे।

### एक देश एक चुनाव लागू होने से देश की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : अमन





गुमला। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को स्थानीय महिला महाविद्यालय मे एक देश एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप प्रसाद ने की। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष ने विषय प्रवेश कराते हुए किया और कहा की आज की मांग है की देश मे एक देश एक चुनाव कानून लागू हो। कार्यक्रम में उपस्थित भजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव ने कहा एक देश एक चुनाव के कानून लागू हो जाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और अनावश्यक होने वाले परेशानियों से आम जनों को भी निजात मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र सिंह ने कहा एक देश एक चुनाव यह पहली बार मांग नहीं किया जा रहा है। आजादी के बाद 1962 तक यह होता आया था। लेकिन जिस भी कारणों से यह कानून आज के दिन में लागू नहीं है। जिसे पुनः लागू कर देश हित में एक मजबूत कदम उठाने की आवश्यकता है। बैठक को राजेश सिंह, रविंद्र सिंह और यशवंत सिंह ने भी संबोधित किया। सभी छात्राएं और उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह कानून देश में लागू होना चाहिए। मौके पर विकास कुमार सिंह, पायल तिवारी, सावित्री मेहता, रेखा गुप्ता, मीना, देवी कुलदीप साहू, जय साहू, कौशलेंद्र जमुवार, प्राचार्य नीलम जायसवाल, हरी शंकर त्रिपाठी, ममता, सुषमा, शंभू नायक सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## गुमला : चेंबर ने सदर अस्पताल में बेड़ों की संख्या तीन सौ करने व चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने की मांग की

### चेंबर का प्रतिनिधिमंडल सिविल सर्जन से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल ग सिविल सर्जन नवल कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। सर्वप्रथम उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने सभी पदाधिकारी का परिचय कराया। तत्पश्चात अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला के अस्पताल और स्वास्थ्य संबंधी कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए गुमला अस्पताल अभी की क्षमता बढ़ाकर 300 बेड की करने की मांग रखी। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि गुमला की जनसंख्या को देखते हुए गुमला नगर में और गुमला के सभी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में भी डॉक्टरों की संख्या बढ़ानी चाहिए। इस संदर्भ में विभाग के पदाधिकारी की तरफ से सकारात्मक संकेत दिए गए और संबंधित मंत्रालय के सचिव को शीघ्र पत्राचार करने पर सहमति बनी।

इसके अलावा सिविल सर्जन ने बताया कि गुमला के पुराने समाहरणालय में नए स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। गुमला अस्पताल में एमआरआई मशीन की व्यवस्था बहुत जल्द कर दी जाएगी और आने वाले दिनों में आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य संबंधी हर तरह की सुविधा की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता आदि उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी ने दिया।

## जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में लोहरदगा डीसी ने दिये कई निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना 2025-26, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, योजनाओं की पूर्णता, एरिया अफसर एप, पोटो हो खेल विकास योजना, मनरेगा में एमआर जेनरेशन, अबुआ आवास योजना में लाभुकों को पहली किश्त की राशि का भुगतान उपरांत एमआर जेनरेशन के स्थिति की समीक्षा के गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना 2016-25 के प्रगति और पीएम जनमन योजना की समीक्षा की गई। आवास प्लस सर्वे 2.0 की समीक्षा की गई जिसमें आवास से वंचित लाभुकों को सर्वे में जोड़े जाने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग के निर्माणाधीन भवनों में रनिंग वाटर की सुविधा की समीक्षा गयी और जल जीवन मिशन से आंगनबाड़ी केंद्रों को आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में धात्री माताओं को मिलने वाले रेडी टू ईट फूड की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में खराब चापाकलों की सूची तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन डॉ शम्भुनाथ चौधरी, सभी संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने घाघरा झखरा कुंबा में कांग्रेसियों के साथ की बैठक, कहा

## पार्टी के पदधारी को कम करना होगा, नहीं तो पद छोड़ना होगा

खबर मन्त्र संवाददाता



घाघरा। झखरा कुंबा घाघरा में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कांग्रेसियों के साथ बैठक किया। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। वहीं संगठन में होने वाली समस्या से संबंधित जानकारी कांग्रेसियों से ली। मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पूरे देश में संगठन सृजन 2025 का वर्ष मना रही है। संगठन में जो भी पद लिए है। उन्हें काम करना होगा और अगर वह काम नहीं करते हैं। तो ऐसे पद को स्वतः उन्हें छोड़ देना होगा। इसके साथ-साथ देश में केंद्र सरकार द्वारा संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। संविधान को बचाना है। संविधान के बारे में उन्हें बताएं। संविधान बचाओ यात्रा कांग्रेस प्रखंड से लेकर जिला और विधानसभा से लेकर राज्य स्तर तक रैली यात्रा निकालने जा रही है। वहीं संगठन के मजबूती के लिए प्रखण्ड अध्यक्ष नई कमेटी का चयन करें। जहां कमेटी नही है और सिर्फ पेपर के लिए बनाया गया है।वहां 90 दिन का समय दिया गया है। उसे पूरा करें नए कमिटी के चयन करें। पंचायत से लेकर जिला तक के कमेटी को वार्ड स्तर पर बना ले। ताकि संगठन को और भी सशक्त मजबूत बनाया जा सके। मौके पर कृष्णा कुमार लोहरा, अरुण कुमार पांडे, राजू उरांव, सौरभ भगत, परमेश्वर साय, सज्जाद खान, घुड़ा उरांव,विजय कुमार, मुखिया सोमारी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने डीइओ, डीएसपी वह झारखंड शिक्षा परियोजना के कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक

## बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर दर्ज करें प्राथमिकी : कर्ण सत्यार्थी

असैनिक निर्माण कार्य को लेकर जताई नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक सहित झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के एडीपीओ, एपीओ, फील्ड मैनेजर, लेखा पदाधिकारी तथा सभी अभियंताओं के साथ बैठक करते हुए शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित गतिविधि की समीक्षा की। डीसी ने कहा कि सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों तथा अन्य कर्मियों को साप्ताहिक रूप से प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा ताकि शिक्षकों का मनोबल बढ़े एवं लोग बेहतर तरीके से कार्य करें। प्रेरणा से परिवर्तन की ओर यात्रा संबंधी प्रोजेक्ट अजीत अंतर्गत प्रेरक शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दिए जाने हेतु चयनित शिक्षकों में ज्वाला प्रसाद गुप्ता रा. मध्य विद्यालय अमलिया भरनो, बबीता साहू रा. प्रा. विद्यालय टाटी साहूटोली प्रखंड कामडारा व शशिकांत साहू रा. उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सरुडा, बसिया के नाम शामिल है। डीसी द्वारा समीक्षा के क्रम में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय आदि में नामांकन हेतु सभी को निर्देशित किया गया कि चयनित छात्र छात्राओं का तत्काल नामांकन सुनिश्चित करते हुए एक माह से कक्षा संचालन सुनिश्चित करें। नए शैक्षणिक वर्ष में बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और स्कूल बैग आदि यथाशीघ्र वितरण सुनिश्चित कराया जाए। असैनिक निर्माण कार्यों की समीक्षा अंतर्गत उपायुक्त द्वारा सभी अभियंताओं के कार्यों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई तथा असैनिक निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर जनजातीय बच्चों की शैक्षणिक व्यवस्था से खिलवाड़ करने के आरोप में तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने के लिए निर्देशित किया गया।

### महात्मा गांधी पुस्तकालय घाघरा प्रबंधन समिति की हुई बैठक



घाघरा। महात्मा गांधी पुस्तकालय घाघरा में विधि व्यवस्था को लेकर प्रबंधन समिति ने बैठक आयोजित किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार मौजूद रहे। पुस्तकालय में पढ़ने वाले बच्चों ने समय पर पुस्तकालय नहीं खोलने साथ ही कुछ किताब संबंधित मामलों को लेकर बीडीओ को लिखित आवेदन दिया था। जिस पर पहल करते हुए बीडीओ ने समय से पुस्तकालय खोलने व किताब की व्यवस्था को सुचारू कराया। इसके साथ ही बैठक में बच्चों ने बीडीओ और प्रबंधन के समक्ष पुस्तकालय में वाईफाई सुविधा नहीं मिलने, वाटर प्यूरीफायर खराब होने की शिकायत किया और कुछ किताबों की मांग की गई। जिस पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सभी चीजों को उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा। जल्द ही अन्य समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर बीडीओ ने बच्चों को मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई में कैसे तैयारी करें ताकि वह सफल हो। मौके पर प्रबंधन के अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर, विपिन बिहारी सिंह, आशीष कुमार सोनी, संजय सिंह, संजय पांडे राजकुमार आदि उपस्थित थे।

## जिला जज ने संप्रेषण, बाल गृह व नारी निकेतन का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण के क्रम में बच्चियों से बात करते डालसा सचिव व उपस्थित जिला जज

गुमला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र ने संप्रेषण गृह एवं नारी निकेतन तथा बाल गृह का दौरा कर निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिला जज संप्रेषण गृह पहुंचे।

वहां बच्चे विद्यालय में थे और पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने संप्रेषण गृह के अधीक्षक एवं पदाधिकारीयों से मिलकर वहां की विधि व्यवस्था की जानकारी ली तथा बच्चों से मिले और उन्होंने पूछा की क्या सभी का वकील हैं, जो उनका केस का पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी का वकील नहीं है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन देकर तुरंत वकील प्राप्त कर कर सकते हैं। जो उनका केस का पैरवी निशुल्क करेगा। उन्होंने भोजन व्यवस्था, कंप्यूटर की पढ़ाई व रहन-सहन आदि विषयों का विस्तृत रूप से जानकारी लिया।

तत्पश्चात जिला जज नारी निकेतन पहुंचे और वहां के अधीक्षिका तथा वहां रह रहे महिलाओं से मिले और उनका हाल-चाल पूछा। साथ ही उनके बच्चों के पढ़ाई के विषय में जानकारी ली। इसके उपरांत जिला जज बाल गृह पहुंचे जहां बच्चियों से मिले और सभी बच्चियों से एक-एक कर उनका हाल-चाल जाना। जिला जज के साथ एडीजे प्रथम प्रेम शंकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता, न्यायिक दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड पूनम कुमारी, स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह आदि उपस्थित थे।

### दादा- दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह हमारे समाज की मूल आत्मा : शशिधर लाल अग्रवाल



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं मधुमिता शर्मा एवं करुणा देवी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ऊं, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भैया-बहनों में अपने दादा-दादी एवं नाना नानी के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का भाव विकसित करते हुए भारतीय कुटुंब व्यवस्था को समृद्ध करना है। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रवाह को सतत बनाने के लिए यह कार्यक्रम भारत कुटुंब व्यवस्था के अनुरूप है हमारे संस्कृति परंपरा को निरंतर प्रवाहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि दादा दादी एवं नाना नानी सम्मान समारोह न केवल एक भावनात्मक आयोजन है बल्कि हमारे समाज की मूल आत्मा संस्कार श्रद्धा और संस्कृति का सजीव उदाहरण है। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रमुख मधुमिता शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया-बहन, उनके अभिभावक एवं विद्यालय के आचार्य-दीदी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## लोहरदगा कांग्रेस ने निकाली कैंडल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च पावरगंज चौक स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या को लेकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर सुखैर भगत ने कहा कि यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला है इस घटना का हम सभी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम कह सकते हैं कहीं ना कहीं यह घटना सुरक्षा में भारी चूक का परिणाम है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, सचिव जगदीप भगत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, आलोक साहू, सनीयारों उरांव, संगीता उरांव, मुजम्मिल अंसारी,सोनू कुरैशी, प्रकाश उरांव, मुस्ताक अहमद, अनिल उरांव, जुगल भगत, तनवीर गौहर, विनोद सिंह खेरवार, राजू कुरैशी, रूस्तम अंसारी, राजेश लाल, जुल्फान अंसारी, मुनीम अंसारी, रफीक, तारिक अनवर, मो मोखतार, राजू उरांव, कबीर अंसारी, फिरोज अंसारी, हबीबुल खान, अब्दुल रऊफ समेत अन्य कांग्रेस की उपस्थित थे।

## एस कॉलेज में विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आगाज




लोहरदगा। बी एस कॉलेज में विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा एवं विशिष्ट अतिथि ओपन यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति टी एन साहू एवं पद्मश्री मुकुंद नायक ने संयुक्त रूस से दीप प्रज्वलित करेंगे। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा ने कहा कि झारखंड के युवा विकसित भारत के सपनों को साकार करने में महत्व पूर्ण भूमिका निभा सकते है।युवा जॉब सीकर न बने जॉब गिवर बने। इस अवसर पर नागपुर नीरी के वैज्ञानिक तनवीर आफरीन ने झारखंड के परिप्रेछ में के संदर्भ में विकसित भारत के लिए सतत विकास के लिए आवश्यक पाथवे की बात की। डॉ डी एन वर्मा, रामपुरहाट, प बंगाल के आदिवासी जनजातियों का इतिहास संथाल परगना के संदर्भ में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ प्रभात कुमार ने बटर फ्लाईबगर्डन की बात की। डॉ पवेज हसन, डॉ सुनील केरकेट्टा, डॉ प्रसंजित मुखर्जी ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ सुमित पाठक,डॉ संगीता, योगदा सत्संग कॉलेज रांची, डॉ आभा मुखर्जी, डाल्टनगंज, डॉ चित्र शर्मा, डॉ टी उरांव, डॉ टी तिर्की, डॉ सोहेब अंसारी, डॉ गजनफर अली आदि लोग सम्मिलित हुए।

### भाईचारा नहीं हमें तो हमेशा से चारा बनाया गया : सुनील अग्रवाल



लोहरदगा। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के 28 निर्दोषों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने बर्बरता पूर्वक गोली मार के हत्या कर दी उसे लेकर सेन्हा प्रखण्ड के बरही डिप्पा चौक में आतंकवादियों का पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया और उन शहीदों के आत्मा के शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा बचपन से सिखाई गई भाई चारा परंतु अब हमें समझ में आया कि हम सब चारा है और इसका जीता-जागता उदाहरण है आंतकवादियों के द्वारा धर्म पूछ कर गोली मारना। आगे कहा कि सनातन समाज को एकजुट होने का समय आ चुका है संगठित होकर ही भारत के दुश्मनों को सबक सिखा सकते हैं। महावीर प्रसाद ने कहा आतंकवादियों का भी धर्म होता है यह पूरी दुनिया जान चुकी है। अब समय है पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने का, मोदी जी आप आगे बढ़े हम सब आपके साथ हैं। मौके पर जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जय मां दुर्गा पूजा समिति बरही के आजीवन संरक्षक रवींद्र साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रितेश कुमार, विनोद साहू, समाज सेवी महावीर प्रसाद, विहिप के बाबा होमन दास, अजय शुक्ल,युवा कार्यकर्ता नितेश कुशवाहा, अंजू ठाकुर, नरेश महतो, उदित महतो, लखन महतो, एवं अन्य मौजूद थे।

## छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन को और मजबूत बनाया जायेगा: धीरज साहू

### ट्रकों मालिकों की समस्याओं को लेकर जल्द मिलेंगे सीएम से

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। पूर्व राज्यसभा सांसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के लोहरदगा स्थित साहू आवास में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ,झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और आने वाली समस्याओं से संरक्षक को अवगत कराया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने धीरज प्रसाद साहू को बताया की हिंडाल्को कंपनी से नया भाड़ा एक अप्रैल से तय होना चाहिए था किंतु हिंडाल्को कंपनी की टालमटोल नीति के कारण अभी तक भाड़ा नहीं तय किया गया है ।इस पर एसोसिएशन एवं संरक्षक ने तय किया है कि एक सप्ताह के अंदर कंपनी नया भाड़ा अगर तय नहीं करती है और 1 अप्रैल से एरियर जोड़कर नहीं देती है और तो बहुत तेज आंदोलन की शुरूआत की जाएगी । इसके अलावा झारखंड सरकार के द्वारा 15 साल से पुराने व्यावसायिक वाहनों को दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक प्राधिकार (आरटीए) के द्वारा रोड परमिट नहीं दिया जा रहा है जबकि झारखंड में ही अन्य प्रमंडलो में 15 साल से पुराने व्यावसायिक वाहनों को रोड परमिट दिया जा रहा है। एक ही राज्य में दो तरह की नीतियां अफसरो ने लागू की हुई है , सारी चीजों से अवगत कराते हुए संरक्षक श्री साहू को बताया गया। एक और सरकार वाहनो से टैक्स ले रही है और उन्ही वाहनों को रोड परमिट नहीं दे रही है । इस पर संरक्षक श्री साहू ने कहा कि इस संबंध में मैं परिवहन मंत्री एवं मुख्यमंत्री से शीघ्र मिलकर इस समस्या का निदान कराऊंगा। वहीं दूसरी ओर संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने संरक्षक को अवगत कराया कि कुछ छोटे निजी माइंस ऑनर एवं एक बाहर से आई हुई कंपनी के द्वारा लोहरदगा में बड़ी गाड़ियों का परिचालन शुरू किया गया है, जिसका हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं और वह कंपनी हिंडाल्को कंपनी से काफी कम भाड़ा दे रही है। इस पर यह तय हुआ कि एसोसिएशन जिला प्रशासन एवं सभी निजी माइंस ओनरों एवं प्राइवेट कंपनी को लिखित में यह अल्टीमेटम देगी की हिंडाल्को के बराबर भाड़ा दिया जाए और बड़ी गाड़ियों का परिचालन किसी भी कीमत पर नहीं होगा क्योंकि यहां चलने वाले लगभग दो हजार 6 चक्का बॉक्साइट ट्रक कहां जाएंगे और इन ट्रकों से जुड़े हुए विभिन्न तरह के लोग चाहे वह ड्राइवर, खलासी, लोडर, अनलोडर, ट्रक मालिक, गैरेज, पेट्रोल पंप, टायर दुकान, पार्टस दुकान, होटल लगभग पचास हजार से 1 लाख लोग इस व्यवसाय से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इसपर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आप लिखित में उनको अल्टीमेटम दे दीजिए और बड़ी गाड़ियों का परिचालन हर हालत में रोकिए वहीं दूसरी ओर धीरज प्रसाद साहू एवं तीनों संगठन के पदाधिकारियों ने यह तय किया है कि ट्रक मालिक एवं मजदूर को सभी माइंसों एवं सभी स्थानों से जोड़कर इंटक को और मजबूत बनाया जाएगा और सभी लोग एकजुट होकर धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में काम करेंगे क्योंकि धीरज प्रसाद साहू जी ने ट्रक मालिको, श्रमिकों के लिए बहुत काम किया है । इससे पूर्व उनके बड़े भाई स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के द्वारा भी मजदूर हित में बहुत सारे काम किए गए हैं। इसलिए सभी ट्रक मालिक एकजुट होकर धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में काम करते आ रहे हैं और करते रहेंगे। इस बैठक में विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, रहमत अंसारी, मो बबलू, राजेश शर्मा, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र कुमार, मुद्रिका यादव, समसुल अंसारी, धर्मवीर कुमार, झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन विमरला के कोषाध्यक्ष शशिकांत दास, अजमल कुरैशी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं व लिपिकों को ई फाईलिंग एवं डिजिटल कार्य को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता




लोहरदगा। ई कमिटी सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं जुडिशल एकेडेमी रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में 50 अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ता लिपिक का ऑनलाइन फाईलिंग एवं ई कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से किया। बताया गया कि ई कोर्ट के माध्यम से केस की स्थिति, संख्या सहित केस से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में केस फाइलिंग होने के बाद लोगों को केस की स्थिति की जानकारी नहीं हो पाती थी। लेकिन अब लोग अपने मामलों के बारे में ई कोर्ट के माध्यम से खुद से पता कर सकते हैं। कहा कि ई-फाइलिंग के होने से पेपरलेस कार्य को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही समय और धन की भी बचत होगी। वहीं उन्होंने बताया कि पहले फाइलिंग प्रक्रिया फिजिकल मोड में होती है। लेकिन ई कोर्ट के तहत फाइलिंग डिजिटल मोड में होगा। जिसके लिए सभी अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक को पंजीकृत होना आवश्यक है। जो अधिवक्ता या अधिवक्ता लिपिक पंजीकृत नहीं होंगे उन्हें फाईलिंग करने में समस्या उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन को रोके नहीं जा सकता बल्कि परिवर्तन को लोगों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करने चाहिए। वहीं डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा ने वीडियो दिखलाकर ई फाइलिंग में पंजीकृत होने की विधि को विस्तार से बताया। मौके पर अधिवक्ता, लिपिक उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय बना नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय का पहला और एकमात्र स्वायत्त (ऑटोनॉमस) कॉलेज

# पलामू प्रमंडल के लिए गर्व का विषय है : रामचंद्र सिंह

**खबर मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अर्थात यूजीसी के द्वारा महाविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान अर्थात ऑटोनॉमस स्टेट्स का दर्जा प्रदान किया गया है। इसके लिए यूजीसी को आवश्यक डॉक्यूमेंट्स सब्मिट किए गए थे। पूरी गहनता पूर्वक अवलोकन व निरीक्षण करने के पश्चात संतुष्ट होकर यूजीसी ने इसे एक ऑटोनॉमस कॉलेज का दर्जा दिया। इस खबर से यहां के प्राचार्य, उप प्राचार्य, प्रोफेसर्स, छात्र छात्राओं तथा स्थानीय निवासियों के बीच खुशी का माहौल है। आपको बताते चलें कि संत जेवियर्स महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्कृष्टता, सर्वोच्चता और सर्वश्रेष्ठता का आंकलन, अवलोकन व मूल्यांकन करने के पश्चात राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् NAAC के द्वारा इसे पहले A+ ग्रेड कॉलेज के सम्मान से नवाजा जा चुका है।

**क्या बोले कालेज के प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश**

डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष, उल्लास और गर्व का विषय है कि हमारा महाविद्यालय अविस्मरणीय मुकाम को हासिल कर सका है। और आज नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय का एकमात्र स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान के रूप में हम सभी के समक्ष खड़ा है।

यह उपलब्धि इस संस्थान में शामिल सभी की कड़ी मेहनत, निष्ठा, समर्पण, टीम वर्क और विश्वास को परिलक्षित करता है। यह वास्तव में महाविद्यालय के इतिहास में एक महान व मूल्यवान उपलब्धि है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की हैं। अर्थात महाविद्यालय यूनिवर्सिटी के सहयोग व समन्वय के साथ कार्य करेंगी।


### विधायक रामचंद्र सिंह भी किये कालेज का दौरा

महाविद्यालय के इस उपलब्धि पर सबों को बधाई देने के लिए मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सह उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह भी अपने सहयोगियों के साथ शामिल हुए। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष और असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव ने मंच संचालन के द्वारा पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर उनका स्वागत व अभिनंदन किया तथा इस अवसर पर आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर शशि शेखर, शिक्षक प्रतिनिधि जफर इकबाल, मैक्सेंशस कुजूर, रोस एलिस बारला शालिनी बारा, शेफाली प्रकाश, अंशु अंकिता, डॉ. मनु शर्मा, डॉ. आरिफुल हक, तथा अन्य प्रोफेसर्स मौजूद थे। विधायक ने यहां के प्राचार्य महोदय डॉ. फादर एम. के. जोश, उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, ट्रेजरर फादर लियो, सिस्टर चंद्रोदय,फादर राजीप, सभी प्रोफेसर्स गण तथा अन्य सभी कर्मचारी गण तथा समस्त कॉलेज प्रबंधन को बहुत बहुत बधाई एंव शुभकामनाएं प्रदान की। तथा साथ ही साथ कॉलेज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बुके देकर सम्मानित करते हुए विधायक।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 49 हजार रुपये



भुक्तभोगी शोभा साव।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढा ग्राम निवासी शोभा साव साइबर ठगी के शिकार हो गए। भुक्तभोगी शोभा साव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे मोबाइल नंबर 9279339541 पर दिनांक 14 अप्रैल 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को सरकारी योजना से जुड़ा अधिकारी बताते हुए कहा कि आपके पीएम किसान योजना की पांच हजार रुपये की राशि फंसी हुई है। जिसे क्लियर करने के लिए एक लिंक भेजा गया है। कॉल करने के कुछ देर बाद मेरे मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया। और लिंक पर क्लिक किया। इसके बाद मेरा मोबाइल फोन 14 अप्रैल से स्विच ऑफ हो गया। इसी बीच शोभा साव ने अपने एक रिश्तेदार को 50 हजार रुपये का चेक दिया था। जब वह चेक लेकर बैंक गया तो बैंक कर्मियों ने बताया कि खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं है। इस सूचना से हैरान शोभा साव तुरंत भारतीय स्टेट बैंक भैंसादोन शाखा पहुँचे और अपने खाते की स्टेटमेंट निकाली। स्टेटमेंट देखने पर उन्होंने पाया कि उनके खाते से दिनांक 19 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच कई छोटे-छोटे किस्तों में कुल 49 हजार रुपये की निकासी कर ली गई है। निकासी इंटरनेट के माध्यम से की गई थी। शोभा साव ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक और बारियातू थाना प्रभारी को दी है तथा साइबर ठगी में संलिप्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस और बैंक प्रबंधन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल या मैसेज में भेजे गये लिंक पर क्लिक न करें। किसी को भी अपने बैंक खाते की गोपनीय जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड आदि साझा न करें। थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी आर्थिक क्षति हो सकती है।

### 20 साल बाद भी अंधेरे में लादी गांव, सरकार का विद्युतीकरण ढकोसला साबित

# फाइलों में रौशनी, जमीन पर अंधेरा, राजीव गांधी से दीनदयाल तक योजनाओं की विफलता उजागर

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड में शतप्रतिशत विद्युतीकरण का दावा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। करोड़ों रुपये फूंकने के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि आज भी गांवों में अंधेरा पसरा हुआ है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से लेकर दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तक, सरकारें बस कागजों पर उजाले बिखेरती रहीं, जबकि हकीकत में गांव आज भी बिजली का इंतजार कर रहे हैं। लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड के हरातु पंचायत स्थित ग्राम लादी इसका सबसे बड़ा सबूत है। यहां घर-घर मीटर तो वर्षों पहले लगा दिए गए, लेकिन बिजली का दर्शन आज तक नहीं हुआ। सड़क किनारे तार सड़ रहे हैं, खंभे जंग खा रहे हैं और ट्रांसफॉर्मर बस नाम के लिए लगे हैं। इसके अलावा कई गांव में बल्ब जलाने की कोशिश में ट्रांसफॉर्मर जल चुके, लेकिन प्रशासन अब तक गहरी नींद में सोया हुआ है। साल 2005 में शुरू हुई राजीव गांधी विद्युत योजना को पांच साल में पूरा करना था, लेकिन बीस साल बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस हैं। 2014 में नई उम्मीदों के साथ दीनदयाल उपाध्याय योजना लाई गई, लेकिन हाल वही ढाक के तीन पात। झारखंड में ग्रामीण विद्युतीकरण के नाम पर सिर्फ टेंडर पास हुए, ठेकेदारों की जेबें भरी गईं और अधिकारी रिपोर्टों में पूरा लिखते रहे। सरकारी फाइलों में गांवों को रोशन बताया जा रहा है, लेकिन लादी जैसे सैकड़ों गांव आज भी अंधेरे में डूबे हैं। सवाल उठता है कि आखिर किस आधार पर झारखंड को पूर्ण विद्युतीकरण वाला राज्य घोषित किया गया था? किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा उन ग्रामीणों की जिनकी उम्मीदों के साथ बार-बार खिलवाड़ किया गया? लादी गांव की पीड़ा सिर्फ एक गांव की नहीं है, यह उस झूठे विकास मॉडल की कहानी है जो आंकड़ों की बाजीगरी से जनता को गुमराह करता रहा। अब वक्त आ गया है कि सरकारें आंखें खोलें और उन गांवों को भी सच में रौशनी दें, जो दशकों से सिर्फ वादों के उजाले में जीने को मजबूर हैं।



सड़क पर गिरे विद्युत तार।

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाला आक्रोश मार्च



बालूमाथ। बालूमाथ विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च महावीर मंदिर से आरंभ होकर थाना चौक, वन विभाग,मुरपा मोड,न्यू बस स्टैंड होते हुए थाना चौक पहुंचा। आक्रोश मार्च में शामिल लोगों ने तिरंगा झंडा एवं भगवा झंडा लेकर पाकिस्तान मुदार्बाद, नरेंद्र मोदी तुम आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं। इस्लामिक आतंकवादी मुदार्बाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्री राम, देश के गद्दारों को गोली मारो सालों को समेत कई नारे लगा रहे थे। रैली समाप्त के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज सरीफ का पुतला होगा। व जूते चप्पल से उसकी पिटाई की गई। इस मौके पर रामनाथ सिंह, रामकुमार गुप्ता, अखिलेश भोगता, लालदेव गंझू, कृष्ण यादव, पप्पू सिन्हा, त्रिवेणी साहू, प्रवीण कुमार, सागर कुमार, ओम पांडे,गजेंद्र हिमांशु, निरंजन गुप्ता, संजय साव, महानंद सिंह, ज्योति सिन्हा, सकेंद्र साहू, विनोद साव समेत कई लोग शामिल थे।

### वनकर्मियों एवं वन रक्षा समिति के सदस्यों ने वन क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को रोका



**चंदवा।** वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार महतो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को चंदवा वन प्रक्षेत्र के कर्मियों एवं वन रक्षा समिति अलौदिया के लोगों ने अभियान चला कर वन क्षेत्र में अवैध रूप से हो किए जा रहे मकान निर्माण कार्य को रोक दिया साथ ही विभागीय कार्रवाई को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। अभियान के दौरान समिति के लोगों एवं कर्मियों ने वन क्षेत्र से अवैध रूप से लकड़ी की कटाई कर ला रहे लोगों को भी रोक कर ऐसा न करने की कड़ी हिदायत दी। वनरक्षी सुनील कच्छप, अनिल कुमार ने विभाग को गुप्त सूचना मिल रही थी कि वन क्षेत्र में अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसी आलोक में उक्त कार्रवाई की गई है। मामले में जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मौके पर वन रक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पंडित, सचिव नरेंद्र कुमार, रंथू पुजेर, गुठल गंझु, लट्टू गंझु, राजेश गंझु समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### चंदवा: मंडल भाजपा कमिटी की बैठक संपन्न, मंडल अध्यक्ष के लिए हुई रायशुमारी

# आधा दर्जन नामों पर हुई चर्चा, पांच की सूची जाएगी प्रदेश

**खबर मंत्र संवाददाता**



**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में शनिवार को भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने की। बैठक में प्रभारी के रूप में आये राकेश कुमार दुबे मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक कुमार निषाद ने की। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि व दिप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि भाजपा एक सांगठनिक पार्टी है। पार्टी के नीति व सिद्धान्तों को लेकर हमसबो को आगे चलना है। पार्टी में मिला हर दायित्व व पद बड़ा होता है। जिसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। उन्होने सभी कार्यकर्ताओ को पार्टी के प्रति वफादार होने की भी बात कही। प्रभारी राकेश कुमार दुबे ने मंडल अध्यक्ष पद के नामांकन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत प्रखंड के पांच सक्रिय सदस्यों ने अपने-अपने आवेदन देकर मंडल अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश की। इनमें मंडल उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श रविराज, पूर्व मंडल महामंत्री श्रवण प्रसाद, बारी पंचायत अध्यक्ष संजय प्रसाद साहू, एवं हीरामणि देवी व ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सूर्य नारायण साहू शामिल थे। इसके उपरांत इन सभी सदस्यों के बीच आपसी समन्वय व राजशुमारी के उपरांत मंडल उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह के नाम पर सहमति होने की चर्चा देखी गई। राकेश कुमार दुबे ने बताया कि आवेदनकर्ताओं की सूची प्रदेश कमेटी को भेजी जाएगी, जिसके बाद ही मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा आदर्श रविराज ने की।

**पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि**

बैठक के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा लोकसभा आयोजित गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 28 आमलोगों की मौत पर दो मिनट का मौत धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर वरिष्ठ देवमोहन सिंह, कुलामन साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, शंकर साहू, मीनाक्षी देवी, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, विनय वर्मा उर्फ रिकी, राजन भगत, सकिन्द्र मुंडा, बीरेंद्र लोहरा, रिकेश्वर यादव, शंकर मुंडा, रामकिशुन गंझू, बबन मुंडा, राजेश यादव, अनिल यादव, विजय साव, मनोज पाठक समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गई



**हेरहंज।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप भाजपा मंडल कार्यालय में शनिवार को मंडल अध्यक्ष पद की रायसुमारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई साव ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्रों पर माला अर्पित कर पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी ने किया। बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य कार्यक्रम प्रवेक्षक संजीव सिंहा जिला कार्य समिति सदस्य विजय गुप्ता रंजीत जायसवाल अजय सिंह मनीष जायसवाल के निगरानी में सर्व समिति से हेरहंज मंडल से मंडल पद के लिए चार नाम लिया गया। संजीव सिंहा ने बताया कि पार्टी पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ मंडल अध्यक्ष का चुनाव कराएगी जो भी सक्रिय सदस्य है ओ अपना नाम भेज सकते हैं। जिसके बाद चार लोगों का नाम आया कन्हाई साव श्यामलाल गोस्वामी, मनोज यादव जस्मतियां कुंवर सभी का नाम जिला भेजा गया जो नाम गया उसमें पार्टी इनके कार्यकाल को देखते हुए। प्रदेश से किसी एक नाम की घोषणा जल्द ही करेगी। बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारी सभी बूथ अध्यक्ष पंचायत संयोजक मोर्चा अध्यक्ष कार्यकर्ता बिहारी प्रसाद जितेंद्र यादव, राकेश यादव, दिलीप चंद्रवंशी, अरुण साव, अखलेश यादव, संकेश्वर राम, निर्मल भोक्ता, पिंटू यादव, बिशेश्वर भगत, अजय जायसवाल, चिंतामणि देवी समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बरवाडीह में शिक्षा विभाग का स्कूल रुआर कार्यक्रम बना औपचारिकता



कार्यक्रम में उपस्थित बीआरपी सीआरपी व शिक्षक।

**बरवाडीह।** शनिवार को प्लस टू विद्यालय परिसर में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्कूल रुआर कार्यक्रम खानापूर्ति का उदाहरण बनकर रह गया। बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के अलावा न कोई जनप्रतिनिधि पहुंचे और न ही विभागीय अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व निर्धारित समय से लगभग एक घंटे की देरी के बाद, बीईईओ नागेंद्र सिंह की अनुपस्थिति में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य वक्ता संकुल साधनसेवी मनोहर यादव और अशोक यादव ने विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को स्कूल रुआर कार्यक्रम की रूपरेखा समझाते हुए इसे शत-प्रतिशत सफल बनाने का निर्देश दिया। हालांकि, सरकार के सचिव के स्पष्ट आदेश के बावजूद कार्यक्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति भी काफी कम देखी गई। बीईईओ समेत विभागीय अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने पूरे आयोजन को महज औपचारिकता बनाकर छोड़ दिया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा से ठीक 10 मिनट पहले बीईईओ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। वहीं बीडीओ रेशमा रेखा मिंज पहले से तय जिला मुख्यालय में आयोजित को ऑर्डिनेशन बैठक में भाग लेने गई थीं। इस पूरे घटनाक्रम पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्यक्रम की कोई सूचना उन्हें अधिकारी स्तर से नहीं दी गई थी। यदि व्हाट्सएप के जरिए कोई संदेश आया भी हो तो उसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने विभाग पर आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग में किसी भी कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ खानापूर्ति रह गया है और विभाग न जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना जानता है, न ही उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की परवाह करता है। यह रवैया जनप्रतिनिधियों के मान-सम्मान का सीधा हनन है।

# स्कूलों में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें : राजश्री

**खबर मंत्र संवाददाता**



कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**चंदवा।** स्कूल रुवार 2025 बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय चंदवा के प्रशाल में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य चंदवा पश्चिमी सरोज देवी एवं प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चंदवा राजश्री पुरी, डीडीओ सह प्रधानाध्यापक कन्या मध्य विद्यालय चंदवा केदारनाथ महतो, प्रतीक कुमार सिंहा बीआरपी सभी प्रखंड के कर्मी एवं पदाधिकारी सभी सीआरपी एवं प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ की गई प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चंदवा के द्वारा कार्यक्रम के संबंध में विशेष जानकारी दी गई एवं सभी प्रधानाध्यापको एवं स्टेकहोल्डर से अनुरोध किया गया की राज्य कार्यालय के निर्देश के आलोक में दिन प्रतिदिन निर्धारित कार्यक्रम का संपादन करना सुनिश्चित करें। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी के द्वारा सभी प्रधानाध्यापक को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन एवं उनका ठहराव सुनिश्चित करेंगे, साथ ही शत प्रतिशत कक्षा बार पारगमन सुनिश्चित करने की बात भी कही। प्रखंड उप प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा की सभी बच्चों का नामांकन एवं विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित किया जाए, इस हेतु हम सभी जनप्रतिनिधि आवश्यक सहयोग करेंगे, साथ ही साथ जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम है, वहां के अभिभावकों से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। जिला परिषद सदस्य सरोज देवी के द्वारा अपने संबोधन में अपील किया गया कि विद्यालय में रोचक ढंग से पढ़ाई का वातावरण बनाया जाए ताकि बच्चे प्रतिदिन विद्यालय जाने हेतु इच्छुक हो साथ ही इनके द्वारा भी आश्वस्त किया गया कि जहां कहीं भी जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता पड़ेगी वहां उपस्थित होकर समस्याओं के समाधान हेतु उचित प्रयास करूंगी। मंच संचालन बेलाल अहमद सहायक अध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जो कहा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक उदय चरण भारती, राजपाल भगत, मनोज पाठक सीआरपी दीपक कुमार संजू कुमारी, सुनील कुमार सिंह, धनंजय कुमार सहित सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ की बैठक

**लातेहार।** प्रशासक नगर पंचायत लातेहार की अध्यक्षता में एस एल आर एम प्रोजेक्ट लातेहार के तहत विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानो होटल, मेडिकल से संबंधित दुकानों, हॉस्पिटल एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ नगर पंचायत लातेहार के सभाकर कक्षा में बैठक की गई।

उक्त बैठक में एस एल आर एम प्रोजेक्ट लातेहार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिसमे सुखा एवं गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखा जाना है तथा उक्त प्रोजेक्ट्स से जुड़ी दिदीया के द्वारा संबंधित कचरे को कलेक्ट किया जाएगा।

### ड्रिंक एंड ड्राइव पर रोकथाम को लेकर चला विशेष ड्राइव



ब्रेथ अल्कोहल टेस्ट करते हुए।

**चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम को लेकर चंदवा पुलिस द्वारा विशेष ड्रिंक एंड ड्राइव जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के इंदिरा गांधी चौक पर पुलिस की टीम द्वारा दर्जनों दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों का ब्रेथ अल्कोहल टेस्ट किया गया। अभियान के दौरान पुलिस के अधिकारी एवं जवानों ने लोगों को शराब पीकर वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट का उपयोग करने, चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का उपयोगों अनिवार्य रूप से करने की अपील भी की गई।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई संपन्न

# अवैध खनन पर सख्त एक्शन लेने का डीसी ने दिया निर्देश

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर शनिवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 28 मार्च से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 37 वाहनों को जब्त कर 07 प्राथमिकी दर्ज गई है तथा 1 करोड़ 25 लाख 61 हजार रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।



टास्क फोर्स की बैठक में डीसी एसपी व अन्य।

समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परियोजनावार महाप्रबंधकों व अंचल अधिकारी से उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध खनिजों के परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी लिया। उपायुक्त द्वारा संबन्धित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

### विश्व हिंदू परिषद ने फूंका पुतला



विश्व हिंदू परिषद के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते लोग।

**बारियातू।** विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड इकाई के बैनर तले शुक्रवार को देर शाम प्रखंड मुख्यालय स्थित फुलसू मोड़ के समीप एक विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आयोजित किया गया। जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदन कुमार ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे। जिन पर निर्दोष निहत्थे की हत्या बंद करो,आतंकवादियों का सफाया करो, पाकिस्तान हाय-हाय,भारत माता की जय जैसे नारे लिखे थे। इस दौरान पवन प्रसाद, किशोर राम, राजन कुमार समेत कई अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे . उपस्थित लोगों ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की।

# बोकारो : विहिप एवं बजरंग दल ने नया मोड़ बिरसा चौक पर किया प्रदर्शन व पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में बोकारो स्टील सिटी के नया मोड़ बिरसा चौक पर विहिप एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिकों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष हिंदुओं की बर्बरता पूर्ण हत्या के खिलाफ आक्रोश पूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा भारत एक है।मौके पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख व प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री संजीव कुमार ने कहा कि कश्मीर के पुलवामा में निर्दोष हिंदुओं पर आतंकियों द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण हत्या के बदले किसी भी सूरत में पाकिस्तान को या उसके गुर्गों को इस नापाक हरकत का अंजाम भुगतना होगा। उक्त विरोध प्रदर्शन में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला मंत्री गिरीश सिंह सरजू गोस्वामी प्रो राजकुमार प्रो पीएल वर्णवाल सामाजिक कार्यकर्ता अनु सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर विहिप के पूर्व बोकारो जिला मंत्री गिरीश सिंह ने भारत सरकार को इजरायल की गुप्तचर संस्था मोसाद के सिद्धांत- ना हम भूलते हैं ना माफ करते हैं, का अनुकरण करते हुए यथाशीघ्र सख्त कार्रवाई कर पाकिस्तान को सबक सिखाने पर जोर दिया। आतंकवादियों की कटू भर्त्सना करते हुए, सिंह ने कहा कि आज समय की पुकार है- रामधारी सिंह दिनकर की पंक्ति को व्यवहारतः चरितार्थ करने की आवश्यकता है- हित वचन नहीं तूने माना- मैत्री का मूल्य न पहचाना। तो लो मैं भी अब जाता हूं- अंतिम संकल्प सुनाता हूं। याचना नहीं अब रण होगा- जीवन जय या कि मरण होगा। पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित लाल सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी पाकिस्तान के शह पर आतंकवादियों की बर्बरता पूर्ण करतूत पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार से जवाबी कार्रवाई करने पर जोर दिया।

# गोड्डा में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक को लेकर एसपी से मिले विधायक प्रदीप

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** जिले में चोरी की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि ने आम जनता के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। मोटरसाइकिल चोरी, चैन-स्नैचिंग, घरों में सेंधमारी और गोदामों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं अब आम हो चली है। दिनदहाड़े होने वाली इन वारदातों ने लोगों का चैन छीन लिया है। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं, जिससे रात-दिन की शांति भंग हो रही है। बाजारों, गलियों और आवासीय इलाकों में चोरी की घटनाएं बढ़ने से लोग अपने घरों और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। खासकर महिलाएं और बुजुर्ग इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, क्योंकि चैन-स्नैचिंग और लूटपाट की घटनाएं उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बन रही हैं। इस गंभीर समस्या से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव से मिले। जहां प्रदीप यादव ने जनता की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए गोड्डा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस एवं त्वरित कदम उठाने की मांग की। विधायक ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और इन अपराधों का बढ़ना जिले की शांति और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा है। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने, संदिग्धों की निगरानी करने और सीसीटीवी कैमरों जैसे तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर चोरों को पकड़ने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की परेशानियों को समझती है और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इसके लिए गश्त को और प्रभावी किया जाएगा, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई जाएगी और मुखबिर तंत्र को मजबूत किया जाएगा। मौके पर डीवाईएसपी जेपीएन चौधरी, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### बाइक की चपेट में आकर 12 वर्षीय बच्चे की मौत



**गोड्डा।** सरकंडा चौक पर हुए एक सड़क हादसे में करीब 12 वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है, मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के सरकंडा निवासी 12 वर्षीय रोमन मुर्मू के रूप में हुई है। रोमन मुर्मू सरकंडा स्कूल में चौथी कक्षा का छात्र था, वह अपने परिवार में सबसे छोटा था। मृतक के चाचा शिवलाल मुर्मू के अनुसार, रोमन खेलने गया था। इस दौरान सड़क पार करते समय वह एक बाइक की चपेट में आ गया और घटना घटित हुई। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी। नगर थाना प्रभारी दिनेश महली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बाइक को जब्त कर लिया। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं इस घटना के बाद परिवार के परिजन स्तब्ध हैं। वहीं इस मामले में नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने बताया कि बाइक पर दो लोग सवार थे। इस सड़क दुर्घटना में दोनों को भी चोटें आई हैं, फिलहाल दोनों का उपचार सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। फिलहाल बाइक को जब्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### रोटरी क्लब चास ने की जरूरतमंद की मदद

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने चंदनक्यारी के एक जरूरतमंद की बेटी की शादी के लिए उपहार एवं नगद धनराशि देकर मदद का हाथ बढ़ाया। यह सहयोग राशि एवं उपहार लड़की के पिता को दिए गए। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि बेटी की शादी में मदद करना पुण्य का काम है। विनोद चोपड़ा ने कहा कि रोटरी क्लब चास सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करता है। श्री चोपड़ा ने क्लब के सदस्यों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने पर बधाई दी। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान की जा रही है। मुकेश ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में सहयोग आगे भी जारी रहेगा। सहयोग राशि एवं उपहार पाकर लड़की के पिता ने रोटरी क्लब चास का आभार व्यक्त किया एवं प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर संजय बैद नरेंद्र सिंह धनेश बंका आनंद अग्रवाल दीपक अग्रवाल मंजीत सिंह अंकित चोपड़ा आदि उपस्थित थे।

### सीसीएल ढोरी में एकदिवसीय योगा एवं ध्यान कार्यशाला का आयोजन

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी के ऑफिसर क्लब में एक दिवसीय योग और ध्यान कार्यशाला का आयोजन शनिवार का किया गया। योग शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर व सीसीएल के कॉपरेट गीत के साथ किया गया। इस कार्यशाला में सीसीएल ढोरी, बीएंडके एरिया व कथारा के अधिकारी सहित कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि बीसीसीएल के पूर्व सीएमडी एके सिंह और योगाचार्य अमरेंद्र झा ने योग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी जीएम सह अमलो पीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य में सुधार होता है साथ ही जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आता है योग एक जीवनशैली है जो आपको स्वस्थ और खुशहाल बनाने में मदद कर सकती है। नियमित अभ्यास से आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### वरीय अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित शोक सभा में जिला जज प्रथम फहीम किरमानी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, महासचिव सहित अधिवक्तागण शामिल थे। व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला जज प्रथम फहीम किरमानी ने शोक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिवंगत फलाहारी महतो वर्ष 1968 से हजारीबाग जिला से वकालत शुरू की। वे लगभग 85 वर्ष की आयु के थे। उनके निधन से सभी मर्माहत है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। इससे पूर्व अधिवक्ता संघ भवन में संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा की गई। वे अपने पीछे दो पुत्र, चार पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोक सभा में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय, जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति, सब जज द्वितीय राज कुमार पांडेय, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष वेंकट हरि विश्वनाथन, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार, चन्द्रशेखर प्रसाद, बासु कुमार डे, अरुण सिन्हा, बी एन पोद्दार, जगदीश मिस्त्री, , जीतेंद्र दे व अधिवक्तागण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हंसडीहा : फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हंसडीहा।** न्यायालय द्वारा निर्गत वारंटी जतरु मांझी गांव कुसुमडीह थाना हंसडीहा को पुलिस ने गिरफ्तार करके शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जानकारी के अनुसार वारंटी जतरु मांझी के खिलाफ कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद पुलिस जतरू मांझी की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली की आरोपी युवक अपने घर पर है जिसके बाद थाना प्रभारी प्रकाश सिंह अवर निरीक्षक एलबी पासवान पुलिस बल के साथ आरोपी युवक के घर दबिश देकर युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया जिसे शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### कस्तूरबा की छात्राओं ने जल संरक्षण पर किया जागरुक

**गोपीकांदर।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गोपीकांदर के छात्राओं ने जल संरक्षण को लेकर रैली निकाली। रैली के माध्यम से छात्रों ने प्रार्थना सभा में सभी छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा जल संरक्षण की शपथ लेना, विद्यालय परिसर या आसपास के क्षेत्र में जल संरक्षण पर आधारित रैली का आयोजन, छात्राओं द्वारा जल संरक्षण पर पोस्टर और स्लोगन बनाना, जल ही जीवन है ̈ या ̈जल संरक्षण की आवश्यकता ̈ जैसे विषयों पर निबंध लेखन, जल संरक्षण पर आधारित चित्र बनाना, जल संरक्षण पर आधारित लघु नाटक का मंचन, छात्राओं द्वारा अपने घरों में जल स्रोतों का सर्वेक्षण करना और रिपोर्ट तैयार करने जैसे 20 तरह के जल संरक्षण पर जागरूक किया। इस दौरान वार्डन ज्ञान प्रभा, शिक्षिका सीमा रानी दत्ता, दीपा पन्ना, मिनोति कुमारी, अनु मुर्मू, रुसकर खातून और रिया कुमारी शामिल रही।

### भाकपा माले में शामिल हुए संगीता तिवारी और पीएन तिवारी

**बेरमो।** भाकपा माले झारखंड का 7वां राज्य सम्मेलन में बोकारो की कांग्रेस नेत्री संगीता तिवारी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पी एन तिवारी ने भाकपा माले में शामिल हुए। इस अवसर पर माले राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य, विधायक कॉ अरूप चटर्जी, पूर्व विधायक कॉ बिनोद सिंह, पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ हलधर महतो, कॉ अब्दुल हमीद अंसारी, कॉ दिलीप तिवारी, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कॉ सुषमा मेहता, महिला प्रदेश अध्यक्ष कॉ गीता मंडल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद सदस्य कॉ शशि यादव ने संगीता तिवारी को पार्टी का झंडा और फुलमाल देकर पार्टी में स्वागत किया, वहीं पूर्व विधायक कॉ बिनोद सिह ने कॉ पी एन तिवारी को फूल माला पहना कर भाकपा माले में स्वागत किया। वहीं कॉ संगीता तिवारी और कॉ पी एन तिवारी ने माले राष्ट्रीय महासचिव कॉ दीपांकर भट्टाचार्य को पुष्प गुछ देकर आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के सिध्दांतों पर विश्वास जताते हुए पार्टी के सिद्धांत पर कार्य करने व संगठन को मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया।

# मजदूरों की समस्या का निदान प्रबंधन की प्राथमिकता : पीओ

## एसडीओसीएम प्रबंधन के समक्ष आरसीएमयू ने रखी बात

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम परियोजना कार्यालय में पीओ के साथ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (आरसीएमयू) प्रतिनिधियों ने रखी दर्जनो कामगार की समस्या। आयोजित बैठक में आरसीएमयू की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष हरेंद्र सिंह की अगुवाई में पीओ को मजदूर समस्या से अवगत कराया गया। बैठक में क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान और शाखा अध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह ने कहा कि खदानों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। अधिक से अधिक कोयला उत्पादन कराने में श्रमिक संगठन अपनी पूरी भागीदारी देगी। कहा कि मुख्यालय की ओर से मिले लक्ष्य को पाने के लिए प्रबंधन मशीनों का रख रखाव सही तरीके से करे, ताकि उत्पादन में बाधा उत्पन्न न हो। कहा गया कि उत्पादन उत्पादकता के साथ-साथ प्रबंधन मजदूरों के मूलभूत सुविधाओं का भी ख्याल रखे। सेफ्टी सहित अन्य बैठक आदि नियमित किया जाए, तभी समस्याओं का निदान समय पर हो सकता है। इस अवसर पर पीओ शैलेश प्रसाद ने यूनियन प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मजदूरों की समस्या का निराकरण प्रबंधन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसके लिए यूनियन प्रतिनिधियों को प्रबंधन को सहयोग देना होगा। मजदूरों के सहयोग से ही एसडीओसीएम का उत्पादन लक्ष्य हासिल किया जाएगा। बैठक में राजीव कुमार, अरविंद कुमार ऋषि, कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम, पीई एक्स कुमार अमित, राम लखन कुमार, सुबल दत्ता सहित आरसीएमयू के शाखा सचिव रवि शंकर ठाकुर, मो कलीमुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह सहित बैजनाथ कुमार, जितेंद्र राय, उपेंद्र नाथ सिंह, कृष्णा गोप, नरसिंह मिश्रा, बाल्मीकि यादव, बिगन तुरी, राजन कमार, कामदेव मिश्रा, राम उदित चौहान, मंगल नोनिया, गोला साहू आदि उपस्थित थे।

# बेरमो : कथारा महाप्रबंधक ने किया प्रवेश द्वार निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो जिला के कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के समीप मुख्य सड़क पर बनने वाले प्रवेश द्वार का क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने 25 अप्रैल को शिलान्यास किया। मौके पर तमाम क्षेत्रीय स्तर के अधिकारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि इस प्रवेश द्वार के बनने से दुर से यहां आने वाले अधिकारियों, व्यवसायियों तथा आम जनों को यह एहसास होगा कि क्षेत्र अपने आप में अलग पहचान बनाए हुए हैं। साथ ही प्रवेश द्वार के बनने से इसकी भव्यता में चार चांद लग जाएगा। मौके पर जीएम के अलावा महाप्रबंधक सह विभागाध्यक्ष विद्युत एवं यांत्रिक विपिन कुमार, विभागाध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशासन रामानुज प्रसाद, विभागाध्यक्ष असैनिक संजय सिंह, विभागाध्यक्ष योजना एवं परियोजना अर्जुन कुमार प्रसाद, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक राजीव रंजन, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय सेफ्टी अधिकारी राजकुमार वर्णवाल, क्षेत्रीय सर्वेक्षण अधिकारी बीके मजूमदार, महाप्रबंधक के तकनीकी सहायक राहुल कुमार सिंह, महाप्रबंधक कार्यालय के उप प्रबंधक असैनिक मोहम्मद फिरदौस, अभियंता सहायक असैनिक कृष्ण मोहन, सुजीत कुमार, महाप्रबंधक के वरीय निजी सहायक निरंजन विश्वकर्मा, संतोष पांडेय, कार्य संवेदक गोविंद यादव, पवन यादव आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि 17 लाख 38 हजार की लागत से बनने वाले उक्त प्रवेश द्वार का महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारियों द्वारा विधिवत तरीके से पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के मौके पर उपस्थित जनों के बीच लड्डू बांटे गए।

## पेज एक का शेष

### एटीएस ने छापामारी...

**यरुशलम में हुआ था एचयूटी का गठन :** आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर का गठन 1953 में यरुशलम में हुआ था। आतंकी संगठन का मकसद विश्व में खलीफा यानी इस्लामिक स्टेट की स्थापना करना है। साल 2010 में भारत सरकार ने इस इस्लामी कट्टरपंथी समूह पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस संगठन का मुख्य काम युवाओं को कप्तरपंथी बनाने और उन्हें विभिन्न आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। ये आतंकी गतिविधियों के जरिये लोकतांत्रिक सरकारों को उखाड़ कर भारत सहित दुनिया भर में इस्लामी राष्ट्र और खिलाफत स्थापित करने के लिए काम करता है।

### स्वीडन में हेमंत...

स्पेन समझौते से झारखंड में खुलेंगे निवेश के द्वार--- वहीं इससे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के साथ व्यापारिक समझौते पर चर्चा की। इस दौरान दोनों पक्षों ने निवेश और व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। स्पेनिश कंपनियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की, जिनमें निर्माण, बुनियादी ढांचा, अक्षय ऊर्जा, और डेटा सेंटर शामिल हैं। सीएम श्री सोरेन ने स्पेनिश कंपनियों को झारखंड आकर निवेश के अवसरों का पता लगाने का आमंत्रण दिया। इससे राज्य में नये निवेश और रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं।

### सैन्य अभियान के...

जब तक कि अभियान समाप्त न हो जाये। यदि किसी चैनल द्वारा इस नियम का उल्लंघन किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसका सख्ती से पालन करना अनिवार्य है।

**पाकिस्तानी कनेक्शन की पुष्टि :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान की भूमिका को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। भारत ने विदेशी सरकारों के सामने तकनीकी खुफिया और मानव स्त्रोतों के जरिए जुटाए गए ठोस सबूत पेश किये हैं, जिनसे साफ होता है कि इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की सीधी भूमिका है। एजेंसियों ने इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों की पहचान कर ली है। जांच में यह सामने आया है कि हमले में शामिल आतंकियों का सीधा संबंध पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट से है, जो लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस में इन आतंकियों के सिग्नल पाकिस्तान के दो ठिकानों से जुड़े पाये गये हैं।

**पाकिस्तान के फूले हाथ-पांव :** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान सुपर लीग सीजन 10 के दौरान काम कर रहे 23 भारतीय नागरिकों को वापस भारत भेज दिया। भारत ने पहलगाम हमले के बाद अटारी-वाघा सीमा को बंद करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों के लिए वीजा छूट योजना भी रद्द कर दी है, जिससे पाकिस्तानी नागरिक अब विशेष अनुमति के बिना भारत नहीं आ सकेंगे। पाकिस्तान ने कहा है कि भारत से आने-जाने वाला हर प्रकार का सीमापार यातायात फिलहाल पूरी तरह से निलंबित रहेगा।

### आपके हाथों में...

**बेटियों की तारीफ :** देश की बेटियों की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज जो कीर्तिमान गढ़ रहा है उसमें हर वर्ग की भागीदारी बढ़ रही है और हमारी बेटियां दो कदम आगे ही चल रही हैं। हमारी नारीशक्ति ब्यूरोक्रेसी से लेकर स्पेस और साइंस के क्षेत्र में नई बुलंदियों को छू रही है। सरकार का विशेष ध्यान ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी है। भारत की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

**अन्नपूर्णा देवी ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र :** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विज्ञान भवन में आयोजित रोजगार मेले में कई युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपें। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ नियुक्ति नहीं, नए भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार युवाओं को अवसर देने और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया मैरिज हॉल सह गेस्ट हाउस का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/बांधकथारा।** झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता एवं मध निषेध तथा उत्पादन मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार की देर संध्या कथारा झिरकी मार्ग पर आईबीएम कॉलोनी के समीप बने राधा कृष्ण मैरैज हॉल सह गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि यहां उक्त मैरैज प्लेस के बनने से कथारा सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को विभिन्न समारोह आयोजित करने में सहूलियत होगी उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में खासकर विवाह समारोह के आयोजन के दौरान ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में स्थानाभाव को लेकर लोग अपनी सहूलियत के अनुसार मैरिज हॉल में जाकर समारोह आयोजित करते हैं इसके तहत एक ही जगह पर उन्हें तमाम सुविधा मिलती है बैंक्विट हॉल के संचालक कौशल यादव के अनुसार उक्त तीन मंजिलें बैंक्विट हॉल 5 हजार स्क्वायर फीट में बनाया गया है जिसके प्रथम तथा द्वितीय तले पर विवाह समारोह बैठके बर्थडे पार्टी आदि की व्यवस्था की गई है जबकि तीसरे माले पर आगंतुको के ठहरने तथा रहने की उत्तम व्यवस्था है। मौके पर मथुरा सिंह यादव रूपलाल यादव बालेश्वर को गोविंद यादव नागेश्वर यादव हेमंत दुलारचंद यादव मो हाशिम मो कलीम देवेंद्र यादव सीडी यादव नारायण यादव रंजय सिंह देवनारायण यादव बबलू यादव कुलेश्वर यादव राजेंद्र यादव कौशल यादव, शोबी देवी तीन पुत्र अनिल यादव संजय यादव गौतम यादव, उर्मिला देवी, बेबी देवी सुनीता यादव आदि उपस्थित थे।

# बेरमो : विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में गांधीनगर थाना के देवर भाभी की हत्या के बाद शव खेत में फेंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बीते दिनों विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जमनीजारा स्थित एक खेत में एक युवक और एक महिला का शव देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुची और वहां उपस्थित लोगों से उन दोनों की शिनाख्त करने की कोशिश की गई मगर किसी ने भी उन दोनों की शवों को नही पहचाना मगर कुछ ही समय बाद वाटशाप ने अपना कमाल दिखाया और दोनों शवों की शिनाख्त हो गई जिसके अनुसार मृतकों की पहचान गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बस्ती निवासी लगभग 34 वर्षीय मोहन महतो के पुत्र विजय कुमार महतो और महिला की पहचान 32 वर्षीय मुकेश कुमार महतो की पत्नी तिलिया देवी के रूप में की गई। महिला का चेहरा बुरी तरह कुचल दिया गया था। पुलिस के अनुसार दोनों की हत्या अवैध संबंध के कारण हुई है। वही पुलिस तिलिया देवी के पति से पूछताछ कर रही है तथा दोनों शवों को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

इस संबंध में एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि तिलिया देवी 23 अप्रैल से ही जरिडीह बाजार से गायब थी जिसे लेकर उसके पति द्वारा गांधीनगर थाना मे गुमशुदगी की सनहा भी दर्ज करवाई गई थी। दोनों के बीच अवैध संबंधों को लेकर गांव में पंचायती भी हुई थी- पुलिस के अनुसार तिलिया देवी और विजय महतो रिश्ते में देवर और भाभी था और महिला दो बच्चों की मां बताई जाती है। दोनो के बीच अवैध संबंध को लेकर गांव में पंचायती भी हुई थी। मगर दोनों के सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा था। एसडीपीओ द्वारा बताया गया कि महिला के लापता होने के बाद उसके मायके वाले खोजबीन के लिए ससुराल गये थे मगर उन्हें वहां से फटकार कर भगा दिया गया था। पुलिस घटना स्थल से कई साक्ष्य किए हैं बरामद-घटना स्थल से पुलिस मोबाइल भी बरामद किया है जिसका सीडीआर यानी कॉल डिटेल रिपोर्ट निकालने के लिए टेक्निकल विभाग से सम्पर्क किया गया है।इस घटना की जांच के लिए विष्णुगढ़ की पुलिस टीम गांधीनगर थाना की भी मदद व सहयोग ले रही है। वही मृत्तिका की मां कुसुबा गांव निवासी पनवा देवी पति भीम महतो के आवेदन पर विष्णुगढ़ थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में एक व्यक्ति को नामजद और अन्य अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है। बहरहाल एक बार फिर प्रेम परवान चढ़ने से पहले ही दोनों प्रेमियों का अस्तित्व ही मिटा डाला। अब देखना बाकी होगा कि पुलिस के अनुसंधान के बाद जो कहानी सामने आयेगी उसमे विलेन कौन निकलता है।

# डीपीएस बोकारो में 'चित्रांजलि' कार्यशाला आयोजित प्रशिद्ध कलाकार विजय चित्रकार ने सिखाये गुर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न विधाओं में अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास की कटिबद्धता के तहत डीपीएस बोकारो में एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। चित्रांजलि नामक इस कार्यशाला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने झारखंड की पारंपरिक पाटकर चित्रकला की बारीकियां सीखीं। जमशेदपुर के अमाडुबी पानीजिया ग्रामीण पर्यटन केंद्र से आमंत्रित पाटकर पेंटिंग के लब्ध-प्रतिष्ठित कलाकार विजय चित्रकार ने बच्चों को इस लोक-कला के गुर सिखाए। किस प्रकार कागज की शीटों को जोड़कर लंबे स्क्रॉल व एकल शीट अथवा कपड़े पर प्राकृतिक रंगों की मदद से विभिन्न तरह के चित्र बनाए जाते हैं- इसके बारे में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी उन्होंने दी। विद्यार्थियों ने नदी तट के पत्थरों हल्दी पेड़ों की पत्तियां पुटुस के फूल आदि से प्राकृतिक रंग तैयार करने का प्रशिक्षण लिया। उन्हें बताया गया कि पाटकर पेंटिंग को कपड़े या कागज पर बनाया जा सकता है। चित्रों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए प्राकृतिक रंगों में नीम या बबूल की गोंद मिला दी जाती है। इसके बाद बच्चों ने श्री चित्रकार के निर्देशन में रामायण महाभारत आदिवासी जनजीवन करम पर्व आदि विषयों पर चित्रांकन कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। तत्पश्चात उनके द्वारा तैयार चित्रों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस क्रम में विजय चित्रकार ने सृष्टि की उत्पत्ति तथा प्रकृति व मानवीय जीवन-चक्र पर आधारित अपनी एक स्क्रॉल पेंटिंग दिखाते हुए क्रमवार उसकी व्याख्या की। प्रशिक्षक विजय चित्रकार ने बताया कि पाटकर चित्रकला स्थानीय संताली कथाओं प्रकृति ग्रामीण जीवन और पौराणिक कथाओं पर आधारित होती है।

# बेरमो : मासिक लोक अदालत में 15 मामलों का हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन माननीय झालसा के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के आदेशानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 2 बेंचो (पीठों) का गठन किया गया।

बेंचों में अपराधिक मामलो, वन विभाग के मामलो, उत्पाद विभाग के मामलो, एन आई एक्ट (चेक बाउंस ) एवं बिजली से संबंधित मामलों एवं अन्य मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 15 मामले निष्पादित हुए। इस मासिक लोक अदालत के सफल संचालन के लिए दो बेंच का गठन किया गया था।

जिसके पहले बेंच पर जिला जज प्रथम फहीम किरमानी एवं अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल तथा दूसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला और अधिवक्ता प्रशांत पाल मौजूद थे। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के प्रभारी सचिव सह प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला ने दी और आगे बताया कि मासिक लोक अदालत के सफल संचालन में न्यायिक दंडाधिकारी गण, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के सदस्य एवं पैनल अधिवक्ता गण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्पीड न्यूज

### ईरान के बंदरगाह पर धमाका, चार मौत व 500 से ज्यादा घायल

**दुबई।** ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को जबरदस्त धमाका हुआ। इसमें 500 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जबकि 4 लोगों की मौत हो गई। ये धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब ओमान में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर चल रहा है। हालांकि विस्फोट के कारणों का तुरंत पता नहीं चल पाया। धमाका बंदर अब्बास शहर के शाहिद राजी बंदरगाह पर हुआ। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और बंदरगाह की गतिविधियों को रोक दिया गया। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक खिड़कियां टूट गईं।

### जेलेंस्की से मिले ट्रंप युद्ध विराम पर चर्चा



**रोम ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को वेटिकन सिटी में कैथोलिक ईसाई धर्म गुरु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार से इतर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। जेलेंस्की ने शनिवार को एक्स पर अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत की तस्वीर साझा करते हुए अपनी पोस्ट में लिखा कि अच्छी बैठक। हमने एक-एक करके बहुत चर्चा की। हमने जो कुछ भी कवर किया है, उसके परिणाम की उम्मीद है। हमारे लोगों के जीवन की रक्षा करना। पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम। विश्वसनीय और स्थायी शांति जो एक और युद्ध को छिड़ने से रोकेगी। अगर हम मिलकर अच्छा परिणाम हासिल करते हैं तो यह बैठक ऐतिहासिक बन सकती है। धन्यवाद।

### पाक के बलूचिस्तान में नौ आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में नौ आतंकवादी मारे गए है। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के अनुसार आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर के बाद पिशिन जिले के खानोई बाबा इलाके में चलाए गए अभियान में छापेमारी के दौरान गोलीबारी हुई । मुठभेड़ में नौ आतंकी मारे गए। सुरक्षा बलों ने छापेमारी कर भारी मात्रा में स्वचालित हथियार, ग्रेनेड और गोला-बारूद सहित हथियारों और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है । बलूचिस्तान के सीएम सरफराज बुगती ने अभियान के लिए एजेंसियों की प्रशंसा की।

### लाहौर हवाई अड्डे पर आग से उड़ानें बाधित

**लाहौर।** पाकिस्तान में लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी और सभी उड़ानें रद्द कर दी गयी। आग से हवाई अड्डे पर नागरिकों में अफरा-तफरी मच गयी, जिसके कारण निकासी और अन्य कर्मचारियों के संचालन में बाधा उत्पन्न हुई। आग लगने का कारणों का अभी पता नहीं चला है।

### पिकअप ने छह सफाई कर्मियों को रौंदा, मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के नूंह जिले में फिरोजपुर झिणका के पास मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक पिकअप की चपेट में आने से छह सफाईकर्मियों की मौत हो गई और अन्य पाँच घायल हो गए। दुर्घटना इब्राहिम बास गाँव के निकट पूर्वाह्न 10 बजे घटी। सफाईकर्मी एक्सप्रेसवे पर सफाई कर रहे थे जब तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कुछ शवों के क्षत-विक्षत हो गए। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना की जांच की जाएगी।

# पोप फ्रांसिस को बेसिलिका डी सांता मारिया मैगीगोर में दी गयी अंतिम विदाई

## 170 देशों के नेताओं ने दी पोप को अंतिम विदाई

**भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पोप को किया नमन**

एजेंसी

**वेटिकन सिटी।** वेटिकन में शनिवार को पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार कैथोलिक चर्च के रीति-रिवाज के साथ सेंट पीटर बेसिलिका के स्थान पर बेसिलिका डी सांता मारिया मैगीगोर में किया गया। अंतिम संस्कार की प्रार्थना सभा पूरी होने के बाद यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु के ताबूत को दफनाया गया। करीब ढाई लाख लोग इसके साक्षी बने। लगभग 170 देशों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने पोप को अंतिम विदाई दी। इनमें करीब 50 राष्ट्राध्यक्ष और 10 सम्राट भी शामिल हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पोप को नमन किया। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे भी अंतिम संस्कार समारोह के दौरान कुछ सैनिकों के बगल में खड़े नजर आए। वेटिकन प्रेस कार्यालय के अनुसार, इससे पहले रोमन कैथोलिक चर्च के 266वें 'पोप' पोप फ्रांसिस के ताबूत के अंतिम दर्शन बंद कर दिए गए। ताबूत को सील करने की रस्म शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे रोम के सेंट पीटर बेसिलिका में हुई। वेटिकन न्यूज के अनुसार, इस रस्म के दौरान नए पोप के चयन तक वेटिकन के अंतरिम प्रबंधक कार्डिनल केविन फैरेल ने दस्तावेज पढ़ा। दस्तावेज को इस समारोह के आखिर में ताबूत में रख दिया गया। वेटिकन प्रेस कार्यालय ने बताया कि तीन दिन में लगभग 250,000 लोग पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने सेंट पीटर्स बेसिलिका पहुंचे। ताबूत को सील करने के अनुष्ठान के दौरान कार्डिनल जियोवानी बतिस्ता रे, पिएत्रो पारोलिन, रोजर महोनी, डोमिनिक मैम्बर्टी, मौरो गैम्बेटी, बाल्डासारे रीना और कोनराड क्रेजवेस्की भी मौजूद रहे। आर्कबिशप एडगर पेना पारा, आर्कबिशप इल्सन डी जीसस मोंटानारी, मोनसिग्नोर लियोनार्डो सैपिएन्जा, वेटिकन चैप्टर के कैनन, वेटिकन के साधारण माइनर पेनिटेंटियरीज, दिवंगत पोप के सचिव और पोंटिफिकल लिटर्जिकल समारोह के मास्टर और आर्कबिशप डिएगो रवेली ने इस रस्म के दौरान मदद की। सेंट पीटर बेसिलिका में अंतिम संस्कार की रस्म के वक्त भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और विदेशी प्रतिनिधिमंडल के नेता नजर आए।

राष्ट्रपति मुर्मू पोप फ्रांसिस के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 25 अप्रैल को वेटिकन सिटी पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मु ने पोप के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने सरकार और भारत के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त की। पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया था। उन्होंने कहा था कि भारत के लोगों के प्रति पोप का स्नेह हमेशा याद रखा जाएगा। भारत ने पोप के निधन पर तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया। भारत ने गुरुवार को घोषणा की कि 26 अप्रैल को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के सम्मान में राजकीय शोक मनाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि पूरे भारत में उन सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है और कोई आधिकारिक मनोरंजन नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि पोप फ्रांसिस 13 मार्च, 2013 को पोप बेनेडिक्ट (सोलहवें) से पदभार ग्रहण करने के बाद रोमन कैथोलिक चर्च का नेतृत्व करने वाले पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे।



# तीन और आतंकियों का घर ध्वस्त

**पहलगाम हमला**

**सुरक्षाबलों ने शोपियां, कुलगाम और पुलवामा में तीन लश्कर आतंकियों के घरों को उड़ाया**

एजेंसी

**श्रीनगर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारतीय सुरक्षाबलों ने शुक्रवार रात को जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों शोपियां, कुलगाम और पुलवामा में तीन कुख्यात आतंकियों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया। ये सभी आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। शोपियां में लश्कर के शीर्ष कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे का घर गिरा दिया गया। वह पिछले 3-4 वर्षों से आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त था। कुलगाम में आतंकी जाहिद अहमद का घर तोड़ा गया। पुलवामा में आतंकियों अहसान उल हक, एहसान अहमद शेख और हारिस अहमद के घरों को विस्फोट से ध्वस्त किया गया। इससे पहले, गुरुवार को भी दो आतंकियों आदिल हुसैन और आसिफ शेख के घरों को भी उड़ा दिया गया था। इन दोनों पर पहलगाम हमले में शामिल होने का शक है, जहां बैसरण घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की गई थी। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पहलगाम हमले में शामिल संदिग्ध तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए गए। पुलिस ने हमलावरों के स्केच जारी कर दिए हैं और दो पाकिस्तानी संदिग्धों को पकड़ने में मदद करने वालों को 20 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। भारत ने इस हमले के जवाब में पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है।



## कुलगाम में दो आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**▸▸ कुपवाड़ा में आतंकी ठिकाने का पर्दाफाश, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद जब्त**

**कुलगाम।** सुरक्षाबलों ने संयुक्त कार्रवाई में कुलगाम के कैमोह में नाके के दौरान शनिवार को आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान बिलाल अहमद भट पुत्र अब्दुल सलाम भट और मोहम्मद इस्माइल भट पुत्र गुलाम मोहम्मद भट दोनों निवासी थोकरपोरा कैमोह के रूप में हुई है। उनके कब्जे से दो पिस्तौल, 25 पिस्तौल राउंड, दो पिस्तौल मैगजीन सहित हथियार गोला-बारूद बरामद किया है।

इधर कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने मौके से पांच एके-47 राइफल, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल और एक पिस्तौल मैगजीन बरामद की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मुश्ताकाबाद माछिल के सेदोरी नाला के जंगली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का सफलतापूर्वक पता लगाया गया।

## एलओसी पर पाक की नापाक हरकत

## सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब



**श्रीनगर।** पाकिस्तान ने कश्मीर घाटी में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर में अधिकारी ने कहा कि 25-26 अप्रैल की मध्य रात्रि कश्मीर में एलओसी के पार पाकिस्तान की कई सैन्य चौकियों ने गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि भारतीय जवानों ने इस उल्लंघन का करारा जवाब दिया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह घटना पहलगाम आतंकवादी हमला के बाद बढ़े तनाव के बीच हुई, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। 25-26 अप्रैल की मध्य रात्रि कश्मीर में एलओसी के पार पाकिस्तान की कई सैन्य चौकियों से बिना उकसावे के गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने संघर्ष विराम उल्लंघन का मुंह तोड़ जवाब दिया। भारत ने संकल्प लिया है कि वह पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को खोज निकालेगा।

## सिंधु संधि रद्द करने पर बिलबिलाया पाकिस्तान

**भारत ने पानी रोका तो नदियों में बहेगा खून : बिलावल भुट्टो**

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने के भारत के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने धमकी दी कि अगर पानी रोका गया तो नदियों में खून बहेगा।पूर्व विदेश मंत्री कहा कि सिंधु हमारी है और हमारी ही रहेगी या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका खून। बिलावल ने यह बात शुक्रवार को अपने गृह प्रांत सिंध के सुक्कुर इलाके में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कही। सिंधु नदी प्रांत से होकर बहती है और सिंधु घाटी सभ्यता का शहर मोहनजोदड़ो इसके किनारों पर बसा था। बिलावल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि भारत हजारों साल पुरानी सभ्यता का उत्तराधिकारी है, लेकिन मोहनजोदड़ो सभ्यता लरकाना में है। हम इसके सच्चे संरक्षक हैं और हम इसकी रक्षा करेंगे। बिलावल ने कहा कि मोदी सिंध और सिंधु के लोगों के बीच सदियों पुराने रिश्ते को नहीं तोड़ सकते। उन्होंने कहा किभारत सरकार ने पाकिस्तान के पानी पर अपनी नजरें टिका रखी हैं और हालात की मांग है कि चारों प्रांतों को अपने पानी की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा।



### एक्शन से घबराए पाक आर्मी चीफ मुनीर ने फिर उगला जहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने शनिवार को एक बार फिर जहर उगला है। मुनीर ने कहा कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। शनिवार को मुनीर खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में कैडेटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। अपने विवादित बयानों के लिए कुख्यात मुनीर ने कहा कि उनके पूर्वजों का मानना था कि हिंदू और मुसलमान जीवन के हर संभव पहलू में अलग हैं। करीब एक हफ्ते पहले भी एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुनीर ने विदेश में रहने वाले पाकिस्तानियों से अपने बच्चों को देश की कहानी सुनाने को कहा था। मुनीर ने कहा कि मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं में हिंदुओं से अलग हैं। मुनीर आकाओं के इशारे पर पाकिस्तान की आवाम में अपनी ही सरकार के खिलाफ उठ रही विद्रोह की आवाज को भटकाने के लिए ऐसे ऊल-जलूल बयान देते रहते हैं।

## अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गये

**▸▸ गुजरात सरकार ने घुसपैठियों को 2 दिनों में सरेंडर करने का दिया अल्टीमेटम**

एजेंसी

**सूरत।** गुजरात सरकार के निर्देश पर राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ महाअभियान शुरू किया गया। शुक्रवार-शनिवार रात राज्य में अब तक के सबसे बड़े अभियान की शुरूआत करते हुए अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। सूरत पुलिस आयुक्त कार्यालय में शनिवार को गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, रेंज आईजी, लॉ एंड ऑर्डर समेत आईबी कि उच्चाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की।

उन्होंने सभी अधिकारियों को इस अभियान को तेज करने के साथ सख्त से सख्त कदम उठाने का निर्देश दिए। संघवी ने पुलिस अधिकारियों से बांग्लादेशी घुसपैठियों की सभी गतिविधियों के संबंध में सूक्ष्म जांच करने को कहा। संघवी ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को दो दिनों में अपने समीप के पुलिस थाने में सरेंडर करने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध प्रशासन कठोर कार्रवाई करेगा। संघवी ने अवैध घुसपैठियों को आश्रय देने वालों के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर अहमदाबाद पुलिस आयुक्त के कार्यालय में डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि एक ही रात में अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए हैं। फर्जी दस्तावेज बनाने वाले बंगाल के आपराधिक नेटवर्क के संबंध में अभी जांच जारी है। पकड़े गए बांग्लादेशियों की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें उनके मूल देश बांग्लादेश भेज दिया जाएगा।

### सभी पाकिस्तानी को बिहार से वापस जाना पड़ेगा : सम्राट चौधरी

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की हत्या के बाद भारत सरकार ने आतंकवाद प्रायोजित करने वाले पाकिस्तान के नागरिकों का वीजा रद्द करने का जो फैसला लिया है, वह बिहार में भी पूरी तरह लागू होगा। हर पाकिस्तानी नागरिक को वापस जाना पड़ेगा। चौधरी ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ देने को कहा गया है और यह समय सीमा कल 27 अप्रैल को समाप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में जो पाकिसानी नागरिक रह रहे हैं , उनकी पहचान कर ली गई है और जरूरत पड़ी तो उन्हें डिपोर्ट भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वीजा रद्द होने के बाद किसी पाकिस्तानी के यहाँ रहने का कोई सवाल ही नहीं है।

### श्रीनगर में 63 आतंकियों के सहयोगियों के आवासों पर पुलिस ने की छापेमारी

**श्रीनगर।** श्रीनगर पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के 63 आतंकवादी सहयोगियों के आवासों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की जांच को आगे बढ़ाने के लिए शहर भर में कई स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। पुलिस ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के अपने अथक प्रयासों में श्रीनगर पुलिस ने यूएपी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में शामिल आतंकवादी सहयोगियों के आवासों पर शहर भर में तलाशी ली। तलाशी जम्मू-कश्मीर पुलिस के अधिकारियों की देखरेख में कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उचित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार की गई। तलाशी हथियार, दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस आदि जब्त करने के लिए की गई जिसका उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी षड्यंत्रकारी या आतंकवादी गतिविधि का पता लगाने और उसे रोकने के लिए साक्ष्य संग्रह और खुफिया जानकारी एकत्र करना था।

## जून से अगस्त तक होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**▸▸ इस वर्ष 50-50 यात्रियों के 15 बैच जायेगा, उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे के रास्ते से पांच बैच और सिक्किम में नाथू ला दर्रे के रास्ते से 10 बैच जायेंगे**

**▸▸ केएमवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर रजिस्ट्रेशन प्रारंभ**

एजेंसी

नयी दिल्ली। तिब्बत में स्थित कैलाश मानसरोवर की यात्रा छह वर्ष के बाद फिर से शुरू होने जा रही है और विदेश मंत्रालय ने इसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के दौरान आयोजित की जाएगी। इस वर्ष 50-50 यात्रियों के कुल 15 बैच जाएंगे जिनमें से पांच बैच, उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे के रास्ते से और 10 बैच सिक्किम में नाथू ला दर्रे के रास्ते से जाएगी। लिपुलेख दर्रे से होकर जाने पर 22 दिन और नाथू ला दर्रे से होकर 21 दिन का समय लगेगा। विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बनी विशिष्ट वेबसाइट केएमवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण शुरू कर दिया है। यात्रियों का चयन आवेदकों में से एक निष्पक्ष, कंप्यूटर-जनित, याद्दच्छिक और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। उत्तराखंड के रास्ते से जाने वाले यात्रियों को अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा। लिपुलेख दर्रे तक सड़क बन गई है। उन्हें केवल सीमा पार करने के लिए करीब एक किलोमीटर ही चलना होगा।

यात्रा की खर्च के बारे में वेबसाइट में बताया गया है कि उत्तराखंड वाले मार्ग के लिए लगभग एक लाख 74 हजार रुपये तथा सिक्किम के रास्ते से जाने वालों के लिए दो लाख 83 हजार रुपये प्रति यात्री का शुल्क लिया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यात्रा के चयन तक ऑनलाइन आवेदन के साथ शुरू होने वाली पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया है। इसलिए, आवेदकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर प्रतिक्रिया विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, टिप्पणियों को पंजीकृत करने या सुधार के लिए सुझाव देने के लिए किया जा सकता है।



### रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक बने अनंत अंबानी



**नयी दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत को एक मई से पांच साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। रिलायंस ने शेयर बाजार को दी और कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार किया और गैर-कार्यकारी निदेशक अनंत एम. अंबानी को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया। उन्हें कंपनी का कार्यकारी निदेशक नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति एक मई, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए होगी।

